# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

रविवार, 31 मई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 146, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


**भारत-ईएईयू सीमित व्यापार समझौते पर कर रहे चर्चा**

भारत और यूरेशियन आर्थिक संघ एक प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के तहत कुछ चुनिंदा सामानों के लिए सीमित और अस्थायी व्यापार व्यवस्था पर चर्चा कर रहे हैं। } 10

**जनसांख्यिकी परिवर्तन पर कड़ी नजर रखें डीएम**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जिलाधिकारियों को सीमावर्ती जिलों में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों की कड़ी निगरानी करने और नियमित रूप से रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। } 12



## प्रदेश में 1 जून से महंगी हो जायेगी बिजली

### ईंधन महंगा होने से 10 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज लगायेगी सरकार

वरिष्ठ संवाददाता



लखनऊ। यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड बिजली बिल में 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा चार्ज लगाने का फैसला किया है। ये चार्ज जून में आने वाले बिजली बिल में जुड़कर आएगा। इससे यूपी के तीन करोड़ से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं की जेब ढीली होगी। यानी अब बिजली उपभोक्ताओं को 10 फीसदी अतिरिक्त पैसा देना होगा। अगर आपका 100 रुपये का बिल आएगा तो उस पर 10 रुपये ज्यादा देने होंगे। सूत्रों के अनुसार जुलाई महीने में भी इसी प्रकार का 10 प्रतिशत अधिभार वसूला जा सकता है, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरक्ति आर्थिक बोझ पड़ने की आशंका है। प्रदेश में लगभग 3.73 करोड़ बिजली उपभोक्ता हैं और इस निर्णय का सीधा असर घरेलू, व्यावसायिक तथा अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने इसका विरोध करते हुए कहा कि फरवरी 2026 में भी 10 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज लगाया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि भीषण गर्मी, बिजली संकट, महंगाई तथा पेट्रोल-डीजल और दैनिक उपभोग की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के बीच बिजली दरों में यह अतिरिक्त वृद्धि आम उपभोक्ताओं के लिए बड़ी परेशानी साबित होगी। वर्मा ने दावा किया कि विद्युत नियामक आयोग (यूपीईआरसी) के टैरिफ आदेश में स्वीकृत वास्तविक वद्यिुत क्रय लागत 4.94 रुपये प्रति यूनिट थी, जबकि मार्च 2026 में बिजली खरीद की कीमत लगभग 5.86 रुपये प्रति यूनिट दर्शाकर उपभोक्ताओं पर करीब 1,610 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ डाला गया है। उन्होंने मांग की कि मार्च 2026 में महंगी बिजली किन निजी विद्युत उत्पादक कंपनियों से खरीदी गई और किन परिस्थितियों में खरीदी गई, इसकी निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। उपभोक्ता परिषद का आरोप है कि मार्च माह के फ्यूल सरचार्ज में पूर्व अवधि के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## केजीएमयू परिसर से हटायी जायेंगी अवैध दरगाह

### ❍ अतिक्रमण के चलते लिया गया निर्णय ❍ वक्फ ट्रिब्यूनल का रुख कर सकते हैं याची : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता



लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राजधानी के केजीएमयू स्थित दरगाह हजरत मखदूम शाह मीना साहब व हाजीउल हरमैन शाह की जमीन की सुरक्षा, कथित अतिक्रमण हटाने और धार्मिक गतिविधियों में हस्तक्षेप रोकने की मांग को लेकर दाखिल याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में वक्फ अधिनियम के तहत प्रभावी वैधानिक उपाय उपलब्ध है, इसलिए याची वक्फ ट्रिब्यूनल का रुख कर सकते हैं।

यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की पीठ ने सैयद बाबर इस्लाम व एक अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर पारित किया। याचिका में कहा गया था कि दोनों दरगाहों की संपत्तियों का समुचित संरक्षण नहीं किया जा रहा है। आरोप लगाया गया कि कुछ भूमि पर अतिक्रमण है और केजीएमयू प्रशासन की ओर से दरगाह की जमीन को लेकर गतिविधियां की जा रही हैं। याचियों ने अदालत से धार्मिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में किसी प्रकार का हस्तक्षेप न करने, कथित अतिक्रमण हटाने और दरगाह की संपत्ति को सुरक्षित रखने ...शेष पृष्ठ 10 पर

### कुलपति की नियुक्ति रद्द करना मनमाना हाईकोर्ट ने की बहाली

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज (अयोध्या) के कुलपति पद पर चयनित कृषि वैज्ञानिक डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह की नियुक्ति रद्द करने के आदेश को मनमाना और असंवैधानिक करार देते हुए निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार व विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देश दिया है कि डॉ. सिंह को तत्काल कुलपति पद ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

### आज आईपीएल का फाइनल मुकाबला




अहमदाबाद। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार दूसरी बार खिताब जीतने के सपने को पूरा करने के लिए रविवार को मैदान में उतरेगी तो उसके सामने गुजरात टाइटंस की कड़ी चुनौती होगी, जिससे इस मुकाबले में दो अलग-अलग खेल शैलियों की टक्कर देखने को मिलेगी। आरसीबी ने अपने आक्रामक और बेखौफ अंदाज से टूर्नामेंट में दबदबा कायम किया है, तो वहीं टाइटंस ने धैर्य और संयमित खेल से प्रभावित करते हुए पांच वर्षों में तीसरी बार फाइनल का टिकट पक्का किया है।

### बुजुर्ग ने बच्ची के साथ किया दुष्कर्म

लखनऊ। ठाकुरगंज क्षेत्र में पड़ोसी मुस्लिम बुजुर्ग ने सात साल की हिन्दू बच्ची को बिस्कुट देने के बहाने घर में बुलाकर कमरे में बंद कर दिया और बच्ची के शोर मचाने पर उसका मुंह दबाकर रेप किया। मासूम के काफी देर तक गायब होने पर परिजनों की उसकी तलाश शुरू की। कुछ देर में मासूम बच्ची रोती हुई घर पहुंची और उसके साथ हुई घटना की परिजनों को जानकारी दी। इस पर आक्रोशित परिजन मुस्लिम बुजुर्ग के घर पहुंचे और उसे पकड़ कर पीटने के बाद ठाकुरगंज पुलिस के हवाले कर कर दिया। पुलिस ने बच्ची का चिकित्सकीय परीक्षण कराया और आरोपी को पॉक्सो एक्ट समेत कई संगीन धाराओं में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। क्षेत्र में तनाव को देखते हुए पुलिस तैनात कर दी गयी है।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 42.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- ❍ नैमिषारण्य का राम-जानकी मंदिर निजी ट्रस्ट (पृष्ठ-02)
- ❍ साइकिल से अदालत पहुंचे न्यायिक अधिकारी (पृष्ठ-02)
- ❍ आर्थिक गतिविधियों में आ सकती नरमी (पृष्ठ-10)
- ❍ ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए तैयार रहे सेना (पृष्ठ-10)
- ❍ भारत के सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर हैं मोदी : शेखावत (पृष्ठ-10)


# लखनऊ में नौसेना शौर्य वाटिका का लोकार्पण

### ❍ युद्धपोत आईएनएस गोमती होगा मुख्य आकर्षण ❍ रक्षामंत्री ने रिटायर हो चुकी पनडुब्बी भी मंगवाने का दिया भरोसा

विशेष संवाददाता



लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारतीय सेनाओं की स्मृतियों को सहेजने वाली वाटिकाएं और संग्रहालय सेना से आत्मीय रिश्ते को फिर से जीवंत कर लोगों में उसके प्रति कृतज्ञता का भाव उत्पन्न करते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ यहां इकाना स्टेडियम के पास नौसेना शौर्य वाटिका का लोकार्पण करने के बाद अपने सम्बोधन में रक्षा मंत्री ने कहा कि यह पार्क कोई साधारण पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि एक जीवंत प्रेरणास्थल है और यह शौर्य वाटिका आने वाली पीढ़ियों को यह बताएगी कि आजादी और सुरक्षा की कीमत क्या होती है। उन्होंने कहा कई लोग यह सोच सकते हैं कि आखिर इस तरह की शौर्य वाटिका का लखनऊ में क्या काम है, लेकिन इस पर हमें सोचने की जरूरत है कि हमारी सीमाओं की हिफाजत करने वाले हमारे सैनिकों का जो बलिदान है, उनका रोज का जो संघर्ष है, उससे हमारा आत्मीय रिश्ता रोजमर्रा की भागदौड़ में पीछे छूट जाता है। उन्होंने कहा, ऐसे में यह शौर्य वाटिका हमें एक बार रुक कर सोचने पर मजबूर करेगी कि जिन लोगों की वजह से हमारी यह सारी जिंदगी सुरक्षित चल रही है, उनका योगदान हमारी जिंदगी में कितना बड़ा है। उनके प्रति हमारी नयी पीढ़ी कृतज्ञता का अनुभव करेगी, ऐसा मेरा विश्वास है। उन्होंने शौर्य वाटिका में प्रदर्शन के लिये नौसेना से रिटायर हो चुकी एक पनडुब्बी भी मंगवाने का भरोसा दिलाया। सिंह ने कहा कि उनके पास स्कूलों, कॉलेजों और संस्थाओं से पत्र आते रहते हैं कि उन्हें अपने यहां प्रदर्शन के लिये सेना से निष्प्रयोज्य हो चुके टैंक, लड़ाकू विमान या हेलीकॉप्टर चाहिये। उन्होंने कहा मेरा हमेशा यही प्रयास रहता है कि जिन उपकरणों ने दशकों तक हमारे देश की सेवा की है वे रिटायर होने के पश्चात स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय में प्रदर्शित हों। क्योंकि जब हमारी नई पीढ़ी उन्हें अपनी आंखों के सामने देखेगी, उन्हें स्पर्श करेगी तो उसके भीतर ...शेष पृष्ठ 10 पर

### आत्मनिर्भर होने की दिशा में बढ़ रहा है भारत का रक्षा क्षेत्र : राजनाथ

लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत का रक्षा क्षेत्र पूरी तरह से आत्मनिर्भर होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा रक्षा उत्पादन 2014 के 46 हजार करोड़ रुपये के मुकाबले अगले महीने पौने दो लाख करोड़ रुपये का हो जाएगा। सिंह ने अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ में नौसेना शौर्य वाटिका का लोकार्पण करने के बाद अपने सम्बोधन में ...शेष पृष्ठ 10 पर

### समुद्री सीमा की रक्षा में उप्र का रहा है विशेष योगदान : नौसेना प्रमुख

लखनऊ। भारतीय नौसेना के प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने नौसेना में उत्तर प्रदेश के योगदान पर प्रकाश डालते हुए शनिवार को कहा कि उत्तर प्रदेश भले ही चारों ओर से जमीन से घिरा राज्य है लेकिन इसके बावजूद उसका समुद्र से गहरा जुड़ाव है। एडमिरल त्रिपाठी यहां नौसेना शौर्य वाटिका के उद्घाटन के अवसर पर आये थे। नौसेना शौर्य वाटिका एक संग्रहालय है ...शेष पृष्ठ 10 पर

### विषम परिस्थितियों में भी डटे रहते हैं भारतीय सैनिक : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब हम सुरक्षा के मोर्चे पर मजबूत होंगे तो दुनिया भी मैत्री करेगी। कमजोर के आगे कोई नहीं झुकता। हम जब अधूरी बात कहते हैं तो वह अर्थ का अनर्थ करता है, इसलिए पूरी बात कहना सीखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब सोच बड़ी होती है और व्यक्ति बड़े लक्ष्य के साथ आगे बढ़ता है तो सकारात्मक परिणाम आता है, जो युवाओं को नई प्रेरणा प्रदान करता है। इस वाटिका में आने वालों को भारतीय नौसेना के बारे में जानकारी मिलेगी। हमारे सैनिक किन सम-विषम परिस्थितियों में कार्य करते हैं, यह भी जानने का अवसर मिलेगा। यह जानकारी युवाओं के जीवन में चुनौतियों से जूझने की प्रेरणा होगी। नौसेना का लक्ष्य उसकी विराट सोच का प्रतीक है। सीएम ने आदर्श वाक्य नभः स्पृशं दीप्तम का जिक्र किया और कहा कि आकाश की ऊंचाइयां छूने के लिए बड़ी सोच भी चाहिए। संकुचित सोच या भाव से बड़े लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ...शेष पृष्ठ 10 पर

## हिंसा पीड़ितों से मिलने पहुंचे अभिषेक बनर्जी पर हमला



एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के सोनारपुर इलाके में चुनाव बाद हिंसा के पीड़ितों के परिवारों से मिलने पहुंचे तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के साथ शनिवार को कथित तौर पर स्थानीय लोगों ने दुर्व्यवहार किया और उन पर अंडे, जूते तथा पत्थर फेंके गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद पर अज्ञात लोगों ने पत्थर, जूते और अंडे फेंके तथा उनको लात-घूंसे मारने की कोशिश भी की। इस दौरान उन्होंने चोर-चोर के नारे भी लगाए। टेलीविजन पर प्रसारित वीडियो में बनर्जी को पुलिस की सुरक्षा में इलाके से बाहर ले जाते हुए देखा गया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा के लिए हेलमेट पहना हुआ था और उनकी कमीज फटी हुई थी। चुनाव बाद हुई हिंसा में जान गंवाने वाले एक व्यक्ति के परिवार से मुलाकात के दौरान बनर्जी ने कहा, ...शेष पृष्ठ 10 पर

## विकसित भारत के लिए उच्च शिक्षा सबसे बड़ी शक्ति

### तकनीकी क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वालों का भविष्य उज्जवल : धामी

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। भारत को वर्ष 2047 तक विकसित देशों की श्रेणी में स्थापित करने के लिए शिक्षा, अनुसंधान और तकनीकी नवाचार को विकास की मुख्य धुरी बनाना होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वैश्विक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है और भविष्य उन्हीं देशों का होगा जो ज्ञान, विज्ञान और नई तकनीकों के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। शिवालिक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में आयोजित विकसित भारत-2047 के निर्माण में उच्च शिक्षा का महत्व विषय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की नई शिक्षा व्यवस्था युवाओं को केवल डिग्रीधारी बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें सक्षम, आत्मनिर्भर और नवाचारोन्मुख नागरिक बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने शिक्षा को रोजगार, कौशल और शोध से जोड़कर नई सोच को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों को ऐसे ज्ञान केंद्रों के रूप में विकसित किया जाना चाहिए जहां नई तकनीकों पर शोध हो, सामाजिक चुनौतियों के समाधान तलाशे जाएं और विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा उत्तीर्ण करना नहीं, बल्कि नेतृत्व क्षमता, सृजनशीलता और नवाचार की भावना को विकसित करना होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल युग में भारतीय युवाओं के सामने अभूतपूर्व अवसर उपलब्ध हैं। अंतरिक्ष मिशनों से लेकर सूचना प्रौद्योगिकी, रक्षा निर्माण और स्वास्थ्य सेवाओं तक भारत ने अनेक क्षेत्रों में अपनी क्षमता का परिचय दिया है। इन सफलताओं के पीछे देश की युवा शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में ...शेष पृष्ठ 10 पर

## आईएसआई-अंडरवर्ल्ड आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, 9 गिरफ्तार

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने आईएसआई-मुंबई अंडरवर्ल्ड नेटवर्क से जुड़े उन नौ संदिग्ध गुर्गों को गिरफ्तार किया है, जो राष्ट्रीय राजधानी में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और सुरक्षा कर्मियों पर हमलों की कथित तौर पर साजिश रच रहे थे। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि अभियान के दौरान आरोपियों के पास से हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए हैं।

इसने बताया कि खुफिया जानकारी पर आधारित एक अभियान के बाद इन लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस मॉड्यूल पर कुछ समय से निगरानी रखी जा रही थी, जिसके बाद इसके सदस्यों को गिरफ्तार करने के लिए समन्वित कार्वाई की गई। उन्होंने बताया कि कथित तौर पर ये नौ गुर्गे पाकिस्तान की जासूसी एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलीजेंस और मुंबई के अंडरवर्ल्ड से जुड़े लोगों के इशारे पर काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उन्हें कथित तौर पर दिल्ली में संवेदनशील ठिकानों पर हमले करने का काम सौंपा गया था। पुलिस ने कहा कि आरोपी सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ने और सुरक्षा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के उद्देश्य से की गई गतिविधियों में कथित तौर पर शामिल थे। पुलिस ने बताया कि नेटवर्क के पूरे दायरे का पता लगाने, इनके अन्य साथियों की पहचान करने और बरामद देखिए इन्होंने मेरे साथ क्या किया है।

विशेष खबर **1900 से अधिक नर्सरियों में तैयार किये जा रहे 52.44 करोड़ पौधे, गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे लगेंगे 5.50 लाख पौधे**

## जनसहभागिता से 35 करोड़ पौधरोपण करेगी सरकार

विशेष संवाददाता



**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग पौधरोपण महाभियान-2026 की तैयारी में जुट गया है। इस बार मानसून सीजन में 35 करोड़ पौधरोपण प्रस्तावित है। सभी विभागों, संस्थाओं, स्कूल-कॉलेज, सामाजिक संगठनों आदि के सहयोग से व्यापक जनसहभागिता के साथ इस महाभियान को उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। विभागों, मंडलों व जनपदों के लक्ष्य प्रस्तावित किये जा चुके हैं। कई विशिष्ट वनों की स्थापना होगी। गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे व्यापक पौधरोपण होगा।**

**रामकुमार, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक**
**मिशन डायरेक्टर, पौधरोपण महाभियान**

लखनऊ। योगी सरकार के निर्देश पर वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग पौधरोपण महाभियान-2026 की तैयारियों में जुट गया है। इस वर्ष भी मानसून सीजन में जनसहभागिता से 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। इसके निमित्त 1900 से अधिक नर्सरियों में 52.44 करोड़ पौधे तैयार किए जा रहे हैं। विगत 9 वर्ष में उत्तर प्रदेश ने 242 करोड़ से अधिक पौधरोपण किया है। नोडल विभाग (वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन) सर्वाधिक 15 करोड़ से अधिक पौधरोपण करेगा। इसे लेकर जिला वृक्षारोपण समिति की नियमित बैठकें भी चल रही हैं। इस बार भी कई नवीन वन स्थापित होने के साथ ही गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे भी 5.50 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इसके साथ ही विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) को भी वृहद पौधरोपण कार्यक्रम होगा। मानसून सीजन में वृहद पौधरोपण के लिए वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग निरंतर बैठक, संवाद स्थापित कर रहा है। इसके साथ ही पौधों को लेकर भी विभाग की तैयारी चल रही है। 1900 से अधिक नर्सरियों में 52.44 करोड़ पौधे तैयार कराया जा रहा है। इसमें औद्योगिक व इमारती, चारा व शोभाकार, पर्यावरणीय, फलदार, औषधीय समेत सभी प्रकार के पौधे तैयार किए जा रहे हैं। इस बार विशेष रूप से गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे पौधे लगाए जाएंगे। 594 किमी. लंबे गंगा एक्सप्रेसवे की दोनों पटरियों पर वन विभाग 500 हेक्टेयर क्षेत्र में 5.50 लाख पौधरोपण करेगा। दोनों पटरी पर हर एक किमी. पर हरिशंकरी रोपा जाएगा, जबकि बीच-बीच में पीपल, पाकड़, बरगद, नीम, गूलर, महुआ, आम, अर्जुन, चिलबिल, अमलतास, कचनार, जकरकंडा, गुलमोहर आदि प्रजातियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इनकी सुरक्षा के लिए तार से फेंसिंग व सिंचाई के लिए ड्रिप इरीगेशन सुनिश्चित की जाएगी। सरकार प्रत्येक वर्ष नवीन विशिष्ट वन स्थापित करती है। इस थीम के अंतर्गत पौधरोपण महाभियान-2026 में इस वर्ष महर्षि चरक औषधि वन, समरस वन, समृद्धि वन, कृषि वन, ऊर्जा वन, कपि वन समेत अनेक नवीन वन स्थापित किए जाएंगे। अभियान का प्रमुख हिस्सा मिशन छाया, अविरल ...शेष पृष्ठ 10 पर

## नौ आरटीओ और 26 एआरटीओ का तबादला

वरिष्ठ संवाददाता

**❍ अरुण कुमार वार्ष्णेय बने लखनऊ के आरटीओ प्रशासन**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सरकारी कर्मियों के तबादले के दौर में शुक्रवार देर रात परिवहन विभाग के अधिकारियों का भी ट्रांसफर किया गया। तबादले के क्रम में नौ आरटीओ और 26 एआरटीओ का ट्रांसफर किया गया है। विशेष सचिव केपी सिंह ने ट्रांसफर लिस्ट जारी की है। संभागीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) प्रशासन लखनऊ संजय कुमार तिवारी का आगरा तबादला किया गया है। संजय कुमार तिवारी ने 30 जून 2024 में लखनऊ के आरटीओ प्रशासन का चार्ज लिया था। अरुण कुमार वार्ष्णेय अब आरटीओ प्रशासन लखनऊ का चार्ज लेंगे। अयोध्या के आरटीओ, प्रवर्तन विश्वजीत प्रताप सिंह अयोध्या में ही आरटीओ, प्रशासन बनाए गए हैं। मुख्यालय में तैनात सहायक परिवहन आयुक्त, सड़क सुरक्षा दिनेश कुमार को आरटीओ प्रवर्तन अलीगढ़, गोरखपुर के आरटीओ प्रवर्तन संजय कुमार झा को अयोध्या का आरटीओ प्रवर्तन, मीरजापुर के आरटीओ प्रवर्तन रविकांत शुक्ल को मुख्यालय, आरटीओ प्रशासन अयोध्या ऋतु सिंह को सहायक ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# हाई कोर्ट ने नैमिषारण्य के राम-लक्ष्मण-जानकी मंदिर को माना निजी ट्रस्ट

## कोर्ट ने कहा कि केवल इस आधार पर कि आम लोग मंदिर में दर्शन-पूजन करते रहे हैं, ट्रस्ट को सार्वजनिक नहीं माना जा सकता

विधि संवाददाता



**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सीतापुर के नैमिषारण्य स्थित श्री राम-लक्ष्मण-जानकी विराजमान मंदिर ट्रस्ट से जुड़े लंबे समय से चले आ रहे विवाद में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए ट्रस्ट को निजी (प्राइवेट) ट्रस्ट माना है। कोर्ट ने कहा कि केवल इस आधार पर कि आम लोग मंदिर में दर्शन-पूजन करते रहे हैं, ट्रस्ट को सार्वजनिक नहीं माना जा सकता।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की एकलपीठ ने मूलचंद्र व अन्य की ओर से दाखिल दोनों प्रथम अपीलों को खारिज करते हुए निचली अदालत के निर्णय को बरकरार रखा।

मामला मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधन और सरवराहकार (प्रबंधक) की नियुक्ति को लेकर था। अपीलकताओं ने दावा किया था कि यह एक सार्वजनिक धार्मिक ट्रस्ट है, इसलिए सिविल प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) की धारा 92 के तहत ट्रस्ट के प्रबंधन में हस्तक्षेप और नए प्रबंधक की नियुक्ति की मांग की जा सकती है।

वहीं ट्रस्ट की ओर से कहा गया कि मंदिर और ट्रस्ट की स्थापना गुलजारी लाल ने अपने आवासीय परिसर में की थी तथा इसकी व्यवस्था उनके द्वारा बनाई गई निजी योजना के अनुसार संचालित होती रही है।

मामले में फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि केवल इस आधार पर कि आम लोग मंदिर में दर्शन-पूजन करते रहे हैं, ट्रस्ट को सार्वजनिक नहीं माना जा सकता। पीठ ने पाया कि ट्रस्ट का नियंत्रण और प्रबंधन संस्थापक तथा उनके उत्तराधिकारियों के पास रहा तथा ट्रस्ट की संपत्तियां भी मंदिर के रखरखाव के लिए समर्पित थीं। ऐसे में यह एक निजी ट्रस्ट है।

पीठ ने स्पष्ट किया कि सीपीसी की धारा 92 केवल सार्वजनिक धार्मिक या धर्मार्थ ट्रस्टों पर लागू होती है। चूंकि संबंधित ट्रस्ट निजी प्रकृति का है, इसलिए धारा 92 के तहत दायर वाद पोषणीय नहीं है। कोर्ट ने सरवराहकार के पद को लेकर भी अपीलकताओं की दलीलें खारिज कर दीं। कोर्ट ने कहा कि पूर्व में विभिन्न मुकदमों में शिवगोपाल को ट्रस्ट का वैध सरवराहकार माना जा चुका है और वे निर्णय अंतिम रूप ले चुके हैं। उनके बाद श्री नारायण के सरवराहकार बनने पर भी ट्रस्ट समिति के किसी सदस्य ने आपत्ति नहीं की।

पीठ ने यह भी माना कि सरवराहकार के पद से जुड़ा विवाद पहले ही न्यायिक रूप से तय हो चुका है, इसलिए उसी मुद्दे को दोबारा उठाने पर रेस जुडीकाटा (पूर्व निर्णय के कारण पुनर्विचार पर रोक) का सिद्धांत लागू होगा।

इन निष्कर्षों के आधार पर हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट द्वारा वर्ष 2022 में दिए गए फैसले को सही ठहराते हुए मूलचंद्र व अन्य की अपीलें निरस्त कर दीं तथा श्री राम-लक्ष्मण-जानकी विराजमान मंदिर ट्रस्ट के पक्ष में पारित डिक्री को बरकरार रखा।

- आम लोग मंदिर में दर्शन-पूजन करते रहे हैं, ट्रस्ट को सार्वजनिक नहीं माना जा सकता

# गंभीर धाराएं जुड़ने से पहले आरोपी को नयी जमानत लेने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता



**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कहा है कि किसी मुकदमे में गंभीर और गैर-जमानती धाराएं जोड़ने की केवल प्रस्तावित कार्यवाही के आधार पर आरोपितों को आत्मसमर्पण कर नई जमानत लेने का आदेश नहीं दिया जा सकता। जब तक नई धाराएं विधिवत आरोप के रूप में जोड़ी या परिवर्तित नहीं कर दी जातीं, तब तक आरोपी को नई जमानत लेने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। यह आदेश न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह की पीठ ने गोंडा के एक पॉक्सो मामले में दाखिल धारा 482 की याचिका पर पारित किया।

मामले में वर्ष 2020 में दर्ज एफआईआर में शुरू में केवल छेड़छाड़ और धमकी देने के आरोप लगाए गए थे। बाद में पीड़िता के न्यायालय में दिए गए बयान के आधार पर सरकारी पक्ष ने आईपीसी की धारा 376-डीए और पॉक्सो अधिनियम की धारा 5(जी)/6 के तहत आरोप जोड़ने की मांग की। ट्रायल कोर्ट ने आरोपों में संशोधन की कार्यवाही शुरू करते हुए आरोपितों को अदालत में उपस्थित होकर जमानत लेने का निर्देश दिया था। याचियों की ओर से दलील दी गई कि अभी केवल आरोपों में परिवर्तन का प्रस्ताव है, नई धाराएं अंतिम रूप से जोड़ी नहीं गई हैं। ऐसे में आत्मसमर्पण कर नई जमानत लेने का निर्देश कानून के अनुरूप नहीं है।

अपने फैसले में कोर्ट ने कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 216 के तहत आरोपों में परिवर्तन करने का अधिकार ट्रायल कोर्ट को है, लेकिन वर्तमान मामले में आरोप परिवर्तन की प्रक्रिया अभी लंबित है। अदालत ने आरोपितों को सुनवाई का अवसर दिया है और अभी यह तय नहीं हुआ है कि नई गंभीर धाराएं जोड़ी जाएंगी या नहीं। इसलिए इस स्तर पर आरोपितों को नई जमानत लेने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के जिन फैसलों का हवाला दिया गया है, उनमें यह सिद्धांत स्थापित है कि जब गंभीर नई धाराएं वास्तव में जोड़ दी जाती हैं, तब आरोपी को नई जमानत के लिए आवेदन करना पड़ सकता है। लेकिन प्रस्तावित आरोपों के चरण में यह व्यवस्था लागू नहीं होती।

### इसी आधार पर

- हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के 23 फरवरी 2026 के आदेश को उस सीमा तक निरस्त कर दिया, जिसमें आरोपितों को उपस्थित होकर जमानत लेने का निर्देश दिया गया था। हालांकि आरोपों में संशोधन से संबंधित शेष कार्यवाही को यथावत रखते हुए ट्रायल कोर्ट को कानून के अनुसार आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया है।

# 10 प्रतिशत अतिरिक्त फ्यूल सरचार्ज का निर्णय अविलंब वापस लें

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर 10 प्रतिशत अतिरिक्त फ्यूल सरचार्ज का निर्णय अविलंब वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आम जनता और किसानों के हितों के लिए संघर्ष करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने जारी बयान में कहा है कि एक ओर जहां प्रदेश की जनता लगातार बढ़ रहे पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों से परेशान है। डीजल, पेट्रोल के दाम सौ रुपये पार और गैस सिलेण्डर हजार रुपए पार हो गया है। वहीं, सरकार द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं पर जून 2026 से 10 प्रतिशत अतिरिक्त फ्यूल सरचार्ज का बोझ डाले जाने से उसकी रही सही कमर तोड़ने का कार्य किया गया है।

प्रदेश की राजधानी लखनऊ में जहां सरकार 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति का दावा करती है। वहीं, पूरे माह लगातार बिजली गुल रहने, 24 घंटे से लेकर सप्ताह तक आपूर्ति बाधित रहने, लाखों उपभोक्ताओं के प्रभावित होने, ट्रांसफॉर्मरों के फूंकने, फीडरों के फेल होने, उपकेंद्रों के घेराव, सड़क जाम, कर्मचारियों के बंधक बनाये जाने की घटनाएं हो रही हैं जिससे सरकार का दावा पूरी तरह खोखला साबित हुआ है। यदि राजधानी की यह स्थिति है तो प्रदेश के अन्य जिलों, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति का अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग की भूमिका भी गंभीर समीक्षा की अपेक्षा करती है। आयोग का उद्देश्य उपभोक्ता हितों की रक्षा करना है लेकिन उपभोक्ताओं की शिकायतों, स्मार्ट मीटर विवादों तथा वितरण कंपनियों की मनमानी के बावजूद जनता को अपेक्षित राहत नहीं मिल सकी। यदि आयोग के आदेशों और निर्देशों का प्रभावी अनुपालन नहीं हो रहा, तो यह भी एक गंभीर संस्थागत प्रश्न है।

उन्होंने पत्र में लिखा है कि प्रदेश की जनता के लिए सबसे बड़ा आश्चर्य और पीड़ा का विषय यह है कि एक ओर पूरे प्रदेश में बिजली संकट, ब्रेकडाउन, अघोषित कटौती, ट्रांसफॉर्मरों की विफलता, स्मार्ट मीटर विवाद तथा वितरण व्यवस्था की अव्यवस्था से लोग जूझ रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा फ्यूल सरचार्ज में 10 प्रतिशत वृद्धि किये जाने की सूचना भी सामने आ गई है। इसके परिणामस्वरूप जून माह से उपभोक्ताओं को अधिक बिजली बिल का भुगतान करना पड़ेगा, जो कमरतोड़ मंहगाई से पहले से ही जूझ रही आम जनता और किसानों को बहुत भारी पड़ेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने मांग की है सरकार केवल घोषणाओं और दावों तक सीमित न होकर विद्युत व्यवस्था में वास्तविक सुधार, जवाबदेही और पारदर्शिता स्थापित करने के लिए तत्काल ठोस कदम उठाएं और व्यापक जनहित और आम जनता एवं किसानों की दयनीय आर्थिक हालत को देखते हुए बढ़े हुए विद्युत मूल्य के निर्णय को तत्काल वापस लेकर आम जनता और किसानों को राहत दिलाने का काम करे।

# हज यात्रियों की वापसी कल से

**लखनऊ।** हज-2026 की लखनऊ उड़ान स्थल से वापसी उड़ानें दिनांक 01.06.2026 को रात्रि 10.15 बजे से आना प्रारम्भ होंगी, जो दिनांक 17.06.2026 तक जारी रहेंगी। हज यात्रियों को रिसीव करने चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनके परिजन व सगे-सम्बन्धियों से अनुरोध है कि वर्तमान में हवाई अड्डे पर निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके चलते हज यात्रियों को रिसीव करने कम से कम लोग हवाई अड्डे पहॅचें। पार्किंग स्थल की जगह भी कम होने के कारण अनुरोध है कि वाहनों की पार्किंग के लिए उड़ान पहुंचने के समय से आधा घण्टा पूर्व ही पहचें ताकि निर्माण कार्य के चलते एयरपोर्ट पर कम जगह होने के कारण वाहनों की पार्किंग में समस्या न हो व जाम की स्थिति न बने। यदि हज यात्रियों के सगे-सम्बन्धियों को वाहन थोड़ी देर तक पार्क करना हो तो अपना वाहन हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ में पार्क कर सकते हैं। लेकिन ध्यान रहे कि वापसी के समय हज हाउस में रुकने का कोई प्रबन्ध नहीं किया जाता है।

# साइकिल से अदालत पहुंचे न्यायिक अधिकारी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को जनपद लखनऊ के न्यायिक अधिकारियों ने साइकिल से न्यायालय पहुंचकर समाज को सकारात्मक संदेश दिया। जनपद न्यायाधीश लखनऊ मलखान सिंह के नेतृत्व में सभी न्यायिक अधिकारी प्रातः डालीबाग स्थित सेशंस हाउस से साइकिल द्वारा न्यायालय के लिए रवाना हुए।

जनपद न्यायाधीश मलखान सिंह ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में ईंधन संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शनिवार को न्यायिक अधिकारी साइकिल से न्यायालय आएंगे तथा जो अधिकारी साइकिल नहीं चला सकते, वे बैटरी रिक्शा का उपयोग करेंगे।

इस पहल का उद्देश्य न केवल ईंधन की बचत करना है, बल्कि आमजन को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के लिए प्रेरित करना भी है।

यह अभियान मुख्य न्यायमूर्ति इलाहाबाद उच्च न्यायालय अरूण भंसाली के मार्गदर्शन एवं शुभाशीष से प्रारम्भ किया गया है। अभियान का शुभारम्भ 22 मई 2026 को प्रशासनिक न्यायमूर्ति लखनऊ राजेश सिंह चौहान द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया था।

जनपद न्यायाधीश मलखान सिंह के नेतृत्व में न्यायिक अधिकारियों ने संकल्प लिया है कि प्रत्येक शनिवार को सभी न्यायिक अधिकारी साइकिल से न्यायालय पहुंचेंगे।

इसी क्रम में अभियान के दूसरे चरण में शनिवार को एक बार फिर न्यायिक अधिकारियों ने साइकिल यात्रा कर ईंधन संरक्षण, ऊर्जा बचत और पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया।

# प्रस्तावित गन्ना नियंत्रण आदेश को वापस लेने का निर्णय स्वागतयोग्य : अनिल दुबे

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने प्रस्तावित गन्ना नियंत्रण आदेश 2026 के मसौदे को केंद्र सरकार द्वारा वापस लेने के निर्णय को स्वागत योग्य कदम बताया है। उन्होंने कहा कि रालोद अध्यक्ष एवं केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री चौधरी जयंत सिंह तथा सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निरंतर प्रयासों और किसानों के हितों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है कि केंद्र सरकार ने प्रस्तावित गन्ना नियंत्रण आदेश-2026 के मसौदे को वापस लेने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि चौधरी जयंत सिंह तथा मुख्यमंत्री लगातार इस मसौदे को वापस लेने की मांग कर रहे थे। किसानों, गुड़ एवं खांडसारी उद्योग से जुड़े लोगों तथा अन्य हितधारकों की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार द्वारा लिया गया यह निर्णय स्वागत योग्य है। यह संवाद आधारित नीति निर्माण और किसानों की भावनाओं के सम्मान का परिचायक है।

उन्होंने कहा कि किसान, गुड़ उत्पादक, खांडसारी उद्योग तथा क्रशर संचालकों से प्राप्त सुझावों और आपत्तियों पर गंभीरता से विचार करते हुए सरकार ने पुनर्विचार का निर्णय लिया है। इससे गन्ना किसानों, गुड़ निमार्ताओं, खांडसारी उद्योग और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सकारात्मक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों के हितों एवं उनकी चिंताओं को गंभीरता से लेते हुए केंद्र सरकार ने प्रस्तावित गन्ना नियंत्रण आदेश-2026 के मसौदे को वापस लेने का जो निर्णय लिया है, उससे किसानों को राहत मिलेगी तथा उनके आर्थिक हित सुरक्षित रहेंगे।

उन्होंने मुख्यमंत्री का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के अंतर्गत कई जिलों को गुड़ उत्पादन के लिए चिन्हित किया गया है। इसके अतिरिक्त हाल ही में प्रारंभ की गई एक जनपद एक व्यंजन (ओडीओसी) योजना के तहत गुड़, गुड़ आधारित मिठाइयों तथा ज्वार से बने उत्पादों को विभिन्न जिलों में जिला विशिष्ट उत्पाद एवं व्यंजन के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इन पहलों से किसानों को अपने उत्पादों के बेहतर मूल्य प्राप्त होंगे, ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा तथा किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। राष्ट्रीय लोकदल किसानों, ग्रामीण उद्यमियों और कृषि आधारित उद्योगों के हितों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

# बिजली पर 10 प्रतिशत फ्यूल चार्ज जनता की जेब पर डाका : लोकदल

**लखनऊ।** प्रदेश की जनता पहले से ही महंगाई की मार झेल रही है। ऐसे समय में बिजली पर 10 प्रतिशत फ्यूल चार्ज बढ़ाने का फैसला जनता की जेब पर सीधा डाका डालने जैसा है। सरकार जनता को राहत देने के बजाय लगातार नए-नए आर्थिक बोझ थोप रही है। लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि यह सरकार जनता की नहीं, बल्कि बिजली कंपनियों के हितों की सरकार बनकर काम कर रही है। एक तरफ आम आदमी महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते खर्चों से परेशान है, दूसरी तरफ सरकार बिजली बिलों में फ्यूल चार्ज बढ़ाकर लोगों का जीवन और कठिन बनाना चाहती है। सुनील सिंह ने कहा कि सरकार यह न भूले कि प्रदेश में चुनावी माहौल है और जनता हर फैसले का हिसाब रख रही है। यदि बिजली बिलों के नाम पर जनता की जेब काटने का यह सिलसिला जारी रहा, तो आने वाले चुनाव में जनता वोट की चोट से इसका जवाब देगी।

# नौसेना शौर्य वाटिका का लोकार्पण सरोजनीनगर के रक्षा गौरव को नयी पहचान

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ में विकसित नौसेना शौर्य वाटिका का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सहभागिता की और इस महत्वपूर्ण पहल के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

42 करोड़ से अधिक की लागत से विकसित यह शौर्य वाटिका भारतीय नौसेना के साहस, पराक्रम और तकनीकी उत्कृष्टता को समर्पित है। इसमें लगभग तीन दशक तक राष्ट्रसेवा करने वाले युद्धपोत आईएनएस गोमती को खुले संग्रहालय के रूप में स्थापित किया गया है।

नौसैनिक तोप, युद्ध उपकरण, ऐतिहासिक अवशेष और समुद्री सुरक्षा से जुड़े प्रदर्शन युवाओं में राष्ट्रभक्ति और सैन्य सम्मान की भावना को मजबूत करेंगे। सरोजनीनगर में रक्षा क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण परियोजनाएँ तेजी से विकसित हो रही हैं।

300 करोड़ से अधिक की लागत से ब्रह्मोस एकीकरण एवं परीक्षण केंद्र तथा मिसाइल निर्माण परिसर, लगभग 500 करोड़ के निवेश से विशेष धातु एवं वैमानिकी सामग्री निर्माण परियोजना, उन्नत रक्षा परीक्षण अवसंरचना और डीआरडीओ की ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक्स एवं अवरक्त संवेदक निर्माण परियोजनाएँ क्षेत्र को रक्षा अनुसंधान, परीक्षण और स्वदेशी तकनीक का प्रमुख केंद्र बना रही हैं।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि इन परियोजनाओं से राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत होगी तथा रोजगार, निवेश, तकनीकी विकास और औद्योगिक प्रगति के नए अवसर सृजित होंगे। सरोजनीनगर आज रक्षा आत्मनिर्भरता, स्वदेशी अनुसंधान और राष्ट्रीय सुरक्षा के नए युग का सशक्त प्रतीक बनकर उभर रहा है।

# सर्वाधिक क्षेत्रफल में पौधरोपण कराने वाले बीडीओ होंगे सम्मानित

## ग्राम्य विकास विभाग के 11.25 करोड़ पौधरोपण लक्ष्य को जनभागीदारी से सफल बनायें

विशेष संवाददाता (vol)

- पौधों की जीवितता, सुरक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण पौधरोपण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में संचालित होने वाले वृहद वृक्षारोपण अभियान को जनभागीदारी से जोड़ते हुए इसे जनआंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया है। उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान को पूरी प्रतिबद्धता, योजनाबद्ध रणनीति और व्यापक जनसहयोग के साथ संचालित किया जाए।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गत वर्ष ग्राम्य विकास विभाग ने वृक्षारोपण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की थीं तथा अधिकांश जनपदों ने निर्धारित लक्ष्य से अधिक पौधरोपण कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष भी विभाग निर्धारित लक्ष्य से अधिक गुणवत्तापूर्ण वृक्षारोपण कर नया कीर्तिमान स्थापित करेगा।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम्य विकास विभाग को 11.25 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस लक्ष्य को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए सभी जनपदों में अभी से आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत में वृक्षारोपण के लिए माइक्रोप्लान तैयार करने तथा ग्रामवासियों के बीच पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर गोष्ठियों एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री ने वृक्षमाला नदीतट संरक्षण अभियान को विशेष प्राथमिकता देते हुए नदियों के किनारे बांस रोपण को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना तथा अन्य आवासीय योजनाओं के लाभार्थियों से दो-दो सहजन के पौधे अनिवार्य रूप से लगवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। श्री मौर्य ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी सुरक्षा एवं जीवितता सुनिश्चित करना उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है। इसके लिए बायोफेंसिंग, सुरक्षा खाई निर्माण तथा नियमित देखभाल की प्रभावी व्यवस्था की जाए, ताकि पौधों को पशुओं एवं अन्य कारणों से होने वाली क्षति से बचाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि वृक्षारोपण स्थलों का चयन एवं गड्ढों की खुदाई समय से पूरी कर ली जाए, जिससे पौधों की उत्तरजीविता दर बेहतर बनी रहे। उन्होंने मनरेगा के अंतर्गत कराए जाने वाले वृक्षारोपण कार्यों में निर्धारित मानकों के अनुरूप रखरखाव एवं अनुरक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा सामर्थ्य मैनुअल के प्रावधानों का अक्षरशः पालन करने पर बल दिया।

उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विगत वर्षों में सामुदायिक एवं व्यक्तिगत भूमि पर किए गए वृक्षारोपण की समीक्षा की जाए। जहां पौधों की क्षति अधिक पाई गई हो, वहां उत्तरदायित्व तय करते हुए सूखे एवं नष्ट पौधों का तत्काल प्रतिस्थापन कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पौधों की खरीद किसी भी परिस्थिति में निजी नर्सरियों से न की जाए तथा पौधों की उपलब्धता वन विभाग के माध्यम से ही सुनिश्चित की जाए। मौर्य ने कहा कि कुल वृक्षारोपण में कम से कम 20 प्रतिशत फलदार पौधों को शामिल किया जाए तथा पर्याप्त संख्या में सहजन (मोरिंगा) के पौधे लगाए जाएं, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पोषण सुरक्षा, आय संवर्धन और ग्रामीण आजीविका को भी बल मिल सके। उन्होंने कहा है कि लक्ष्य से अधिक एवं गुणवत्तापूर्ण वृक्षारोपण करने वाले तीन सर्वश्रेष्ठ जनपदों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सर्वाधिक क्षेत्रफल में वृक्षारोपण कराने वाले खंड विकास अधिकारी को भी विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

आयुक्त ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी ने सभी मुख्य विकास अधिकारियों, जिला कार्यक्रम समन्वयकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वृक्षारोपण अभियान-2026-27 को मिशन मोड में संचालित करते हुए इसे प्रदेशव्यापी जनभागीदारी का सफल अभियान बनाया जाए।

# मुकदमों में जनता का पैसा नहीं इस्तेमाल कर सकेगा पावर कॉरपोरेशन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अब पावर कॉरपोरेशन जनता के पैसों से जनता के खिलाफ मुकदमा नहीं लड़ सकेगा। पावर कॉरपोरेशन अब तक इसे भी खर्च में दिखाकर इसके एवज में बिजली दरों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखता था। कॉरपोरेशन को अब मुकदमों का खर्च अपने लाभ में से करना होगा। टैरिफ आदेश में नियामक आयोग इसकी व्यवस्था देगा।

हालत तो यह है कि पावर कारपोरेशन और एनपीसीएल ने कुल मिलाकर 46 करोड़ रुपये मुकदमों पर खर्च कर दिए औरखातों में इसका बोझ जनता पर डालने के मकसद से घाटे के मद में जोड़ दिया। राज्य में बीते छह साल से बिजली की दरें नहीं बढ़ी हैं। नोएडा पावर कंपनी का लाइसेंस सरेंडर करने के मामले में भी मुकदमा चल रहा है। इसमें पावर कॉरपोरेशन और एनपीसीएल दोनों वादी हैं। बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं के बकाया रकम को भी चुनौती दी गई है। तमाम ऐसे मामले भी हैं, जिनमें उपभोक्ताओं के पक्ष में आदेश आने के बाद पावर कॉरपोरेशन या बिजली कंपनियां उनके खिलाफ भी मुकदमे लड़ रही हैं।

**बीते वर्ष कॉरपोरेशन ने मुकदमों पर खर्च किए थे 21 करोड़ :** बीते साल सिर्फ मुकदमों पर पावर कॉरपोरेशन ने 21 करोड़ जबकि एनपीसीएल ने 25 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। यह रकम उपभोक्ताओं से लिए जा रहे बिजली बिलों से एकत्रित पैसों से खर्च की जा रही है। इस बार जब बिजली की नई दरों पर चर्चा हो रही थी तब मुकदमों में खर्च की रकम को घाटा दिखाने पर आपत्ति दर्ज की गई। इसमें कहा गया कि पावर कॉरपोरेशन और अन्य बिजली कंपनियां जनता के खिलाफ ही मुकदमे लड़ रही हैं और इसमें आए खर्च को घाटे में दिखा कर बिजली दरों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखना गलत है। सूत्र बताते हैं कि नियामक आयोग इस संबंध में टैरिफ आदेश में व्यवस्था देगा। मुकदमों में खर्च की रकम के एवज में बिजली दरें बढ़ाने की मांग नहीं स्वीकार की जाएगी। मुकदमा लड़ना पावर कॉरपोरेशन का फैसला है, इसका खर्च वह स्वयं के स्त्रोतों से वहन करे।

संक्षेप

## दहेज हत्या के वांछित धराये, गये जेल

**प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने दहेज हत्या के मुकदमें में दो वांछित आरोपियों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। थाने के दरोगा शिशिर पटेल ने शनिवार को गश्त के दौरान थाना क्षेत्र के छेमर सरैंया मोड़ के पास से पूरे रम्मू तेलियाही निवासी राधेश्याम वर्मा पुत्र स्व0 जोखू व राधेश्याम की पत्नी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। आरोपियों के खिलाफ सांगीपुर थाना के सराय तिहइत की पीड़िता ने बीती अटठाईस मई को दहेज की मांग को लेकर बेटी की गला दबाकर ससुरालीजनों द्वारा हत्या को लेकर केस दर्ज कराया है।

## मेधावियों को मिला सम्मान, खुशी

**प्रतापगढ़।** नया का पुरवा गौखाडी स्थित एस लिटिल वंडर माण्टेसरी स्कूल में शनिवार को मेधावियों को समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबन्धिका सपना तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में प्रबंधिका सपना ने विभिन्न कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मेधावियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान पाकर मेधावियों के चेहरे पर खुशी देखी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य रामफेर सरोज एवं संचालन शिक्षक पवन पाण्डेय ने किया। इस मौके पर कुलदीप सोनी, शालिनी मिश्रा, कविता यादव, आदित्य मिश्र आदि रहे।

## विधवा की पिटाई को लेकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने विधवा की पिटाई को लेकर दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के सुजाखर निवासिनी शशिप्रभा पत्नी स्व0 राजेन्द्र सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती उन्तीस मई को सुबह दस बजे गांव के कमलेश बहादुर सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह एक अज्ञात व्यक्ति के साथ उसके दरवाजे आ धमके। तहरीर के मुताबिक आरोपियों ने पीड़िता पर जबरिया जमीन लिखवाये जाने का दबाव बनाया। मना करने पर आरोपियों द्वारा उसके साथ मारपीट की गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी कमलेश समेत दो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## आम तोड़ने के विवाद में मारपीट, 4 परकेस

**प्रतापगढ़।** आम तोड़ने के विवाद को लेकर मारपीट को लेकर लीलापुर पुलिस ने दो नामजद समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के कोठार मंगोलेपुर सगरा सुंदरपुर निवासी मोहनलाल तिवारी पुत्र स्व0 श्यामसुख तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती उन्तीस मई को सुबह आठ बजे गांव के रोहित पुत्र ओम नारायण वर्मा, ओम नारायण पुत्र रामरूप वर्मा तथा दो अज्ञात बाग से जबरिया आम ले जा रहे थे। मना करने पर आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए, उसे मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रोहित समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## खेसरहा पुलिस को सफलता, तीन वारंटी गिरफ्तार

**बांसी, सिद्धार्थनगर।** जिले के थाना खेसरहा पुलिस ने वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह के पर्यवेक्षण में की गई। थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 30 मई 2026 को न्यायालय जेएम बांसी द्वारा जारी एनबीडब्ल्यू वारंट के अनुपालन में राजेश पुत्र खेदू यादव निवासी कुडजा, रामनरायन पुत्र मेवालाल एवं श्रीराम पुत्र मेवालाल निवासी कोटिया बभनी, थाना खेसरहा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारंटियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय जेएम बांसी में पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक कुंज बिहारी तिवारी, उपनिरीक्षक मुन्नीलाल, हेड कांस्टेबल मलखा साहनी, कांस्टेबल कमलेश सिंह तथा कांस्टेबल रतनदीप शामिल रहे।

# हीटवेब से बचाव के लिए रेडक्रॉस के दो प्याऊ शुरू

### विधायक रामफेरन पांडेय व डीएम अन्नपूर्णा गर्ग ने किया उद्घाटन



**श्रावस्ती।** जनपद में संभावित हीटवेव और बढ़ती गर्मी से लोगों को राहत देने के लिए रेडक्रास समिति की ओर से दो निःशुल्क प्याऊ शुरू किए गए हैं। रेडक्रास अध्यक्ष एवं डीएम अन्नपूर्णा गर्ग के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत शनिवार को श्रावस्ती विधायक रामफेरन पाण्डेय और जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने संयुक्त रूप से सीताद्वार मोड़ तथा तहसील परिसर इकौना में स्थापित प्याऊ का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने आम लोगों को शीतल जल और गुड़ वितरित कर जलसेवा भी की।

सीताद्वार मोड़ पर स्थापित प्याऊ का संचालन रेडक्रास सदस्य राजेश शुक्ला द्वारा किया जाएगा, जहां लोगों की सुविधा के लिए वाटर कूलर भी लगाया गया है। वहीं तहसील परिसर इकौना में स्थापित प्याऊ का संचालन सत्या द आर्यन स्कूल द्वारा किया जा रहा है, ताकि अधिवक्ताओं, वादकारियों, राहगीरों एवं आम नागरिकों को भीषण गर्मी में स्वच्छ और ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर विधायक रामफेरन पाण्डेय ने कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए तहसील परिसर और धार्मिक महत्व के सीताद्वार मोड़ जैसे प्रमुख स्थानों पर प्याऊ स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जनपद के अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर भी इसी प्रकार के प्याऊ स्थापित किए जाएंगे, जिससे लोगों को राहत मिल सके। डीएम अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार प्रदेश और जनपद में हीटवेव की स्थिति बनने की संभावना है तथा तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। ऐसे में रेडक्रास समिति लगातार प्रमुख स्थानों पर निःशुल्क प्याऊ संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि आगे भी जनहित में इस अभियान का विस्तार किया जाएगा। कार्यक्रम में एसडीएम पियूष जायसवाल, रेडक्रास सचिव एवं आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र, जिला उपाध्यक्ष सतीश जायसवाल, शिक्षक नेता विनय पांडेय, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रकाश चन्द, सुमित मिश्र सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## ट्रक बाइक सवार मां-बेटे के ऊपर से गुजरा, मौत

**सिद्धार्थनगर।** शनिवार दोपहर करीब 3 बजे ओवरटेक के दौरान एक बाइक सामने से आ रहे ट्रक में जा घुसी। ट्रक का पहिया मां-बेटे के ऊपर से गुजर गया। कुचलने से दोनों की मौत हो गई। महिला के भाई को भी गंभीर चोट आई है। घटना इटवा थाना क्षेत्र के राजकीय डिग्री कॉलेज डुमरियागंज की है। पुलिस ने ट्रक ड्राइव को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ केस दर्जकर जांच शुरू कर दी गई है। हादसे के बाद सड़क पर लोगों की भीड़। मृतक पहचान दुर्गावती (40) और पल्लू (02) निवासी कटौतियां गांव के रूप में हुई। वह अपने भाई जीतू सहानी की बाइक पर सवार होकर ढेबरूवा थाना क्षेत्र स्थित मायके जा रही थीं। चौखड़ा के पास उनकी बाइक की दूसरे बाइक सवार से ओवरटेकिंग के दौरान स्थिति बिगड़ गई। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक में बेकाबू बाइक जा घुसी। हादसे में बाइक पर पीछे बैठी दुर्गावती और उनकी गोद में मौजूद पल्लू सड़क पर गिर गए, जिसके बाद ट्रक का पिछला पहिया दोनों के ऊपर से गुजर गया। इस भीषण टक्कर में मां-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चला रहे जीतू सहानी को मामूली चोटें आईं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को तुरंत अस्पताल भिजवाया। मृत मां और बेटे के शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## श्रावस्ती में पुलिस का चला पैदल गश्त अभियान

**श्रावस्ती।** जनपद में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा लगातार पैदल गश्त और चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देश पर शनिवार को वरिष्ठ अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ विभिन्न क्षेत्रों में गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह एवं क्षेत्राधिकारी भिनगा भरत पासवान ने कोतवाली भिनगा पुलिस के साथ कस्बा भिनगा में पैदल गश्त की। वहीं क्षेत्राधिकारी इकौना आलोक कुमार सिंह ने थाना सोनवा क्षेत्र के सोनवा स्टोर तिराहे पर पुलिस बल के साथ पैदल भ्रमण किया। गश्त के दौरान मुख्य बाजार, सरार्फा बाजार, बस स्टैंड, बैंक परिसर और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों का निरीक्षण किया गया। पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच कर आवश्यक पूछताछ भी की। इस दौरान अधिकारियों ने व्यापारियों, दुकानदारों और स्थानीय लोगों से बातचीत कर उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

## कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल पीड़ित से मिला



**इटावा।** थाना इकदिल के अंतर्गत ग्राम नगला वर में विगत दिनों पूर्व पेड़ पर लटके पाये गये रंजीत पुत्र रामरतन उम्र 30 वर्ष की मौत पर कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अनिल यादव के नेतृत्व में पीड़ित परिवार से मिला तथा घटना के संबंध में जानकारी ली। साथ ही कांग्रेस ने माँग की कि दोषी बचने ना पाये और निर्दोष फंसने ना पाये। अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पर्व प्रांतीय अध्यक्ष अनिल यादव के नेतृत्व में 23 सदस्ययीय प्रतिनिधि मंडल थाना इकदिल के ग्राम नगला वर पीड़ित परिवार के घर पहुंचा तथा पीड़ित परिजनों से मिला। घटना के संबंध में मृतक के भाई प्रीतम पुत्र रामरतन उम्र 35 वर्ष ने बताया कि करीब तीन दिन पूर्व मेरा छोटा भाई रंजीत उम्र 30 वर्ष, यह कहकर निकला था कि वह कचहरी जा रहा है थोड़ी देर में लौट आयेगा परंतु वह नहीं आया तो उनकी खोजबीन की गयी थी। जंगल में सुबह उसका शव एक पेड़ पर फांसी पर लटका मिला था। शव की भौगोलिक पारिस्थित को देखकर प्रथम दृष्टया हत्या कर शव को पेड़ पर लटकाया गया था। जिसकी सूचना थाना इकदिल पुलिस व पुलिस चैकी करहीपुरा पर दी गयी थी। करहीपुरा पुलिस भाई की मोटरसाइकिल जंगल से उठा लाई परंतु भाई की खोजबीन में हीला हवाली करती रही। सारी जानकारी मिलने पर प्रांतीय अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि जिला पुलिस प्रशासन सघन जाँच करके दोषियों को सजा दिलाये तथा वहीं निर्दोष फंसने ना पाये। प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष कांग्रेस इटावा आशुतोष दीक्षित, शहर अध्यक्ष मो. राशिद, पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव, पी.सी.सी. अरुण यादव, प्रशांत तिवारी, आसिफ जादरान, कुलदीप शर्मा, मालवती राजपूत, प्रदीप द्विवेदी, एड. साहिरा हाजिक, अमन तिवारी आदि सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन थे।

## भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**प्रतापगढ़।** अझारा पूरे पाठक में श्रीशिवमहापुराण कथा को लेकर शनिवार को भण्डारे का आयोजन हुआ। इसमें श्रद्धालुओं ने भगवान देवाधिदेव महादेव का प्रसाद ग्रहण किया। वहीं हवन पूजन व भक्ति संगीत के कार्यक्रम में भी भक्तों को मगन देखा गया। भण्डारे का संयोजन समाजसेवी अच्छेलाल मिश्र व जगन्नाथ मिश्र ने किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, बालेन्द्र पाण्डेय, प्रशांत मिश्र, दीपेन्द्र ओझा, हरिदत्त तिवारी, दिवाकर नाथ शुक्ल, पवन पाण्डेय, अनिल महेश आदि रहे। इधर नगर के जंगली वीर बाबा पर भी हुए भण्डारे में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। धाम में हवन पूजन में भी श्रद्धालुओं को शामिल देखा गया। धार्मिक आयोजन का संयोजन रामलखन मिश्र ने किया। इस मौके पर सभासद पन्नेलाल पाल, देवी प्रसाद मिश्र बेलौरा, सरिता मिश्रा, निशा मिश्रा, आशुतोष शुक्ला, कान्हा शुक्ला, बृजेन्द्र पाण्डेय मंटू, अतुल पाण्डेय, जमुना प्रसाद तिवारी, रामचंद्र शुक्ल, पवन शुक्ला, योगेन्द्र तिवारी, श्रीकृष्ण तिवारी आदि रहे।

## रास्ते के विवाद में मारपीट, तीन के खिलाफ केस

**प्रतापगढ़।** रास्ते के विवाद को लेकर पीड़ित की पिटाई को लेकर लीलापुर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के दांदूपुर पड़ान निवासी कृष्णचंद्र यादव पुत्र दान बहादुर यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि अटठाईस मई को रात पौने नौ बजे विपक्षी उसके खेत से जबरिया रास्ता खुदवा रहे थे। मना करने पर आरोपी गांव के ननके यादव पुत्र जीतलाल व प्रवीण पुत्र ननके ने गालीगलौज करते हुए मारपीट की। पीड़ित ने हंडेज्ड डायल को फोन से घटना की सूचना दी। इस बीच एक अज्ञात आरोपी ने मोबाइल फोन से गालीगलौज करते हुए शिकायत करने पर पीड़ित को जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने ननके व प्रवीण तथा अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

## चार के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**प्रतापगढ़।** रंजिशन मारपीट की घटना में लीलापुर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के शकूहाबाद निवासी मो0 इरफान के पुत्र साबिर ने दी गई तहरीर में कहा है कि उन्तीस मई को दोपहर साढ़े तीन बजे गांव में आरोपी सोहेल व सोनू तथा नसीब व नजीब पुत्रगण शरीफ ने रास्ते मे उसे रोक कर गालीगलौज शुरू की। मना करने पर आरोपियों द्वारा लाठी डंडे व कुल्हाडी से पीड़ित पर हमला किया गया। शोर मचाने पर गांव के लोग दौडे तो आरोपियों ने पीडित को जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी सोहेल समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## रात में बारिस, सौ से अधिक घरों व दुकानों में घुसा पानी, लाखों का नुकसान

ताखा, इटावा। प्रशासनिक दावों की पोल खोलने के लिए कभी-कभी एक रात की बारिश ही काफी होती है। ताखा तहसील के सबसे बड़े कस्बे ऊसराहार में बीती रात आई आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश ने ऐसी तबाही मचाई कि पूरा कस्बा टापू में तब्दील हो गया। सड़क किनारे बने 100 से अधिक घरों और दुकानों में पानी घुसने से व्यापारियों को लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। तबाही का मुख्य कारण कोई प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि पिछले 10 वर्षों से नालियों की सफाई न होना है। कचरे से पटी बंद नालियों के कारण बारिश का पानी सड़कों पर उफनाया और सीधे लोगों के आशियानों और दुकानों में दाखिल हो गया। कस्बे में पीडब्ल्यूडी और स्थानीय प्रशासन की अदूरदर्शिता का खामियाजा जनता भुगत रही है। सड़कें इतनी ऊंची बना दी गई हैं कि किनारे के मकान और दुकानें काफी नीचे हो गए हैं। कल रात जब नालियां चोक हुईं, तो पानी को निकलने का कोई रास्ता नहीं मिला। लोगों ने घरों में पानी घुसने से रोकने के लाख प्रयास किए, लेकिन उफनते पानी के आगे उनकी हर कोशिश नाकाम साबित हुई।

### कागजों पर साफ हुए नाले, जमीन पर तैर रहा कस्बा

जिलाधिकारी ने मानसून और बारिश से पहले सख्त निर्देश दिए थे कि सभी छोटी-बड़ी नालियों को साफ किया जाए। लेकिन ऊसराहार में पिछले 10 वर्षों से किसी भी अधिकारी या जनप्रतिनिधि के आदेश का कोई असर नहीं हुआ है। कस्बा वासी पिछले एक दशक से हर बारिश में घरों में पानी घुसने का दंश झेल रहे हैं, लेकिन उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

## नवजात की मौत मामले में सर्जन से 3 घंटे पूछताछ

**सिद्धार्थनग।** इटवा स्थित जनता सेवा हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान नवजात शिशु की मौत के मामले में शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में कथित सर्जन डाली शर्मा का करीब तीन घंटे तक बयान दर्ज किया गया। इटवा पुलिस ने अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर और फुटेज अपने कब्जे में ले लिया है। जांच एजेंसियों का मानना है कि डिजिटल साक्ष्य और संबंधित व्यक्तियों की लोकेशन रिपोर्ट से पूरे घटनाक्रम की तस्वीर साफ हो सकेगी। पुलिस अब सीडीआर (कॉल डिटेल रिकॉर्ड) और लोकेशन भी खंगालेगी। पीड़ित परिवार लगातार आरोप लगा रहा है कि ऑपरेशन के समय कोई योग्य सर्जन, स्त्री रोग विशेषज्ञ या एनेस्थीसिया के डॉक्टर मौजूद नहीं थे। वहीं, शनिवार को बयान देने पहुंचीं डाली शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को बताया कि उन्होंने ही 23 मई की रात लगभग 11 बजे जनता सेवा हॉस्पिटल में ऑपरेशन किया था।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में हुए बयान के दौरान जांच टीम ने डाली शर्मा से उनकी मौजूदगी, ऑपरेशन की परिस्थितियों, अस्पताल से जुड़े दस्तावेजों तथा चिकित्सकीय प्रक्रिया को लेकर कई सवाल पूछे। सूत्रों के अनुसार, जांच टीम ने उनके दावों और उपलब्ध अभिलेखों का भी मिलान किया है। अब जांच अधिकारी बयान, दस्तावेजों और डिजिटल साक्ष्यों का तुलनात्मक परीक्षण कर रहे हैं। सीसीटीवी डीवीआर की फुटेज की जांच से यह स्पष्ट हो सकेगा कि घटना के समय अस्पताल में कौन-कौन लोग मौजूद थे, ऑपरेशन थिएटर में किसकी आवाजाही हुई और चिकित्सकीय प्रक्रिया में किन व्यक्तियों की भूमिका रही। प्रभारी निरीक्षक इटवा संजय मिश्रा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस सभी बयानों का विश्लेषण करेगी। इसके साथ ही मामले से जुड़े चिकित्सकों, अस्पताल कर्मियों और अन्य संबंधित व्यक्तियों की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) तथा लोकेशन भी खंगाली जाएगी।

## निडर होकर निष्पक्ष व निर्भीक लेखन करें पत्रकार : हाशिम रिजवी

**डुमरियागंज-सिद्धार्थनगर।** हिन्दी पत्रकारिता दिवस दिवस के शुभ अवसर पर शनिवार को इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन कार्यालय डुमरियागंज पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया' जिसकी अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष राजेश यादव व संचालन देवानंद पाठक ने किया'

- **पत्रकारों की एकजुटता पर ही उन्हें मिलेगा सम्मान और अधिकार : कृष्ण प्रताप सिंह**
- **पत्रकारिता दिवस पर इंडियन जर्नलिस्ट एसो.ने डुमरियागंज तहसील कार्यालय में आयोजित की विचार गोष्ठी**

इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष( पूर्वांचल ) हाशिम रिजवी व जिलाध्यक्ष कृष्ण प्रताप सिंह( बबबू ) ने कहा कि पत्रकारों का एकजुटता बहुत ही जरूरी है' पत्रकारों के एकजुट रहने से उनका उत्पीड़न करने का किसी का भी साहस नहीं हो पाएगा ।हाशिम रिजवी ने पत्रकारो को संकल्प दिलाया कि आज दृढ संकल्प ले की हम निष्पक्ष व निर्भीक पत्रकारिता करेंगे और कभी भी पत्रकारिता का ध्वज झुकने नही देंगे ।वही एसोसिएशन के बस्ती मंडल प्रवक्ता विजय यादव ने कहा कि पत्रकारिता सम्मान एवं समाज हित के लिए के लिए किया जाता है। पत्रकारिता निष्पक्ष तरीके से करना बहुत ही आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान पत्रकार की एकजुटता समाज में उसकी भूमिका पर विशेष चर्चा किया गया ।कार्यक्रम के अंत मे कार्यक्रम आयोजक इडियन जनर्लिस्ट एसोसिएशन डुमरियागंज तहसील इकाई के तहसील अध्यक्ष राजेश यादव ने सभी पत्रकारो से आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट रहने की अपील की और सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आईजेए के मण्डल प्रवक्ता विजय यादव, जिला उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, प्रमोद श्रीवास्तव, सच्चिदानंद मिश्र, देवानंद पाठक ,मोहम्मद इस्माइल, सैफ हैदर रिजवी, गणेश अग्रहरि आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## राष्ट्र के नवनिर्माण में हिंदी पत्रकारिता का योगदान सर्वश्रेष्ठ : एसडीएम



**प्रतापगढ़।** तहसील परिसर स्थित पत्रकार भवन में हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर संगोष्ठी एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ तहसील इकाई के तत्वाधान में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा तथा महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने स्व0 गणेश शंकर विद्यार्थी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने कहा कि राष्ट्र के नव निर्माण एवं भाषा के परिष्कार में हिन्दी पत्रकारिता का सर्वश्रेष्ठ योगदान है। उन्होने हिन्दी के लेखकों एवं विचारकों की विचारधारा को राष्ट्र को संगठित करने में सशक्त पूंजी कहा। विशिष्ट अतिथि ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने धर्मराज युधिष्ठिर तथा महर्षि नारद को सच की पत्रकारिता का आदर्श निरूपित किया। महासंघ के तहसील इकाई अध्यक्ष विकास मिश्र व महामंत्री साकेत मिश्र ने आयोजन समिति की ओर से एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा को सम्मानित किया। वहीं एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने लेखन व पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान के लिए वरिष्ठ पत्रकार चंद्रशेखर तिवारी, डॉ0 आशीष सिंह, सुरेन्द्र तिवारी सागर, सुरेश मिश्र मदन, विवेक शुक्ल, जगत वर्मा, विनोद सिंह, प्रमोद सिंह आदि को अंगवस्त्रम तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान सौंपा। संगोष्ठी का विषय प्रवर्तन मण्डल अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी व अध्यक्षता तहसील इकाई अध्यक्ष विकास मिश्र एवं संचालन महामंत्री साकेत मिश्र ने किया। संयोजन सुरेन्द्र तिवारी सागर, मुकेश तिवारी, डॉ0 आशीष सिंह द्वारा हुआ दिखा। वरिष्ठ पत्रकार सुरेश मिश्र मदन, राहुल मिश्र, विवेक शुक्ल आदि ने पत्रकारिता के ध्येय पर प्रकाश डाला। स्वागत लवलेश शुक्ला व आभार प्रदर्शन प्रेम मिश्र ने किया। इस मौके पर संजीव तिवारी, सुमित त्रिपाठी वत्सल, देवेश त्रिपाठी, आशुतोष शुक्ल, दिनेश सिंह, अधिवक्ता हरिश्चंद्र पाण्डेय, अम्बुज पाण्डेय आदि रहे।

## सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक



जिला संवाददाता (vol)

**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में अवगत कराया गया कि पोषण ट्रैकर पर फेस कैप्चर एवं ई-केवाईसी की प्रगति 96.95 प्रतिशत है चकरनगर क्षेत्र में 501 लाभार्थियों का कार्य अवशेष पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जिन लाभार्थियों का फेस कैप्चर एवं ई-केवाईसी नहीं होगा, उन्हें योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं हो सकेगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को इस कार्य में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि पोषण ट्रैकर पर गर्भवती महिलाओं का वजन एवं चार पूर्व प्रसव जांच का लक्ष्य 1082 है। सभी पात्र महिलाओं को योजनाओं से आच्छादित करना सुनिश्चित किया जाए ताकि उन्हें समय से लाभ मिल सके। बैठक में बताया गया कि पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों की आभा आईडी की प्रगति 46.64 प्रतिशत है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि आभा आईडी अत्यंत महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म है। जिन लाभार्थियों की आईडी शेष है, उसे शीघ्र पूर्ण कराया जाए तथा सभी सीडीपीओ सुपरवाइजरों के साथ नियमित समीक्षा बैठक करें। उन्होंने 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की अपार आईडी निर्माण में प्रगति धीमी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सभी संबंधित कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर कार्य में तेजी लाई जाए। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, समस्त सीडीपीओ, समस्त एमओआईसी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## महामाया राजकीय महाविद्यालय में विषय विस्तार को स्वीकृति, 12 नये पदों का सृजन

**श्रावस्ती।** जनपद के उच्च शिक्षा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण एवं सुखद उपलब्धि के रूप में महामाया राजकीय महाविद्यालय, श्रावस्ती में विभिन्न विषयों के विस्तार हेतु कुल 12 नए पदों का सृजन किया गया है। शासन के निर्देश तथा उच्च शिक्षा विभाग एवं उच्च शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज की स्वीकृति के उपरांत यह निर्णय लिया गया है, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं बहुविषयक शिक्षा का लाभ मिल सकेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं नोडल, उच्च शिक्षा, श्रावस्ती डॉ. धर्मेन्द्र गुप्त ने जानकारी देते हुए बताया कि स्नातक स्तर पर गृहविज्ञान, चित्रकला, भूगोल एवं शिक्षाशास्त्र विषयों का विस्तार किया गया है। वहीं परास्नातक स्तर पर इतिहास, समाजशास्त्र, हिन्दी एवं वाणिज्य विषयों के संचालन के लिए भी पद सृजित किए गए हैं। इन विषयों के लिए कुल 12 शिक्षकीय पदों के सृजन से महाविद्यालय की शैक्षणिक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय जनपद के छात्र-छात्राओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। अब विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूर-दराज के शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर ही उन्हें अपनी रुचि एवं आवश्यकता के अनुरूप विषयों का चयन करने का अवसर मिलेगा। इससे समय और धन दोनों की बचत होगी तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को विशेष राहत मिलेगी। शिक्षा जगत से जुड़े लोगों का मानना है कि विषय विस्तार एवं पद सृजन की यह पहल जनपद में शैक्षणिक उन्नयन, बौद्धिक विकास तथा ज्ञान-विज्ञान के प्रसार को नई गति प्रदान करेगी। इससे उच्च शिक्षा के क्षेत्र में श्रावस्ती की पहचान और अधिक सुदृढ़ होगी। प्राचार्य डॉ. धर्मेन्द्र गुप्त ने इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि यह कदम जनपद की शैक्षिक प्रगति के नए अध्याय का शुभारंभ सिद्ध होगा।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर हुआ सम्मान समारोह व कवि सम्मेलन



**श्रावस्ती।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर तहसील भिनगा सभागार में पत्रकार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन पत्रकार बृजेश गुप्ता व प्रदीप गुप्ता द्वारा किया गया। साहित्य, पत्रकारिता और सामाजिक सरोकारों से ओतप्रोत इस कार्यक्रम को कवि श्रवण कुमार शायक द्वारा संचालित किया गया कार्यक्रम में कवियों की ओजस्वी प्रस्तुतियों, पत्रकारों के सम्मान और लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका पर सारगर्भित विचारों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा सभागार देर तक गूंजता रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व संसद मंत्री, एवं जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि विधायक इंद्राणी वर्मा, उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल संगठन अध्यक्ष सुभाष सत्या और जिला पंचायत सदस्य अशोक यादव रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पत्रकारों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा उन्हें राम दरबार, भगवान बुद्ध का चित्र एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। दद्दन मिश्रा ने कहा कि पत्रकारिता केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि समाज सेवा का पुण्य कार्य है। उन्होंने पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने में पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कोरोना काल का उल्लेख करते हुए कहा कि जब पूरा देश लॉकडाउन की चुनौतियों से जूझ रहा था, तब पत्रकार निर्भीक होकर मैदान में डटे रहे और समाज को सही जानकारी उपलब्ध कराते रहे। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की एक चर्चित तस्वीर का उदाहरण देते हुए मानवता और संवेदनशीलता के महत्व पर भी प्रकाश डाला। विधायक इंद्राणी वर्मा ने पत्रकारिता में महिलाओं की कम भागीदारी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जब सरकार महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रही है, तब महिलाओं को भी पत्रकारिता के क्षेत्र में आगे आकर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करानी चाहिए। कार्यक्रम के आरंभ में कवियों ने अपनी साहित्यिक रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल संगठन अध्यक्ष सुभाष सत्या ने पत्रकारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पत्रकारों की लेखनी समाज की आवाज है और प्रशासन को समाचारों के माध्यम से सामने आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशील रहना चाहिए। परियोजना निदेशक अश्वनी कुमार सोनकर ने कहा कि इस आयोजन में आकर उन्हें श्रावस्ती की प्रतिभा, साहित्यिक चेतना और सामाजिक जागरूकता का परिचय मिला है। उन्होंने भगवान बुद्ध की तपोभूमि श्रावस्ती का उल्लेख करते हुए शिक्षा और जनजागरण को बढ़ावा देने में पत्रकारों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने पत्रकारों से गरीब, असहाय और वंचित परिवारों की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने का आह्वान किया। एसपी सिंह परिहार ने पत्रकारिता पे अपने विचार साझा किए। समारोह में वरिष्ठ कवि जीपी मिश्र मधुकर सहित उपस्थित कवियों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। साथ ही सभी पत्रकारों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम तिवारी, राजीव टंडन, मदन मोहन सिंह, शिव नंदन गुप्ता, बृजेश गुप्ता, मुकेश गुप्ता, बाबू राम पाठक, नन्द कुमार गुप्ता, मोहित गुप्ता, प्रदीप त्रिपाठी, संदीप त्रिपाठी, शिव शंकर तिवारी,दिनेश तिवारी,विनोद दुबे सहित सैकड़ों पत्रकारों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

संक्षेप

## आंधी-बारिश में गिरा नीम का पेड़ व विद्युत पोल

**जसवंतनगर, इटावा।** शुक्रवार देर शाम आई तेज आंधी और बारिश ने ग्रामीण क्षेत्र में जनजीवन प्रभावित कर दिया। नगर क्षेत्र से नगला रामसुन्दर होते हुए नगला तौर, ब्रह्माणी देवी मंदिर, सरामई, घुरा, जाखन, कछपुरा, पूछरी, लुंगे की मड़ैया, खंदिया और फकीरे की मड़ैया होते हुए आगरा जनपद को जोड़ने वाले लिंक मार्ग पर नीम के दो विशाल पेड़ तथा 11 केवी विद्युत लाइन का पोल टूटकर गिर गया। इससे सड़क मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार इस मार्ग से प्रतिदिन लगभग दो सौ बाइक सवार और पचास से अधिक चार पहिया वाहन चालकों का आवागमन होता है। पेड़ और बिजली पोल गिरने से मार्ग पर बिजली के तार भी टूटकर जमीन पर फैल गए हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। सुरक्षा के मद्देनजर लोग रास्ते से गुजरने से बच रहे हैं। ग्रामीण आलोक, राघव, छुन्नू, बंटू, राजीव, आशीष, प्रेम और राजेन्द्र सहित अन्य लोगों ने विजली विभाग और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से शीघ्र मार्ग साफ कराने तथा टूटे पोल और तारों को सहीकर बिजली आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो लोगों की परेशानी और बढ़ सकती है।

## वर्षगांठ पर चकरनगर राजगढ़ी में होगा आयोजन

**इटावा।** 31 मई 1857 को भारतवर्ष की पूर्ण स्वतंत्रता के उद्घोष ऐलान-ए-मुकम्मल आजादी की 169वीं वर्षगांठ के अवसर पर चंबल फाउंडेशन परिवार द्वारा चकरनगर स्थित क्रांतिकारी राजा निरंजन सिंह चैहान की ऐतिहासिक राजगढ़ी में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। चंबल फाउंडेशन के अनुसार 31 मई 1857 का दिन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। किसानों, राजाओं और आम जनता के सामूहिक संघर्ष के परिणामस्वरूप ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन को चुनौती देते हुए पूर्ण स्वतंत्रता का उद्घोष किया गया था। 1857 की जनक्रांति में पूरा चंबल अंचल क्रांतिकारी राजा निरंजन सिंह चैहान के नेतृत्व में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ एकजुट हुआ था। पूर्ण स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ पर आयोजित होने वाला चंबल मिशन कार्यक्रम रविवार प्रातः 10 बजे से चकरनगर स्थित राजगढ़ी परिसर में शुरू होगा। कार्यक्रम में 1857 के ज्ञात-अज्ञात शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके पश्चात पिछले दो माह से संचालित चंबल मिशन अभियान की समीक्षा तथा आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

**सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि मैं, सना फातिमा, पत्नी श्री मुदस्सिर नियाज, निवासी बी-216, सेक्टर-19, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, की जन्मतिथि विद्यालय के स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टी.सी.) में त्रुटिवश 06.11.1986 अंकित हो गई थी, जिसे अब संशोधित कर सही जन्मतिथि 11.06.1984 करवा लिया गया है। उक्त संशोधन के आधार पर मेरा पासपोर्ट भी सही जन्मतिथि के अनुसार नवीनीकृत कराया जाएगा। अतः भविष्य में मुझे मेरी सही जन्मतिथि 11.06.1984 के अनुसार ही जाना एवं माना जाए। इस विज्ञापन के प्रकाशित होने के पश्चात यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो वह संबंधित अधिकारी से संपर्क कर सकता है।

**न्यायालय सूचना**

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय**
**तह. महोली सीतापुर।**
**वाद संख्या- टी -20261064000331०**
**धारा- 116 उ.प्र.रा.सं. 2006**
**ग्रामः- परसेहरा, परगना- महोली तहसील, महोली जिला- सीतापुर**

रामप्यारे पुत्र दयाराम निवासी ग्राम मदनापुर परगना महोली तहसील महोली जिला सीतापुर .....**वादी।**

**बनाम**

1- इन्द्रकुमार पुत्र रामकुमार
2- मनोज कुमार पुत्र रामकुमार
3- सुनील कुमार पुत्र रामकुमार
4- काशीराम पुत्र नोखे
5- विश्वराज पुत्र नोखे
6- रजनीश कुमार पुत्र नोखे
7- रामकिशुन पुत्र नोखे
8- गांव सभा/ग्राम पंचायत परसेहरा द्वारा प्रधान परगना महोली तह. महोली जिला सीतापुर।

.... **प्रतिवादी।**

हरगाह वादी ने आप प्रतिवादीगण के नाम प्रतिवादीगण एक नालिस बावत दावा दायर किया है लिहाजा हुकुम होता है कि आप तारीख 08.06.2026 को बावत 10:00 बजे दिन में अस्लन या मारफत वकील के जो मुकदमा हालात से करार वाकिफ लिया गया है। और कुछ उमराह मध्य मुताबिक मुकदमा जवाब दे सके और जवाब देही दावा को करे। और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर आप बताईद अपनी जवाब सवाल चाहते हो आपको इतला दी जाती है अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर फैसला होगा बदस्त मेरे बदस्खत एवं मोहर अदालत के आज तारीख को जारी किया गया है।

**उपजिलाधिकारी महोली**

# हिंदी पत्रकारिता का गौरव, जिम्मेदारी व बदलता स्वरूप

## हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष की ऐतिहासिक यात्रा भव्य संगोष्ठी आयोजित



**गोरखपुर।** हिंदी पत्रकारिता ने 30 मई 2026 को अपनी गौरवशाली यात्रा के 200 वर्ष पूरे कर लिए। इस ऐतिहासिक अवसर पर मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति और गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब सभागार में एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पत्रकारिता के अतीत, वर्तमान और भविष्य पर गहन चर्चा हुई। कार्यक्रम में देश-विदेश के वरिष्ठ पत्रकारों, संपादकों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भाग लिया और हिंदी पत्रकारिता की दिशा-दशा पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम की शुरूआत हिंदी पत्रकारिता के इतिहास के स्मरण के साथ हुई। वक्ताओं ने बताया कि 30 मई 1826 को कलकत्ता से पंडित जुगल किशोर शुक्ल द्वारा हिंदी के पहले समाचार पत्र “उदन्त मार्तण्ड” का प्रकाशन शुरू किया गया था, जो इस ऐतिहासिक यात्रा का प्रारंभ बिंदु बना। सीमित संसाधनों और अनेक कठिनाइयों के बावजूद “उदन्त मार्तण्ड” ने हिंदी पत्रकारिता की नींव रखी और आने वाली पीढ़ियों को एक मजबूत दिशा प्रदान की।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व संपादक, राष्ट्रीय सहारा अनिल पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी पत्रकारिता का यह 200 वर्षों का सफर केवल उपलब्धियों का नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों और संघर्षों का भी इतिहास है। उन्होंने कहा कि आज पत्रकारिता में वह ठहराव नहीं रहा, जो पहले देखने को मिलता था। सामाजिक परिवर्तनों के साथ पत्रकारिता का स्वरूप भी बदला है, लेकिन मूल मूल्य आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं।

अनिल पाण्डेय ने कहा कि एक समय था जब पत्रकारिता मिशन के रूप में की जाती थी और लोग इसके लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने को तैयार रहते थे। उन्होंने कहा कि आज के दौर में पत्रकारों को आत्ममंथन करने की जरूरत है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन कितनी ईमानदारी से कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि खबर लिखते समय इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि उससे किसी की भावना आहत न हो। मुख्य अतिथि ने पत्रकारिता में घटती संवेदनशीलता पर चिंता जताते हुए कहा कि आज हम इतने संवेदनशील हो गए हैं कि छोटी-छोटी बातों को भी बर्दाश्त नहीं कर पाते, जबकि पत्रकारिता का काम संतुलन बनाए रखना है। उन्होंने “जुनूनी पत्रकारिता” से बचने और “जनपक्षीय पत्रकारिता” को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने जोर देकर कहा कि पत्रकारिता की विश्वसनीयता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है और खबरें हमेशा तथ्यपरक, प्रमाणित और निष्पक्ष होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदी पत्रकारिता का इतिहास गौरवशाली रहा है, लेकिन आज यह केवल गौरवगाथा बनकर न रह जाए, इसके लिए पत्रकारों को उसके मूल्यों को जीवित रखना होगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता की कई विधाएं आज धूमिल होती जा रही हैं, जिन्हें पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में नेपाल से आए लुंबिनी प्रेस क्लब के अध्यक्ष कमल ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच सांस्कृतिक और सामाजिक संबंध सदियों पुराने हैं और पत्रकारिता के क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच सहयोग की लंबी परंपरा रही है। उन्होंने कहा, “नेपाल और भारत साथ-साथ हैं और भविष्य में भी पत्रकारिता के क्षेत्र में यह संबंध और मजबूत होगा। मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के अध्यक्ष अरविंद राय ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए हिंदी पत्रकारिता की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि “उदन्त मार्तण्ड” के प्रकाशन से शुरू हुई यह यात्रा आज 200 वर्षों का सफर तय कर चुकी है। उन्होंने कहा कि यह समय आत्मचिंतन का है—हमें यह देखना होगा कि हमने क्या पाया और क्या खोया है।

मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार आनंद राय ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनका पत्रकारीय जीवन गोरखपुर से ही शुरू हुआ और यह शहर उनके लिए विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक पत्रकारिता की चर्चा करते समय हमें अपने मूल्यों को नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले पत्रकार देर रात तक खबरों का संकलन करते थे और पूरी निष्ठा से अपने कार्य को अंजाम देते थे, लेकिन आज पत्रकारिता में बिखराव दिखाई दे रहा है।

आनंद राय ने कहा कि पत्रकारिता कोई “भौकाल” बनाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह एक जिम्मेदारी और जुनून है। उन्होंने कहा कि पत्रकार की पीड़ा को समझना आसान नहीं होता, क्योंकि उसकी कार्यशैली और संघर्ष अलग होते हैं। उन्होंने कहा कि आज हर पत्रकार के काम की समीक्षा प्रतिदिन होती है, जो किसी न्यायालय से कम नहीं है। उन्होंने सोशल मीडिया और मोबाइल पत्रकारिता के बढ़ते प्रभाव पर भी चिंता जताई और कहा कि हमें यह विचार करना चाहिए कि हम जो कर रहे हैं, वह सही दिशा में है या नहीं। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को अपने पूर्वजों द्वारा स्थापित मूल्यों को संजोकर रखना चाहिए और खबरों के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता में हिम्मत और जुनून का होना जरूरी है और वही व्यक्ति सफल पत्रकार बन सकता है, जिसमें सच्चाई के लिए खड़े होने का साहस हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व संपादक एवं प्रभारी मानव संसाधन, दैनिक जागरण कमलेश त्रिपाठी ने कहा कि आजादी के पहले सभी का उद्देश्य अंग्रेजी शासन से मुक्ति पाना था, लेकिन 1947 के बाद यदि हम “सुराज” के लिए उसी समर्पण के साथ कार्य करते, तो आज समाज की स्थिति और बेहतर होती।

## डॉ.बशीर बद्र का इस्लामिया कॉलेज से रहा अटूट रिश्ता



**इटावा।** देश के मशहूर पद्मश्री शायर डॉ. बशीर बद्र के निधन से उर्दू अदब की दुनिया में शोक की लहर दौड़ गई और साहित्यकारों व शायरों ने उनके निधन को साहित्य व शायरी जगत के लिए बड़ी क्षति बताते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। शायर बशीर बद्र 1947 में 7वी क्लास से पढ़ाई शुरू की और हाईस्कूल 1949 में इस्लामिया इंटर कालेज से करने के बाद अलीगढ़ यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की। शायर बशीर बद्र के निधन पर इस्लामिया कालेज में शोक सभा का आयोजन किया गया। प्रबन्धक मोहम्मद अलताफ ने कहा बशीर बद्र को उर्दू गजल को आम बोलचाल की सरल, रूमानी और बेहद प्रभावशाली भाषा में लिखने के लिए जाना जाता है। बशीर बद्र का जन्म 19 फरवरी 1935 को अयोध्या उत्तर प्रदेश में हुआ था। उन्होंने उर्दू साहित्य की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई। उनकी शायरी में प्रेम, विरह, अकेलापन और इंसानी रिश्तों की गहरी संवेदनाएं देखने को मिलती हैं। इस्लामिया कालेज के प्रधानाचार्य गुफरान अहमद ने कहा डॉ. बशीर बद्र का इस्लामिया कालेज से गहरा और ऐतिहासिक रिश्ता रहा है। डा. बशीर बद्र के निधन पर आयोजित शोक सभा में मसरूर हुसैन, मोहम्मद अफजाल, डा. कुश चतुर्वेदी, मोहम्मद अतीक, फैजान वारिस, मोहम्मद जावेद, नाजिश इकबाल, अरशद मलिक ने भाग लिया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–प्रापण निविदा सं० उपमु० इं०–निर्माण–एलजेएन–05–2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है। **क्र०सं०:–1., खुली निविदा सख्या:–** उपमु०ई०–नि०–एलजेएन–05–2026 दिनांक 29–05–2026, **कार्य का नामः–** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के अन्तर्गत बुढ़वल (चौका घाट)–सीतापुर सिटी (न्यू सीतापुर) खण्ड के बीच तीसरी / चौथी लाईन के सम्बन्ध में भूमि अधिग्रहण के लिए सक्षम भूमि अधिग्रहण प्राधिकारी (CALA) को सुविधा प्रदान करना।, **अनुमानित निविदा मूल्यः–** 3,16,16,330.02, **बयाना राशि (रु०):–** 6,32,300,00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु०):–** –निल–, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः–** 12 (बारह) माह, • **क्रम सं०–1:–** ई–टेण्डर डालने की अन्तिम तिथि 22–06–2026 समय 15.00 बजे तक है तथा उसी दिन 15.30 बजे मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर के कार्यालय में खोली जायेगी।, • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते बेवसाइट **http://ireps.gov.in** अथवा बेवसाइट **www.ner.indianrailways.gov.in** पर भी देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखो मे कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**उप मुख्य इन्जीनियर/निर्माण-II, लखनऊ**
मुजाधि/डब्लू–145
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## डोर टू डोर जागरूकता अभियान चलाया

**इटावा।** नगर पालिका परिषद व आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वावधान में अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा के निदेर्शानुसार वार्ड नं 21 अड्डा जालिम में डोर टू डोर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान लोगों को समझाया गया कि गीला कचरा और सूखा कचरा अलग-अलग रखें और प्रतिदिन पालिका की गाड़ी को पृथक रूप में ही दें, ताकि स्रोत पर पृथक्करण मजबूत हो और शहर स्वच्छ रहे।

## समाजसेवी ने अग्निपीड़ित को मदद भिजवायी



**पाटन, उन्नाव।** विधानसभा क्षेत्र भगवन्तनगर के ग्राम पनई में किशोर गौतम के यहाँ विगत दिनों आग लग गयी थी जिससे घर में रखा दैनिक उपयोग का सामान,लगभग 8 कुंतल गेंहू आदि सभी दैनिक उपयोग का जरूरी सामान भी जलकर खाक हो गया परिवार के सामने जीविकोपार्जन का संकट खड़ा हो गया, घर के मुखिया किशोर गौतम मजदूरी करके किसी प्रकार घर का खर्च चलाते थे अब आग से सब कुछ तबाह हो जाने से परिवार के सामने विकट परिस्थिति उत्पन्न हो जाने के बाद भी कही से कोई मदद ना मिली उपरोक्त सूचना जैसे ही राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिह को हुई तो उन्होंने तत्काल मानवतावादी कदम उठाते हुवे अपने बड़े भाई मानवेन्द्र सिंह को तत्काल अग्निपीड़ित परिवार की आर्थिक मदद करने हेतु भेजा, मौके पर पहुँचे मानवेन्द्र सिंह ने लक्ष्मी देवी पत्नी किशोर गौतम से हादसे की जानकारी ली व राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह की ओर से आर्थिक मदद देते हुवे सांत्वना दी व कहा कि आप हमारे परिवार की है कभी भी कोई दिक्कत परेशानी आये बताये हमें राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह का साथ सहयोग हमेशा रहेगा आर्थिक मदद पाकर परिजनों ने पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह को धन्यवाद दिया इस मौके पर मुख्य रूप से विकास सिंह नमा खेड़ा, अमन सिंह पनई, प्रखर सिंह अकवारा, दीप सिंह प्रधान प्रतिनिधि पनई बुजुर्ग आदि लोग मौजूद रहे।

## विधायक ने किया सीसी सड़क का लोकार्पण



**चरगांवा, गोरखपुर।** चरगांवा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले पिपराइच विधानसभा क्षेत्र के ग्रामसभा जंगल अहमद अली शाह टोला रामपुर में पूर्वांचल विकास निधि वर्ष 2025-26 के अंतर्गत स्वीकृत 200 मीटर लंबी सी.सी. सड़क का लोकार्पण पिपराइच विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने किया। “फुलचंद के घर से गोविंद के घर तक” निर्मित इस सड़क की कुल लागत ?15.21 लाख है। लोकार्पण के दौरान विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस सड़क के निर्माण से स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना, मंडल अध्यक्ष अनिल चौहान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामभोग सिंह, ग्राम प्रधान माधो प्रसाद चौहान, इंद्रजीत निषाद, देवेन्द्र निषाद, अमित चौहान, राघव चौरसिया, हरिश्चंद चौहान, संध्या त्रिपाठी, राजकमल, अनिरुद्ध चौहान, लाल बहादुर सिंह, नरेन्द्र सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य के लिए विधायक महेन्द्र पाल सिंह एवं प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया तथा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की सराहना की।

## सरोसी परियर मार्ग के ट्रैफिक डाइवर्जन की जानकारी दी

**उन्नाव।** अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि० हरदयाल अहिरवार ने बताया है कि इस खण्ड के अन्तर्गत उन्नाव, सरोसी, परियर मार्ग (अ०जि०मा०) के आबादी भाग में क्षतिग्रस्त सी०सी० मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य चल रहा है। बिलग्राम-उन्नाव-प्रयागराज मार्ग राज्य मार्ग पर स्थित दोस्तीनगर में शारदा नहर पर निर्मित लघु सेतु निमार्णाधीन है जिस कारण से कानपुर-लखन ?ऊ से हरदोई जाने वाले भारी वाहनों के आवागमन नहीं हो पा रहा है। इन सभी भारी वाहनों का आवागमन उन्नाव कानपुर (राज्य मार्ग-58) के किमी० 04 में स्थित करोवन मोड़ से उन्नाव सिरोसी परियर मार्ग (अ०जि०मा०) के किमी०-10 से सिकन्दरपुर वाया चकलवंशी होते हुए हरदोई को जाते है।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि.**
**अधीक्षण अभियन्ता (तकनीकी), जानकीपुरम क्षेत्र, लखनऊ**

**ई-निविदा सूचना** वि.आ.सं. 1316 दिनांक 30.05.2026

**निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 39/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत 11 के.वी. एवं एल.टी. महानगर के 33/11 के.वी. उपकेन्द्र पुरनिया देव गोयल चौराहा के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न क्षमता के 11 अदद नये वितरण परिवर्तकों की स्थापना का कार्य, ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 धरोहर राशि रू. 31160.00
2. 40/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत 11 के.वी. एवं एल.टी. महानगर के 33/11 उपकेन्द्र प्रियदर्शिनी जी.एस.आई., इक्का स्टैण्ड, निराला नगर पुरनिया व विकास नगर के क्षेत्रान्तर्गत पृथक-पृथक 10 स्थानों पर 11 के.वी. लाइनों के सुदृढ़ीकरण का कार्य, ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 धरोहर राशि रू. 34790.00
3. 41/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत 11 के.वी. एवं एल.टी. महानगर के 33/11 उपकेन्द्र प्रियदर्शिनी, जी.एस.आई., इक्का स्टैण्ड, यूनिवर्सिटी व विकास नगर के क्षेत्रान्तर्गत स्थापित 44 अदद वितरण परिवर्तकों के प्रोटेक्शन के कार्य, ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू.3540.00 धरोहर राशि रू.33310.00
4. 42/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत 11 के.वी. एवं एल.टी. महानगर के 33/11 उपकेन्द्र दाउदनगर, फैजुल्लागंज व प्रियदर्शिनी के क्षेत्रान्तर्गत स्थापित 44 अदद वितरण परिवर्तकों के प्रोटेक्शन के कार्य, ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 धरोहर राशि रू. 38970.00

ई-निविदा की अन्तिम तिथि 17 जून 2026 14:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी

## मनोनीत सदस्यों का शपथ ग्रहण संपन्न गिनायीं सरकार की उपलब्धियां




**मौरावां, पुरवा।** पुरवा विधानसभा क्षेत्र की नगर पंचायत मौरावां में मनोनीत सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह बड़े हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक अनिल सिंह ने नवमनोनीत सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रमेश श्रीवास्तव, एसडीएम पुरवा, भाजपा जिला महामंत्री डॉ. रजनीश वर्मा मण्डल अध्यक्ष विजय गुप्ता,, वरिष्ठ पत्रकार बी पैक्स समिति अध्यक्ष मदन चौरसिया, अजय चौरसिया एडवोकेट, नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ सभासद पंकज लोधी, इशरत अली, महेंद्र सिंह आशीष शर्मा, सादिक अली, अमर नाथ, रानी चौरसिया राहत त्रिपाठी, नीरज शुक्ला, अमर दीप त्रिपाठी, रानू दीक्षित, बिन्दादीन रावत, प्रदीप, शंकर सिंह चैहान, गौरीशंकर सिंह पत्रकार, दिनेश साहू पत्रकार, पंकज सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान नगर पंचायत मौरावां में मनोनीत सभासद साधना चौरसिया, सुमित चैधरीएवं पंकज अवस्थी ने शपथ ग्रहण कर अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अनिल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार लगातार आम जनता के हित में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा गरीबों को निःशुल्क राशन, किसानों को सम्मान निधि, हर घर बिजली, उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाएं, महिलाओं की सुरक्षा एवं युवाओं को रोजगार देने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में नगर पंचायत मौरावां की जनता ने विकास कार्यों एवं सरकार की योजनाओं को लेकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक अनिल सिंह एवं भाजपा सरकार का आभार प्रकट किया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह एवं जनसमर्थन का माहौल देखने को मिला।

## ब्रह्माणी देवी मंदिर के पास कुंड में डूबकर युवक की मौत

**जसवंतनगर, इटावा।** थाना बलरई क्षेत्र में माता ब्रह्माणी देवी मंदिर के पीछे खारजाझाल कुंड पर बने गहरे जलकुंड में नहाते समय एक युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बढ़पुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पुरा रेवाड़ी निवासी अर्जुन (24) पुत्र स्वर्गीय सुभाष चंद्र अपने तीन दोस्तों सौरभ कुमार (17), ललित कुमार (22) और गोलू (22) के साथ दो मोटरसाइकिलों से माता ब्रह्माणी देवी मंदिर दर्शन करने आया था। दर्शन से पहले चारों मित्र मंदिर के पीछे स्थित खारजाझाल कुंड और झरना देखने पहुंच गए। बताया गया कि गर्मी के चलते सभी युवक कुंड में नहाने के लिए उतर गए। नहाते समय अचानक अर्जुन गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कृपाल सिंह और लखेरे कुआं चैकी प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह पुलिस बल एवं गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंच गए। काफी प्रयास के बाद लखेरे कुआँ चैकी इंचार्ज जितेंद्र प्रताप सिंह ने गोताखोरों की मदद से युवक को चैकी इंचार्ज ने कुंड में कूदकर उसे बाहर निकाला गया। उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसवंतनगर ले जाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. विकास अग्निहोत्री ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया कि अर्जुन के पिता सुभाष चंद्र का चार वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। परिवार में मां मनचली देवी, पत्नी रचना, दो छोटे बेटे शुभ्यांश (2 वर्ष) और सूर्यांश (1 वर्ष) तथा छोटा भाई अभिषेक (17 वर्ष) हैं। युवक कृषि कार्य कर परिवार का भरण-पोषण करता था। घटना के बाद गांव और परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि.**
**अधीक्षण अभियन्ता -तकनीकी, गोमती नगर क्षेत्र, लखनऊ**

**ई-निविदा सूचना :** वि. आ. सं. 1570 : दिनांक : 29.05.2026

**निविदा सं एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 41/SE(T)/GNZ/ 2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के.वी. एण्ड एल.टी. गोमती नगर, लखनऊ के विराजखण्ड उपकेन्द्र के क्षेत्रान्तर्गत अतिरिक्त परिवर्तक स्थापित करने एवं लाइन सम्बन्धी कार्य, प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00, धरोहर राशि रू. 33,100.00
2. 42/SE(T)/GNZ/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के.वी. एण्ड एल.टी. गोमती नगर, लखनऊ के सेक्टर-5 उपकेन्द्र के क्षेत्रान्तर्गत परिवर्तक की क्षमतावृद्धि का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00, धरोहर राशि रू. 29,900.00
3. 43/SE(T)/GNZ/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के.वी. एण्ड एल.टी. गोमती नगर, लखनऊ के सेक्टर-5 उपकेन्द्र के क्षेत्रान्तर्गत अतिरिक्त परिवर्तक स्थापित करने एवं लाइन सम्बन्धी कार्य, प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00, धरोहर राशि रू. 46,100.00
4. 44/SE(T)/GNZ/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के.वी. एण्ड एल.टी. गोमती नगर, लखनऊ के लौलाई उपकेन्द्र के क्षेत्रान्तर्गत लाइन सम्बन्धी कार्य, प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00, धरोहर राशि रू. 46,700.00
5. 45/SE(T)/GNZ/ 2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के.वी. एण्ड एल.टी. गोमती नगर, लखनऊ के लौलाई उपकेन्द्र के क्षेत्रान्तर्गत परिवर्तकों की क्षमतावृद्धि का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00, धरोहर राशि रू. 37,600.00
6. 46/SE(T)/GNZ/ 2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के.वी. एण्ड एल.टी. गोमती नगर, लखनऊ के लौलाई उपकेन्द्र अतिरिक्त परिवर्तक स्थापित करने का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00, धरोहर राशि रू. 34,000.00
7. 47/SE(T)/GNZ/ 2026-27, अधीक्षण अभियन्ता (तक०), गोमती नगर क्षेत्र, लखनऊ के क्षेत्रान्तर्गत आर0एम0यू0 स्थापित करने का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00, धरोहर राशि रू0 36,700.00
8. 48/SE(T)/GNZ/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के.वी. एण्ड एल.टी. इन्दिरा नगर, लखनऊ के क्षेत्रान्तर्गत अतिरिक्त परिवर्तक स्थापित करने एवं लाइन सम्बन्धी कार्य, प्रपत्र शुल्क रू.3540.00, धरोहर राशि रू. 64,800.00
9. 49/SE(T)/GNZ/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के.वी. एण्ड एल.टी. इन्दिरा नगर, लखनऊ के सेक्टर-14 (ओल्ड एवं न्यू) उपकेन्द्र क्षेत्रान्तर्गत अतिरिक्त परिवर्तक की स्थापना एवं क्षमतावृद्धि का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00, धरोहर राशि रू. 90,500.00
10. 50/SE(T)/GNZ/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के.वी. एण्ड एल.टी. इन्दिरा नगर, लखनऊ के सर्वोदय नगर एवं एच.ए.एल. उपकेन्द्र क्षेत्रान्तर्गत अतिरिक्त परिवर्तक की स्थापना का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00, धरोहर राशि रू. 52,000.00

**ई-निविदा की अन्तिम तिथि :** 12.06.2026 को 17:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाए वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।

## उन्नाव रायबरेली की संयुक्त टीम ने अवैध शराब बरामद की

**उन्नाव।** जिला आबकारी अधिकारी, अनुराग मिश्र ने बताया हैं कि शराब की बिक्री व तस्करी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान में रॉबिन आर्या, आबकारी निरीक्षक, रायबरेली एवं पी.पी. टंडन, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-3 सफीपुर व निशांत सिंह, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-4 पुरवा, उन्नाव मय हमराह की संयुक्त टीम द्वारा थाना मौरावां अंतर्गत ग्राम असरेंदा व बरेंदा में सई नदी के किनारे छापेमारी के दौरान 16 लीटर कच्ची शराब बरामद कर 01 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धारा में पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही की गई व लगभग 300 किग्रा लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया।

# वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ



**चरगांवा,गोरखपुर।** शनिवार 30 मई से 8 जून 2026 तक चलने वाले वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 155 आज प्रारम्भ हो गया। जनपद के केंद्रीय विद्यालय संख्या 2 उनौला में सम्पन्न होने वाले इस शिविर में 600 कैडेटो का प्रतिभाग है जहाँ इसे एन० सीसी के विशाल पाठ्यक्रम पर आधारित अनेक सैन्य और असैन्य गतिविधियाँ प्रस्तावित हैं।

45 यू० पी० एन सी सी बटालियन के कमान प्रमुख कर्नल जयवीर सिंह (सेना मेडल) के नेतृत्व मे प्रशिक्षण मे भारतीय थल सेना के ख्याति प्राप्त विभिन्न पदक्रम के अनुदेशक लगाये गये हैं। प्रातः 6 बजे पी० टी० परेड से लेकर साय 6 बजे रोल काल तक प्रशिक्षण अपने चरम पर होगा। डिप्टी कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल अमित कुनार सिंह प्रशिक्षण के प्रत्येक सोपान पर अपनी भौतिक दृष्टि बनाये हुये हैं। कैम्प के प्रथम दिन आज 45 यू० पी० एन सी सी बटालियन से आबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों ऐवम विद्यालयों के कैडेट्स ने अपनी सहभागिता हेतु कैम्प के स्वागत पटल पर अपने दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत होकर अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। तदोपरांत थल सेना के अनुदेशकों द्वारा उन्हें कैम्प में रहने के तौर तरीकों सुर गतिविधियों से परिचित कराया गया। उन्हें प्रशिक्षण शिविर में होने वाली गतिविधियों ऐवम प्रतियोगिताओं के विषय में गहन जानकारी दिया गया। आज शाम को कैम्प कमांडेंट कर्नल जयवीर सिंह (सेना मेडल) द्वारा उद्घाटन सत्र को संबोधित किया गया। इस अवसर पर सूबेदार मेजर राकेश कुमार, सूबेदार अरविंद कुमार, सूबेदार विष्णु पुरी, सूबेदार क्वाटर मास्टर आदि उपस्थित थे। यह जानकारी शिविर प्रवक्ता डॉ० शिवेंद्र त्रिपाठी ने दी।

## ताला तोड़ने का आरोप

**गीडा,गोरखपुर।** पिपरौली विकास खंड कार्यालय परिसर में बने सरकारी आवासों को लेकर ब्लॉक प्रशासन और गीडा पुलिस के बीच विवाद गहरा गया है। खंड विकास अधिकारी ने बीते 23 मई को एसएसपी को पत्र लिखकर गीडा थाने के पुलिसकर्मियों पर सरकारी आवासों पर अवैध कब्जा करने और परिसर का माहौल खराब करने का गंभीर आरोप लगाया है। बीडीओ राकेश कुमार शुक्ला द्वारा एसएसपी को भेजे गए पत्र में बताया कि विकास खंड कार्यालय परिसर के सरकारी आवासों में वर्तमान समय में गीडा थाने की महिला पुलिसकर्मी व अन्य स्टाफ अनाधिकृत रूप से रह रहे हैं। इन्हें पूर्व में 17 जनवरी 2026 को पत्र संख्या 1065 के माध्यम से आवास खाली करने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद भी कई बार मौखिक और लिखित रूप से अवगत कराया गया, लेकिन निर्धारित समय सीमा बीतने के बाद भी आवास खाली नहीं किए गये। ब्लॉक प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है।

संक्षेप

## तेज आंधी और बारिश से सैकड़ों गांव अंधेरे में डूबे

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में अचानक आंधी और बारिश से आम और सब्जी की फसलों को भारी नुकसान हुआ है वहीं विद्युत आपूर्ति व्यवस्था ठप्प हो गई है। जिससे सैकड़ो गांव अंधेरे में डूबे हुए हैं। संविदा कर्मियों के सहारे व्यवस्था ठीक करने का जुम्मा है। अचानक बदले मौसम में तेज आंधी के साथ बूंदाबांदी शुरू होने में बिजली की लाइनें पेड़ गिरने से क्षतिग्रस्त हो गई जिससे आपूर्ति व्यवस्था लड़खड़ा गई है। कार्य संविदा कर्मचारियों का कहना है स्टोर में पर्याप्त सामान उपलब्ध न होने के चलते लाइनों को ठीक करने में लंबा समय लग रहा है। जुगाड़ से दूसरी ठप्प बड़ी लाइनों के खंभे और तार खोलकर लगाने को मजबूर हो रहे हैं। पावर हाउस पहले से ही ओवरलोड चल रहे हैं। समय से से पहले गर्मियों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था की तैयारी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई जिसके चलते मुसीबत का सामना उठाना पड़ रहा है।

## छेड़छाड़ और पुलिस पर दुर्व्यवहार के आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। मैलानी थाना क्षेत्र में महिलाओं और किशोरियों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। सोशल मीडिया पर एक युवती का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह कुछ युवकों पर छेड़छाड़ और पुलिस पर दुर्व्यवहार करने के गंभीर आरोप लगाती नजर आ रही है। वायरल वीडियो में युवती रोते हुए बता रही है कि वह गांव की एक दुकान पर मौजूद थी, तभी तीन युवकों ने उसके साथ कथित रूप से छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। युवती का आरोप है कि घटना की शिकायत लेकर जब वह थाने पहुंची तो वहां भी उसे न्याय नहीं मिला। वीडियो में वह आरोप लगा रही है कि एक उपनिरीक्षक ने उसके साथ मारपीट की और कुछ सादे कागजों पर जबरन अंगूठा लगवा लिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। स्थानीय लोग मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

## किशोरी विकास प्रशिक्षण वर्ग का समापन

जौनपुर। सेवा भारती समिति काशी प्रान्त के तत्वावधान में आयोजित ह्लकिशोरी विकास प्रशिक्षण वर्ग का दीक्षांत समारोह के साथ भव्य समापन हुआ। जिसमें किशोरियों के सर्वांगीण विकास पर जोर देते हुए संस्कार, स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण का एक अद्भुत संगम देखने को मिला। विभाग अध्यक्ष डॉ तेज सिंह, जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता, विशिष्ट अतिथि विनीत सेठ, विशिष्ट अतिथि सूर्य प्रकाश सिंह मुन्ना, क्षेत्र संयोजिका शारदा वर्गाधिकारी डॉ वंदना सरकार, प्रान्त मंत्री डॉ0 संध्या सिंह, वर्ग कार्यवाहिका नीतू सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता रश्मि सिंह, जिला महामंत्री देवेश गुप्ता, विभाग से रोहित मिश्र ने कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली किशोरियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया, ।मुख्य वक्ता प्रांत उपाध्यक्ष गुलाबचंद श्रीवास्तव ने कहा कि किशोरियाँ हमारे समाज की रीढ़ हैं। उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना ही देश को उन्नति के पथ पर ले जाना है। इस वर्ग के माध्यम से किशोरियों को न केवल नैतिक मूल्यों और भारतीय संस्कृति के संस्कारों से जोड़ा गया।

# जनसुनवाई में अधिकारियों को विधायक का अल्टीमेटम



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। गोंदलामऊ क्षेत्र में लगातार मिल रही विद्युत आपूर्ति संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शनिवार को गोंदलामऊ पावर हाउस परिसर में भाजपा विधायक मनीष रावत की पहल पर विशेष जनसुनवाई एवं समस्या समाधान कैंप आयोजित किया गया।

कैंप में विद्युत विभाग के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र समाधान का भरोसा दिया। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता (एक्सईएन), उपखंड अधिकारी (एसडीओ) सहित विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों और बिजली उपभोक्ताओं ने विद्युत कटौती, लो-वोल्टेज, जर्जर लाइनें और अनियमित आपूर्ति जैसी समस्याओं को लेकर समस्याओं को लेकर लिखित शिकायतें दर्ज कराईं। जनसुनवाई को संबोधित करते हुए विधायक मनीष रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित रोस्टर के अनुसार बिजली उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन गोंदलामऊ क्षेत्र से लगातार शिकायतें मिलना चिंता का विषय है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए विभाग के पास केवल एक माह का समय है। यदि इसके बाद भी हालात नहीं सुधरे और किसी लाइनमैन या जूनियर इंजीनियर की लापरवाही सामने आई तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई कराई जाएगी। सिधौली के एसडीओ आशुतोष गुप्ता ने बताया कि गोंदलामऊ पावर हाउस से करीब 650 किसानों के नलकूप कनेक्शन संचालित हैं। अधिक विद्युत भार के कारण आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो रही है, जिसे दुरुस्त करने के लिए विभाग आवश्यक कदम उठा रहा है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सर्वेश रावत, योगेंद्र सिंह, इंद्र प्रताप सिंह ह्यलिटिलह्य, सुशील सिंह, मुनेंद्र द्विवेदी, दिनेश शर्मा, वीरेंद्र पटेल, पप्पू सिंह, बी.बी. सिंह, पवन सिंह, अनुज अवस्थी, सर्वेश मिश्रा समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

## मनीष रावत व्यवस्थाओं की सराहना कर गोवंशों को खिलाया गुड़



संदना/सीतापुर। क्षेत्रीय विधायक मनीष रावत ने शनिवार को विकास खंड गोंदलामऊ के अशुवामऊ गांव स्थित गौशाला का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोवंशों को गुड़ खिलाया और उनके संरक्षण व देखभाल की व्यवस्था का अवलोकन किया। विधायक ने गौशाला में साफ-सफाई, चारा-पानी और गोवंशों की देखरेख की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि गोवंशों की सेवा और संरक्षण भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण परंपरा है। उन्होंने गौशाला के सफल संचालन एवं गोवंशों की समुचित देखभाल के लिए प्रधान प्रतिनिधि मुनेंद्र द्विवेदी की सराहना की। मनीष रावत ने कहा कि अशुवामऊ गौशाला अन्य ग्राम पंचायतों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने संबंधित लोगों से व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने तथा गोवंशों के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर योगेन्द्र सिंह, प्रधान प्रतिनिधि मुनेन्द्र द्विवेदी, दीनू शुक्ला, पप्पू सिंह, इन्द्र प्रताप सिंह उर्फ लिटिल, अखिलेश कुमार सहित अनेक ग्रामीण एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भारतीय विज्ञान संस्थान में मनप्रियम का चयन

पलियाकलां खीरी। बांकेगंज-खीरी के निवासी और लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र मनप्रियम ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परचम फहराते हुए जनपद का मान बढ़ाया है। देश के प्रतिष्ठित भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु (आई.आई.एससी.) में एकीकृत शोध के लिए उन्हें चयनित किया गया है। वे वहाँ प्रवेश लेकर मैथमेटिकल साइंस विषय में अपने गुणवत्तापरक अध्ययन और शोध को नए आयाम देंगे। उल्लेखनीय है कि लखनऊ विश्वविद्यालय के बी.एससी. छठवें सेमेस्टर के छात्र मनप्रियम ने विगत माह आई.आई.टी.जैम (ज्वाइंट एडमिशन टेस्ट फॉर मास्टर्स) परीक्षा में आल इंडिया 45वीं रैंक हासिल की थी। साथ ही कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (पीजी) में भी चौथी आल इंडिया रैंक हासिल कर इतिहास रचा था। आई.आई.टी. जैम स्कोर के आधार पर मनप्रियम ने देश के सर्वोत्कृष्ट भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरु में एकीकृत शोध के मैथमेटिकल साइंस पाठ्यक्रम हेतु विगत 18 मई को साक्षात्कार दिया था। संस्थान ने साक्षात्कार में उन्हें सफल घोषित करते हुए ऑफर लेटर भेजा है। यद्यपि मनप्रियम एक दिन पूर्व ही आई.आई.टी. कानपुर में मैथमेटिक्स मास्टर्स के लिए अपनी सीट लॉक कर चुके थे, लेकिन आई.आई.एससी. का ऑफर लेटर मिलने के बाद उन्होंने संस्थान में एकीकृत शोध को प्राथमिकता देते हुए प्रवेश की तैयारी शुरू कर दी है। मनप्रियम का कहना है आई.आई.एससी. में प्रवेश प्राप्त करना उनका सपना था। राष्ट्रीय स्तर की दोनों ही परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफलता के बाद उत्कृष्ट उच्च शिक्षा और शोध के लिए देश के शीर्षतम विज्ञान शिक्षा संस्थान में दाखिला मिलने से वे अत्यंत उत्साहित हैं।



## जनगणना कार्य के दौरान प्रगणक पर हमला, रिपोर्ट दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम इमलिया में जनगणना कार्य के दौरान एक प्रगणक के घायल होने का मामला सामने आया है। प्रगणक ने गांव के एक युवक पर गाली-गलौज, मारपीट और सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जनगणना विभाग द्वारा नियुक्त प्रगणक विमलेश कुमार वर्मा को आवंटित क्षेत्र में सर्वेक्षण कार्य की जिम्मेदारी दी गई थी। विमलेश कुमार का आरोप है कि गुरुवार शाम करीब 6.30 बजे वह ग्राम इमलिया में घर-घर जाकर जनगणना का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान गांव निवासी योगेश नामक युवक ने उनके साथ अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया। आरोप है कि विरोध करने पर युवक ने सरकारी अभिलेख छीनने का प्रयास किया और पानी से भरी बोतल फेंककर मार दी, जो उनकी नाक पर लगी। इसके बाद उसने मुक्कों से भी हमला किया, जिससे उनकी नाक से खून निकलने लगा और वह बेहोश होकर गिर पड़े। प्रगणक के अनुसार ग्रामीणों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत खतरे से बाहर बताई। घटना के बाद उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं दूसरी ओर आरोपी युवक के पिता हरिशरण शुक्ल ने बताया कि जनगणना कार्य के दौरान उनका पुत्र योगेश असामान्य व्यवहार कर रहा था। उनका कहना है कि योगेश पिछले लगभग दो वर्षों से मानसिक बीमारी से पीड़ित है और उसका उपचार बरेली के एक चिकित्सक से चल रहा है। उन्होंने दावा किया कि युवक ने पानी की बोतल फेंकी थी, जो प्रगणक को लग गई।

## नहर में नहाते समय डूबने से युवक की मौत



मोहम्मदी खीरी। कस्बा से अपने दोस्तों के साथ मछेछा के पास निकली नहर में नहाते समय डूबने लगा दोस्तों के बचाने का प्रयास विफल हो जाने से गहरे पानी में डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई काफी मशक्कत के बाद स्थानीय गोताखोरों द्वारा लंबी दूरी से शव बरामद कर लिया है परिजनों की शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार शनिवार को मोहल्ला भीतर मोहम्मदी निवासी मुन्ना पुत्र नसरुद्दीन 27 वर्षीय अपने दोस्तों के साथ मछेछा के पास निकली महाशिल बाली नहर में नहाने गया था 12 बजे करीब अचानक गहरे पानी में पहुंचकर नहाते समय डूबने लगा दोस्तों ने बचाने का प्रयास किया जो सफल नहीं हो पाया तब तक पानी की तेज धार में बह गया सूचना पर पहुंची पसगवां पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से 2 घंटे बाद लंबी दूरी पर डूबे युवक का शव बरामद कर लिया सूचना पर पहुंचे परिजनों के शिनाख्त करने पर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# ट्रेलर से टकरायी कार में लगी आग, चालक की मौत

सीतापुर। कोतवाली देहात क्षेत्र में शुक्रवार देर रात सीतापुर-लखीमपुर मार्ग पर उल्जापुर के पास हुए भीषण सड़क हादसे में कार चालक की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा ट्रेलर, ट्रक और कार की टक्कर के बाद हुआ। जानकारी के अनुसार, आगे चल रहे ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे आ रहा ट्रेलर उससे टकरा गया।

टक्कर में ट्रेलर चालक प्रदीप कुमार निवासी महोलिया (रेउसा) गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका हाथ टूट गया। इसी बीच पीछे से तेज रफ्तार में आ रही कार अनियंत्रित होकर ट्रेलर में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में आग लग गई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने साहस दिखाते हुए कार सवारों को बाहर निकाला। हादसे में कार चालक अंकुर श्रीवास्तव (34) निवासी घूरामऊ बंगला की मौत हो गई, जबकि अंशु निवासी लखीमपुर खीरी और ट्रेलर चालक प्रदीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने अंकुर को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली देहात इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया कि क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच और विधिक कार्रवाई की जा रही है। हादसे के बाद कुछ समय तक मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से आठ माह के मासूम की मौत, माता-पिता घायल

सीतापुर। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ठठेरी टोला में शनिवार शाम हुए दर्दनाक सड़क हादसे में आठ माह के मासूम की मौत हो गई, जबकि उसके माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार सकरन थाना क्षेत्र के ग्राम जमलापुर निवासी अनुज शुक्ला (35) अपनी पत्नी बिंदु कुमारी (34) और आठ माह के पुत्र गणेश के साथ मोटरसाइकिल से दवा लेने लहरपुर आ रहे थे। शाम करीब छह बजे मस्जिद के पास मोड़ पर उनकी बाइक एक ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गई। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मासूम गणेश को मृत घोषित कर दिया। अनुज और बिंदु का उपचार जारी है। बच्चे की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## आज से शुरू होगा 19वां गोला कप डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। क्षेत्र के क्रिकेट प्रेमियों के लिए बहुप्रतीक्षित 19वें गोला कप डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन रविवार सायं 6 बजे स्वर्गीय राजेंद्र गिरि स्टेडियम, पब्लिक इंटर कॉलेज परिसर में किया जाएगा। टूर्नामेंट को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सुमित कौशिक होंगे, जबकि डॉ. आशुतोष गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि गोला कप क्षेत्र की प्रतिष्ठित क्रिकेट प्रतियोगिताओं में शामिल है, जिसमें विभिन्न जिलों और क्षेत्रों की टीमें प्रतिभाग करती हैं। डे-नाइट प्रारूप में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबलों की उम्मीद है। आयोजन समिति ने क्षेत्र के खेल प्रेमियों, गणमान्य नागरिकों और क्रिकेट खिलाड़ियों से उद्घाटन समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने तथा टूनार्मेंट की शोभा बढ़ाने की अपील की है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों एवं दर्शकों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजकों का कहना है कि टूर्नामेंट के माध्यम से क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का बेहतर मंच मिलेगा।

# सड़क सुरक्षा के नियम तोड़ने वालों पर हो सख्त कार्रवाई : डीएम




लखीमपुर खीरी। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं जाने, यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को अटल सभागार में डीएम अंजनी कुमार सिंह और सीडीओ अभिषेक कुमार ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली।

बैठक का संयोजन, संचालन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड (तृतीय) के अधिशाषी अभियंता अनिल कुमार यादव, एआरटीओ शांति भूषण पांडे ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल विभागीय जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जनजीवन की सुरक्षा का विषय है। परिवहन और पुलिस विभाग को संयुक्त अभियान चलाकर सड़क पर ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। डीएम ने राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग, अन्य प्रमुख मार्गों पर आवश्यक संकेतकों तथा निर्धारित गति सीमा के बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। सड़क पर स्पष्ट संकेतक और गति सीमा की जानकारी दुर्घटनाओं को कम करने में अहम भूमिका निभाती है। बैठक में डीएम ने मुख्य मार्गों से जुड़ने वाले टी-जंक्शनों को दुर्घटना की दृष्टि से संवेदनशील बताते हुए वहां रंबल स्ट्रिप बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए तैयार कार्ययोजना और अब तक किए गए सुधारात्मक उपायों की जानकारी ली। इस दौरान अधिकारियों ने पीपीटी के माध्यम से सड़क सुरक्षा संबंधी कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया। डीएम ने डीआईओएस विनोद कुमार मिश्रा से विद्यालयों में गठित रोड सेफ्टी क्लबों की स्थिति और उनकी सक्रियता की समीक्षा करते हुए विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा का संदेश देने पर जोर दिया। बैठक में एआरटीओ शांति भूषण पांडे ने परिवहन विभाग की प्रवर्तन कार्यवाहियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया, जबकि सीओ ट्रैफिक ने पुलिस विभाग की ओर से की गई कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिन वाहनों पर पांच से अधिक चालान लंबित हैं, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई के लिए परिवहन विभाग को रिपोर्ट भेज दी गई है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सभी संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर सड़क सुरक्षा संबंधी अभियानों को और प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा आमजन, विशेषकर युवाओं और विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। इनकी रही मौजूदगी बैठक में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम, एआरटीओ शांति भूषण पांडे, ईई पीडब्ल्यूडी अनिल कुमार यादव, तरुणेन्द्र त्रिपाठी, केके झा, एआरएम रोडवेज लखीमपुर/गोला, जिला विद्यालय निरीक्षक, बीएसए, शुगर मिल के प्रतिनिधि, सहित जिला सड़क सुरक्षा समिति के सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

# सीडीओ ने पारदर्शिता से कर्मचारियों की करायी तैनाती

लखीमपुर खीरी। स्थानांतरण प्रक्रिया को लेकर अक्सर उठने वाले सवालों और चचाओं के बीच लखीमपुर खीरी में मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने पारदर्शिता और सुशासन की ऐसी मिसाल पेश की, जिसकी चर्चा विकास भवन से लेकर गांवों तक हो रही है। शासन की स्थानांतरण नीति का अक्षरशः पालन करते हुए सीडीओ ने कर्मचारियों को उनकी पसंद के अनुसार तैनाती देकर व्यवस्था में भरोसे का नया अध्याय जोड़ा है। ग्राम विकास एवं पंचायती राज विभाग में वर्षों से एक ही स्थान पर कार्यरत सबसे वरिष्ठ कर्मचारियों के स्थानांतरण की प्रक्रिया इस बार पूरी तरह खुली और पारदर्शी रही। विकास भवन में आयोजित प्रक्रिया के दौरान सीडीओ अभिषेक कुमार ने स्वयं कर्मचारियों के सामने विभिन्न ब्लॉकों की रिक्तियां प्रदर्शित कराईं और फिर उनकी वरीयता के आधार पर तैनाती सुनिश्चित की। पंचायती राज विभाग में 114 ग्राम पंचायत अधिकारियों के सापेक्ष स्थानांतरण योग्य 11 कर्मचारियों तथा ग्राम विकास विभाग में 102 ग्राम विकास अधिकारियों के सापेक्ष 10 कर्मचारियों को उनकी इच्छा के अनुरूप नए कार्यक्षेत्र आवंटित किए गए। इतना ही नहीं, चयन प्रक्रिया पूरी होते ही मौके पर स्थानांतरण आदेश भी सौंप दिए गए। पहले एजुकेटर भर्ती, अब ट्रांसफर में भी पारदर्शिता सीडीओ अभिषेक कुमार का यह कदम इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि इससे पहले 120 एजुकेटर पदों पर भर्ती प्रक्रिया को भी उन्होंने पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया था। पहले दिन परीक्षा, परिणाम और मेरिट घोषित की। वही डॉक्युमेंट वेरीफिकेशन, विद्यालय आवंटन की प्रक्रिया एक ही दिन में पूरी कराकर अभ्यर्थियों की पसंद के अनुरूप स्कूल आवंटित किए गए थे।

### प्रशासनिक कार्यशैली बनी चर्चा का विषय

कम समय में तेज निर्णय, नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन और हर प्रक्रिया को खुला एवं पारदर्शी बनाने की कार्यशैली ने सीडीओ अभिषेक कुमार को अलग पहचान दी है। ट्रांसफर प्रक्रिया के इस मॉडल ने न केवल कर्मचारियों का भरोसा बढ़ाया, बल्कि यह संदेश भी दिया कि प्रशासनिक निर्णय निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ लिए जाएं तो विवादों की संभावना स्वतः समाप्त हो जाती है।

## आदर्श क्रिकेट जूनियर टूर्नामेंट अंडर-18 का खिताब पतारा कलां ने जीता

सीतापुर। कमलापुर मे चल रहे आदर्श क्रिकेट जूनियर टूर्नामेंट अंडर-18 का रोमांचक फाइनल मुकाबला पतारा कलां और सरोरा कलां की टीमों के बीच खेला गया।



मैच में पतारा कलां की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सरोरा कलां की टीम ने 73 रन का लक्ष्य खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जूनियर हिटर्स इलेवन पतारा कलां की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 विकेट से मुकाबला जीतकर टूर्नामेंट पर कब्जा कर लिया। मैच में रितेश पाल ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं उनके बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए मैन ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब भी दिया गया। फाइनल मुकाबले के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर आयोजक पवन यादव सहित कमेटी सदस्य महेंद्र कुमार, गुड़ान, मितांशु, विकास शर्मा, आकाश शर्मा, दिलीप कुमार, प्रेम कुमार, अनमोल शर्मा और आदर्श विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## कवि सम्मेलन में गूंजीं साहित्य और संस्कृति की स्वर लहरियां



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। मां मंगलादेवी के नवीन भवन में शब्दाक्षर संस्था के तत्वावधान में विशाल कवि सम्मेलन एवं साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि एवं शब्दाक्षर के संरक्षक बेनीराम अंजान ने की, जबकि मुख्य अतिथि संतोष हिन्दवी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं गोलोकवासी संत कुमार बाजपेयी को श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडित बृजेश तिवारी ने पूजन सम्पन्न कराया तथा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। आयोजन के प्रारंभ में जिलाध्यक्ष डॉ. वीरेश बाजपेयी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह को शाल एवं सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथियों में माता प्रसाद तिवारी, गौरव सिंह विकास, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी तथा शशिकांत मिश्र शशि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव आलोक तिवारी ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू भी उपस्थित रहे और साहित्यिक आयोजन की सराहना की।

कवि सम्मेलन के दौरान साहित्यकार श्याम मोहन मिश्र की पुस्तक दादा जी की मूंछ का लोकार्पण राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह के करकमलों द्वारा किया गया। वहीं वरिष्ठ कवि सुरेश संदेश एवं वेदप्रकाश अग्निहोत्री ने अपनी-अपनी पुस्तकें राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेंट कर सम्मान व्यक्त किया। कवि सम्मेलन में प्रमोद गुप्ता भोले, भगवती प्रसाद बेधड़क, श्रीकांत तिवारी, रामकुमार गुप्ता, गेंदनलाल कनौजिया, मुनेंद्र मंजुल, श्याम किशोर, रविसुत शुक्ल, सुधीर अवस्थी, यतीश शुक्ल सहित अनेक कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। हास्य, व्यंग्य, वीर रस, श्रृंगार और समसामयिक विषयों पर प्रस्तुत कविताओं को खूब सराहना मिली। अंत में जिलाध्यक्ष डॉ. वीरेश बाजपेयी ने सभी अतिथियों, कवियों एवं श्रोताओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## मांगों को लेकर धरना दूसरे दिन भी जारी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। चीनी मिल में कर्मचारियों और श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर श्रमिक संगठनों एवं यूनियनों का धरना-प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में श्रमिकों ने एकत्र होकर मिल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की और लंबित मांगों के शीघ्र समाधान की मांग उठाई। धरने में गन्ना मजदूरी यूनियन, भारतीय चीनी मिल मजदूर संघ, शंकर मजदूर यूनियन शुगर फैक्ट्री तथा श्रमिक कल्याण संघ सहित कई संगठनों के पदाधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। आंदोलन का नेतृत्व हरिशंकर कश्यप, शैलेंद्र शाह, दीनानाथ यादव, गिरजा शंकर, दामोदर नाथ तिवारी, राजकुमार अवस्थी और रामकुमार सिंह सहित अन्य श्रमिक नेताओं ने किया।

श्रमिक नेताओं ने आरोप लगाया कि मिल प्रबंधन कर्मचारियों की समस्याओं की लगातार अनदेखी कर रहा है, जिससे कर्मचारियों में भारी असंतोष व्याप्त है। उनका कहना है कि कई महीनों से कर्मचारियों को बोनस का भुगतान नहीं किया गया है, जबकि ठेका कर्मचारियों को तीन माह से वेतन नहीं मिला है। नेताओं ने आरोप लगाया कि ठेका श्रमिकों को निर्धारित मानकों के अनुरूप वेतन नहीं दिया जा रहा है और उन्हें अवकाश सहित अन्य श्रमिक सुविधाओं से भी वंचित रखा जा रहा है। इसके अलावा कर्मचारियों पर अत्यधिक कार्यभार डाले जाने से वे मानसिक और शारीरिक दबाव का सामना कर रहे हैं। धरने के दौरान यूनियन पदाधिकारियों ने मकसूदापुर फैक्ट्री से जुड़े एक मामले का भी उल्लेख किया। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां कर्मचारियों की सेवा समाप्त करने तथा एक कर्मचारी को आत्महत्या के लिए मजबूर करने जैसे गंभीर आरोपों से जुड़े व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय उसे गोला फैक्ट्री में जिम्मेदारी दे दी गई है, जिसका श्रमिक संगठन विरोध कर रहे हैं। धरना स्थल पर मौजूद नेताओं ने कहा कि जब तक उनकी सभी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रबंधन ने जल्द समाधान नहीं निकाला तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। दूसरे दिन भी श्रमिकों ने नारेबाजी कर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की।

# राहुल गांधी के नेतृत्व में लड़ी जा रही संविधान व लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई : वीरेंद्र चौधरी

सीतापुर। जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में स्थानीय मुस्कान गेस्ट हाउस में आयोजित कांग्रेस शंखनाद कार्यक्रम में पार्टी नेताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों का बिगुल फूंका।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक एवं कांग्रेस के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गांधी के बब्बर शेर हैं और देश में संविधान व लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई राहुल गांधी के नेतृत्व में लड़ी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह कांग्रेस की नीतियों और राहुल गांधी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाए। उन्होंने दावा किया कि 2027 में उत्तर प्रदेश में सत्ता परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त होगा। जिलाध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लें। शहर अध्यक्ष शिशिर वाजपेयी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि जनता आज कांग्रेस की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है। पूर्व विधायक हरीश बाजपेयी ने कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए संगठन की एकजुटता पर बल दिया। पूर्व जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने कार्यकताओं के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई जारी रखने की बात कही। प्रदेश महासचिव कुमुद गंगवार ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए परिवर्तन की आवश्यकता बताई, जबकि प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता ने बेरोजगारी, महंगाई और जनसमस्याओं को प्रमुख मुद्दा बताया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश निषाद ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव इमरान खान, वरिष्ठ




कांग्रेस नेता मोहम्मद सईद, राजेश दीक्षित, राघवेंद्र मिश्र, अजय सिंह, सुशील पांडेय, राजीव गुप्ता, विनोद तिवारी, महिला कांग्रेस की पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान संगठन विस्तार, बूथ स्तर पर मजबूती और आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क अभियान चलाने, आम जनता की समस्याओं को उठाने और कांग्रेस की नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पार्टी को मजबूत बनाने तथा आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया।

संक्षेप

## फरार आरोपी पर 20 हजार का इनाम घोषित

**कादीपुर, सुलतानपुर।** पुलिस अधीक्षक ने लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी अंबुज यादव की गिरफ्तारी के लिए 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। आरोपी कोतवाली क्षेत्र के अमरेथू डड़िया गांव का निवासी बताया गया है। पुलिस के अनुसार उसके खिलाफ कादीपुर समेत जिले के विभिन्न थानों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आमजन से आरोपी के संबंध में सटीक सूचना देने की अपील की है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

## सर्राफ की दुकान में चोरी पुलिस जांच में जुटी

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** वीरी हाजीपुर (मंगल नगर) बाजार स्थित कुमकुम ज्वेलर्स की दुकान का ताला तोड़कर चोर सोने के आभूषण चोरी कर ले गए। जौनपुर निवासी दुकान संचालक विपिन कुमार सोनी शुक्रवार सुबह दुकान पहुंचे तो शटर टूटा मिला। सीसीटीवी फुटेज में दो युवक मुंह बांधकर दुकान में घुसते दिखाई दिए। हालांकि दुकान की तिजोरी सुरक्षित बची रही। चोरी गए सामान का पूरा विवरण तैयार किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## पूर्णिमा पर चौरासी वाले आश्रम में भव्य प्रसाद वितरण

**सुलतानपुर (वीओएल)।** पूर्णिमा के पावन अवसर पर चैरासी वाले आश्रम में श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ भव्य प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता की। आश्रम परिसर पूरे समय भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम के उपरांत श्रद्धालुओं को विधिवत एवं प्रेमपूर्वक प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन की व्यवस्था आश्रम समिति एवं सेवाभावी कार्यकर्ताओं द्वारा सुव्यवस्थित ढंग से की गई। उपस्थित भक्तों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे सामाजिक समरसता व आध्यात्मिक आस्था का प्रतीक बताया।

## जनपद में सात परीक्षा केन्द्रों पर होगी बीएड प्रवेश परीक्षा

**रायबरेली।** बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी/राज्य नोडल अधिकारी द्वारा आयोजित संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2026 31 मई 2026 (दिन-रविवार) को दो पालियों में प्रथम पाली प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 2 बजे से 5 बजे तक सम्पन्न होनी है। कुल परीक्षा 7 केन्द्रों पर 2715 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

## बिजली मूल्य वृद्धि, कटौती निजीकरण वापस लो

**इटावा।** उ.प्र. में बिजली संकट और महंगाई से त्रस्त जनता पर योगी सरकार द्वारा बिजली दरों में 10 फीसदी की वृद्धि से आर्थिक संकट और बढ़ेगा। किसानसभा के प्रांतीय महामंत्री मुकुट सिंह ने बिजली दरों में इस वृद्धि की कड़ी निंदा करते हुए बिजली दर में वृद्धि, कटौती और निजीकरण को रोकने की पुरजोर मांग की है।

# व्यक्तिपरक प्रश्नों के प्रभावी उपयोग पर मार्गदर्शन दिया

## एनएसपीएस त्रिपुला में गणित शिक्षकों की कार्यशाला आयोजित



जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में शिक्षण पद्धति को अधिक प्रभावी एवं विद्यार्थियों के लिए रुचिकर बनाने के उद्देश्य से गणित विषय पर एक विशेष शिक्षक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय 'फ्रॉम रोट टू रीजनिंग रू इफेक्टिव यूज ऑफ सब्जेक्टिव क्वेश्चन्स इन कम्पोजिट मैथमेटिक्स बुक्स' रहा। कार्यक्रम में गणित शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यशाला में प्रशिक्षक डॉ. दिव्य बंसल ने शिक्षकों को रटने आधारित शिक्षा से आगे बढ़कर विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, अवधारणात्मक स्पष्टता तथा समस्या समाधान क्षमता विकसित करने के लिए व्यक्तिपरक प्रश्नों के प्रभावी उपयोग पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि गणित के अध्ययन में केवल उत्तर प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उत्तर तक पहुँचने की प्रक्रिया को समझना अधिक महत्वपूर्ण है।

प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों में विश्लेषणात्मक सोच एवं रचनात्मकता का विकास समय की आवश्यकता है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को नवीन शिक्षण तकनीकों से परिचित कराते हैं, जिससे कक्षा शिक्षण अधिक प्रभावी और परिणामोन्मुख बनता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास की आधारशिला हैं और उनकी सतत क्षमता वृद्धि विद्यालय की प्राथमिकता है।

इस अवसर पर राजीव सिंह (प्रधानाचार्य एनएसपीएस सलेथू), रुचि मिश्रा (प्रभारी प्रधानाचार्य ), संचिता त्रिवेदी, कफील अहमद, नवीन कुमार, प्रियांशी, श्रुती, शिवानी, रुपाली, प्रिया, वैशाली, अंजली, सरिता, सचिन, सूर्या, विभांश, मंजू, दीपांजलि, प्रिया, आशीष, विशाल, प्राकृति, माधुरी, अनूप, सौम्या, अमिता, सत्यम आदि शिक्षक / शिक्षिकाएँ मौजूद रहे।

## पत्नी की हत्या के प्रयास में पति को 7 वर्ष की कठोर कारावास की सजा

जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित पाल सिंह ने पत्नी की हत्या के प्रयास के मामले में दोषी पति को 7 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) अजय मौर्य ने बताया कि महराजगंज थाना क्षेत्र के बल्ला गांव में करीब एक वर्ष पूर्व आरोपी पति अपनी ससुराल पहुंचा था, जहां उसने पत्नी के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। विरोध करने पर आरोपी ने पत्नी को क्रूरता पूर्वक धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या करने का प्रयास किया।

घटना में गंभीर रूप से घायल महिला सितारा देवी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महाराजगंज ले जाया गया, जहां से उसकी हालत नाजुक होने पर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। बाद में उसका उपचार एम्स रायबरेली में भी कराया गया। मामले की विवेचना और न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 7 वर्ष के कठोर कारावास तथा अर्थदंड 30 हजार रुपए की सजा सुनाई। घटना के बाद से ही आरोपी जय अभिरक्षा में है जिसे आज सुनवायी के लिए लाया गया था। था उसे पुनः न्यायालय के आदेश के बाद जेल भेज दिया गया।

## सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत, केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** कादीपुर- दोस्तपुर मार्ग पर हुए सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के दामोदरपुर गांव निवासी रामपूजन (50) बीते 27 मई की सुबह अपने घर से साइकिल द्वारा मुस्तफाबाद सरैया स्थित जन सुविधा केंद्र की दुकान जा रहे थे। जैसे ही वह गांव के पास कादीपुर- दोस्तपुर मार्ग पर पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रामपूजन गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि मृतक के पुत्र अमित कुमार की तहरीर पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

## जमीन के विवाद में बेटे और पोते ने की बुजुर्ग की हत्या



**दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** दोस्तपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर खुर्द गांव में रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। जमीन विवाद के चलते बेटे और पोते ने मिलकर 70 वर्षीय बुजुर्ग की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मृतक की पहचान रामदयाल यादव के रूप में हुई है, जो ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। वह तीन दिनों से लापता थे। बुधवार को गांव स्थित एक डिग्री कॉलेज से करीब 200 मीटर दूर सूखे नाले के पास उनका शव मिला था। शव मिलने के बाद पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक के बेटे गुड्डू यादव उर्फ राम गिरी और पोते आकाश यादव ने जमीन विवाद को लेकर हत्या की साजिश रची थी। आरोपियों को आशंका थी कि रामदयाल यादव अपनी जमीन बेचकर छोटे बेटे को आर्थिक मदद कर सकते हैं। इसी बात को लेकर दोनों ने उनकी हत्या कर शव नाले के पास फेंक दिया। सीओ विनय गौतम ने बताया कि पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

## दो बाइकों की टक्कर में तीन युवक घायल

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** थाना क्षेत्र के लखनऊ-बलिया हाईवे पर स्थित कलावती गर्ल्स डिग्री कॉलेज के पास शनिवार को दो बाइकों की टक्कर में तीन युवक घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो युवकों को बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर 2 बजे के करीब थाना क्षेत्र के शाहपुर लपटा निवासी अवनीश कुमार पुत्र इसराज (30 वर्ष), आशीष कुमार कन्नौजिया पुत्र मुन्नू (18 वर्ष) तथा शनि पुत्र जोखू (20 वर्ष) अपाचे बाइक से किसी कार्य से दियरा चैराहे की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कलावती गर्ल्स डिग्री कॉलेज के निकट पीछे से आ रही दूसरी बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों युवक हाइवे पर गिर पड़े और घायल हो गए। हादसे में अवनीश कुमार और आशीष कुमार के सिर में गंभीर चोटें आईं, जबकि शनि को मामूली चोट लगी है। सीएचसी मोतिगरपुर में उपचार के बाद चिकित्सकों ने अवनीश और आशीष को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के समय किसी भी युवक ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी है।

## विश्व के सबसे बड़े गॉलब्लैडर स्टोन का सफल ऑपरेशन

**सैफई, इटावा।** उप्र आयुर्विज्ञान विवियूपीयूएमएस सैफई ने चिकित्सा जगत में एक नई ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। विवि के गैस्ट्रो सर्जरी विभाग के सर्जन डॉ. कन्हैया लाल चैधरी एवं उनकी टीम ने लैप्रोस्कोपिक तकनीक के माध्यम से विश्व के सबसे बड़े गॉलब्लैडर स्टोन 200 ग्राम वजन के साथ पित्ताशय की पथरी को सफलतापूर्वक निकालकर चिकित्सा क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

● डॉ. कन्हैयालाल ने बनाया नया कीर्तिमान

62 साल की महिला को मरीज लंबे समय से पेट दर्द, उल्टी और पाचन संबंधी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा था। जांच के दौरान उसके गॉलब्लैडर में अत्यंत विशाल आकार की पथरी पाई गई, जिसे सामान्य परिस्थितियों में ओपन सर्जरी द्वारा निकालना ही संभव माना जाता है। किंतु डॉ. कन्हैया लाल चैधरी ने आधुनिक लैप्रोस्कोपिक तकनीक का उपयोग कर इस जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, इतनी बड़ी पथरी को लैप्रोस्कोपिक विधि से निकालना अत्यंत चुनौतीपूर्ण माना जाता है। ऑपरेशन के दौरान अत्यधिक सावधानी, अनुभव और तकनीकी दक्षता की आवश्यकता होती है। डॉ. चौधरी और उनकी टीम ने कई घंटों की कठिन सर्जरी के बाद मरीज का सुरक्षित उपचार किया। ऑपरेशन के पश्चात मरीज पूरी तरह स्वस्थ है और तेजी से रिकवरी कर रहा है। इस उपलब्धि के बाद यूपीयूएमएस सैफई का नाम राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चर्चा का विषय बन गया है। विवि के कुलपति डॉ. अजय सिंह ने इस सफलता पर डॉ. कन्हैया लाल चौधरी एवं उनकी टीम को बधाई देते हुए इसे संस्थान के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि यह उपलब्धि आधुनिक सर्जरी तकनीकों की क्षमता और भारतीय चिकित्सकों की दक्षता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

# हर घर जल योजना से धनपतगंज के तीन गांवों को मिली बड़ी सौगात

● रामनगर फर्स्ट व धबिया पेयजल योजना शुरू, 691 परिवारों तक पहुंचेगा शुद्ध पेय जल

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** जनपद सुलतानपुर के विकास खंड धनपतगंज अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना के तहत एक और महत्वपूर्ण ग्राम पंचायत को हर घर जल योजना का लाभ मिल गया है। रामनगर फर्स्ट एवं धबिया समूह पेयजल योजना के अंतर्गत अब रामनगर फर्स्ट, अजीजपुर और धबिया गांव के ग्रामीणों को घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। योजना के चालू होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।

योजना के तहत कुल 691 परिवारों को फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन से जोड़ा गया है। इस परियोजना पर लगभग 370.71 लाख रुपये की लागत आई है। ग्रामीणों को नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 250 केएल क्षमता की ओवरहेड



टंकी का निर्माण 18 मीटर ऊंचाई पर कराया गया है। जलापूर्ति का रोस्टर सुबह 7 बजे से 10 बजे तक तथा शाम 3 बजे से 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से उन्हें पेयजल संकट का सामना करना पड़ता था। गर्मी के दिनों में हैंडपंप जवाब दे जाते थे और दूर-दराज से पानी लाना मजबूरी बन जाती थी। अब हर घर नल से जल पहुंचने पर लोगों को बड़ी राहत मिली है। महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक फायदा होगा। ग्राम रामनगर फर्स्ट निवासी राम केवल ने कहा कि सरकार की यह योजना गांव के लिए वरदान साबित हुई है। अब शुद्ध पानी घर तक पहुंच रहा है, जिससे समय और मेहनत दोनों की बचत होगी। अजीजपुर की निवासी शांति देवी ने बताया कि ह्लपहले पानी के लिए काफी परेशानियां उठानी पड़ती थीं। अब घर में नल लग जाने से काफी सहूलियत हो गई है। धबिया गांव के शिवकुमार ने कहा कि गांव में पहली बार इतनी बड़ी पेयजल योजना शुरू हुई है। इससे लोगों को स्वच्छ पानी मिलेगा और बीमारियां भी कम होंगी। वहीं ग्रामीण रेखा देवी ने कहा कि महिलाओं को सबसे ज्यादा राहत मिली है। पहले सुबह-शाम पानी भरने में घंटों लग जाते थे, अब वह समय परिवार और बच्चों को दे सकेंगे। ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन योजना के लिए सरकार एवं प्रशासन का आभार जताते हुए योजना के नियमित संचालन और रखरखाव की मांग की है।

## स्पोर्ट्स कॉलेज की प्रारंभिक चयन परीक्षा में जिले के खिलाड़ी चयनित

**सुलतानपुर (वीओएल)।** मंडल में आयोजित विभिन्न खेलों में स्पोर्ट कॉलेज की चयन प्रक्रिया में जिले से खिलाड़ियों ने पूर्व में प्रतिभाग किया था। कक्षा 6 9 और 11 में प्रवेश के लिए प्रदेश के पांच स्पोर्ट्स कॉलेज में सीटों का निर्धारण किया गया था, जिस क्रम में जिले से कई खिलाड़ियों ने मंडल ट्रायल दिया जिसकी सूची जारी कर दी गई है। हैंडबॉल में वैभव सिंह, गुरु हर्ष नारायण सेन, मेहताब अहमद चयनित हुए, कबड्डी बालक वर्ग में मोहम्मद असलम और हॉकी बालिका में स्वाती का चयन हुआ, वहीं क्रिकेट में देवांश भार्गव आयुष यादव का चयन मुख्य परीक्षा के लिए हुआ है तीन और चार को इसकी प्रक्रिया विभिन्न स्पोर्ट्स कॉलेज में प्रारंभ की जाएगी जिसकी सूची वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है। क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर ने बताया कि खिलाड़ियों का चयन उनकी मेहनत और त्याग का परिणाम है और भविष्य में सफल होने की शुभकामनाएं दी। स्टेडियम कोच प्रवीण मिश्रा, प्रदीप यादव, रामनरेश, आशा, आनंद श्रीवास्तव, मोहम्मद विक्रम सिंह, तारिक, वसीम, मुनेंद्र मिश्रा, इरशाद खान सहित खिलाड़ियों ने बधाई दी।

# मानवाधिकार आयोग की प्लेट लगाकर चल रही कार सीज




**जसवंतनगर, इटावा।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बस स्टैंड चौराहे के पास पुलिस ने संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रही एक हुंडई कार को सीज कर दिया। वाहन पर लगी अतिरिक्त प्लेट पर मानवाधिकार आयोग, स्टेट प्रेसिडेंट यूपी अंकित था। साथ ही कार के शीशों पर ब्लैक फिल्म और विंड स्क्रीन पर वीआईपी स्टीकर भी लगा मिला।

वाहन की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने पर उसे रोककर जांच की गई। जांच के दौरान कार में बैठा युवक शराब का सेवन करता मिला। पूछताछ में चालक एवं वाहन स्वामी विवेक सिंह निवासी गली नंबर1नियर गवरमेंट

● बस स्टैंड चौराहे पर पुलिस ने की कार्रवाई

स्कूल सबोली एक्टेंशन मंडोली नार्थ ईस्ट दिल्ली वाहन के आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की और आवश्यक कार्रवाई के बाद निजी मुचलके पर छोड़ दिया। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि वाहन पर लगी अतिरिक्त प्लेट, ब्लैक फिल्म और अन्य अनियमितताओं को देखते हुए कार को मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज कर दिया गया। साथ ही 5 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। वाहन को थाने में खड़ा कराया गया है। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मनायी बकरीद

जिला संवाददाता (vol)

**सलोन, रायबरेली।** कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बकरीद का पर्व गुरुवार को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। नगर के संवेदनशील स्थानों सहित प्रमुख चैराहों और ईदगाहों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन लगातार क्षेत्र में गश्त करता रहा।

बकरीद के अवसर पर सलोन कस्बे की ईदगाह में सुबह बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पहुंचकर नमाज अता की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी और आपसी भाईचारे तथा प्रेम का संदेश दिया। लोगों ने पुराने शिकवे-गिले भुलाकर सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाया। क्षेत्र के रतासो, बगहा, पैगम्बरपुर, पश्चिमी राजापुर, कटेह सहित अन्य गांवों और कस्बों की मस्जिदों एवं ईदगाहों में भी बकरीद की नमाज अदा की गई। नमाज के दौरान देश में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी गई। इ त्योहार को लेकर प्रशासन पहले से सतर्क रहा। एडिशनल एसपी आलोक सिंह ने पुलिस बल के साथ कस्बे में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। पुलिस प्रशासन की सक्रियता के चलते पूरे क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रही और कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

## स्वास्थ्य सेवाओं को जनोन्मुखी बनाने पर जोर, लंबित अनुदानों पर डीएम सख्त



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक आयोजित हुई, जिसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। डीएम ने स्वास्थ्य, पोषण और बाल विकास से जुड़े कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी, समावेशी और जनोन्मुखी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में मातृ स्वास्थ्य, कुपोषण, टीकाकरण, आयुष्मान भारत, टीबी उन्मूलन और आरबीएसके कार्यक्रमों की प्रगति पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने लंबित अनुदानों पर नाराजगी जताते हुए सोमवार तक निस्तारण का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने, विशेष जरूरत वाले बच्चों की निगरानी तथा डेंगू व मानसून को लेकर तैयारियां तेज करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## ई-रिक्शा पलटने से उसके नीचे दबकर एक बालक की मौके पर ही मौत, तीन घायल

**सलोन,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के धरई-कमालगंज मार्ग पर शनिवार सुबह एक ई-रिक्सा पलटने से उसके नीचे दबकर 11 वर्षीय नीलांश उर्फ ??नीलेश पुत्र लाला निवासी संभल का पूर्वा, थाना लालगंज अजगरा प्रतापगढ़ की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में उसकी मां वंदना देवी, दादी किशन कुमारी और आफताब को मामूली चोटें आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम ने बताया कि घटना में हताहत सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं। शनिवार सुबह किराए की ई रिक्सा लेकर किसी काम से सलोन निकले थे। इसी दौरान वाहन पलटने से हादसा हो गया।

## पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों को 30 जून तक कराना होगा वार्षिक ई-केवाईसी

**रायबरेली।** उप कृषि निदेशक विनोद कुमार ने बताया है कि कृषि निदेशक कृषि भवन लखनऊ द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निथि योजना को पारदर्शी बनाने, डाटा लीक को रोकते हुए योजनान्तर्गत केवल वास्तविक एवं जीवित लाभार्थियों को ही लाभ प्राप्त हो सके, यह सुनिश्चित किये जाने हेतु सभी पी०एम० किसान लाभार्थियों के लिए वार्षिक ई-के०वाई०सी० अनिवार्य रूप से करायी जानी है। इसके लिए शासन स्तर से 30 जून तक की समय सीमा निर्धारित की गई है, नियत तिथि तक ई-के०वाई०सी० न कराने वाले कृषकों को योजना के लिए अपात्र माना जा सकता है।

# डीएम ने सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का जायजा लिया




**रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने पीएसी के निकट स्थापित सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निरीक्षण कर वहां संचालित व्यवस्थाओं एवं अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लांट में ठोस अपशिष्ट के संग्रहण, पृथक्करण, प्रसंस्करण एवं निस्तारण की प्रक्रियाओं का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने प्लांट की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित सभी कार्य निर्धारित मानकों एवं पर्यावरणीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित किए जाएं। उन्होंने अपशिष्ट के वैज्ञानिक निस्तारण एवं पुनर्चक्रण (रिसाइक्लिंग) की प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विशेष बल दिया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जनहित एवं पर्यावरणीय दृष्टि से प्लांट का संचालन पूरी दक्षता एवं पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने मियावाकी पौधरोपण स्थल का किया निरीक्षण

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने मियावाकी वृक्षारोपण स्थल, अहमदपुर का निरीक्षण कर हरितीकरण कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्क में लगाए गए पौधों की स्थिति, उनके संरक्षण एवं रखरखाव की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पौधों की नियमित सिंचाई, सुरक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे पौधों का बेहतर विकास हो सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## भगवान राम से सीखें जीवन जीने की कला : धर्मेश जी

**नसीराबाद, रायबरेली।** छतोह ब्लॉक के बुढ़िया माई मंदिर पछुआबारा में चल रही नौदिवसीय श्रीराम कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने लगी है। अयोध्या धाम से पधारे प्रसिद्ध कथा व्यास पंडित धर्मेश हरि महाराज ने भगवान श्री राम और रावण के आचार,व्यवहार और चरित्र की तुलनात्मक व्याख्या करते हुए बताया कि शास्त्र सम्मत आचरण करने वाला देव और उसके विरुद्ध आचरण करने वाला ही राक्षस होता है। बच्चों को सुविधा से अधिक जरूरत संस्कार देने की है। भगवान राम का चरित्र आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देता है। विद्वान प्रवाचक ने विवाह के बाद भगवान शिव और माता पार्वती के कैलाश प्रस्थान, उनके तेज से कार्तिकेय के जन्म और उनके द्वारा भयानक दैत्य तारकासुर के वध की कथा सुनाई। मुख्य यजमान सन्तोष सिंह भदौरिया और रेखा सिंह ने भारत सिंह,प्रमोद कुमार यादव, दुर्गा सिंह, शुभेंदु सिंह, आयुष सिंह, पीयूष सिंह,शिवांश सिंह,वंशीलाल यादव, लाल जी मिश्र आदि सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ श्रीराम कथा सुनकर पुण्य लाभ अर्जित किया।



संक्षेप

### पीड़िताओं के सुरक्षा व अधिकारों का न हो हनन

देवरिया । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री धनेन्द्र प्रताप सिंह के निदेर्शानुसार वन स्टाप सेण्टर में पीड़िताओं के सुरक्षा व उनके अधिकारों हेतु सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/सिविल जज (एस0डी0), देवरिया श्रीमती अर्चना-।। द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।सचिव द्वारा बताया गया कि पीड़िताओं के सुरक्षा एवं उनके अधिकारों का संरक्षण किया जाना चाहियें। समाज को उनके सुरक्षा एवं अधिकारो कें प्रति सजग रहना चाहिए। सचिव द्वारा केंद्र पर उपस्थित पीड़िताओं से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनके अधिकारों के बारें में विस्तार से बताया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने वन स्टाप सेण्टर पर साफ-सफाई, सुरक्षा व आमजनमानस को विधिक साक्षरता हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। उन्होंने वन स्टाप सेण्टर के केन्द्रजिन महिलाओं को विधिक सहायता की आवश्यकता हो।

# जिलाधिकारी ने तीन कटान रोधी कार्य परियोजनाओं का किया निरीक्षण




देवरिया।जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने शनिवार को जनपद में संचालित तीन महत्वपूर्ण कटानरोधी कार्य परियोजनाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं तकनीकी मानकों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी

**● गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश**

संस्थाओं को निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने सबसे पहले सरयू (घाघरा) नदी के बाएं तट पर छितुपुर-भागलपुर तटबंध के किमी 0.825 से किमी 1.140 के मध्य संचालित कटानरोधी परियोजना का निरीक्षण किया। लगभग 584.22 लाख रुपये लागत की इस परियोजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि कटानरोधी कार्य हर हाल में समय पूर्व ही पूर्ण होने चाहिए।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा किसी भी स्तर पर मानकों से समझौता न किया जाए।

निरीक्षण के क्रम में सरयू (घाघरा) नदी के बाएं तट पर स्थित भागलपुर कस्बे की सुरक्षा हेतु संचालित कटानरोधी कार्य का निरीक्षण किया। लगभग 679.09 लाख रुपये लागत की इस परियोजना के अंतर्गत 330 मीटर लंबाई में कराए जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए उन्होंने कार्यों में तेजी लाने तथा बरसात से पूर्व उन्हें पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने घाघरा नदी के बाएं तट पर निर्मित तुतीपार-चुरिया तटबंध के सुरक्षार्थ कराए जा रहे पीचिंग एवं कटानरोधी कार्यों का भी जायजा लिया।लगभग 753.19 लाख रुपये लागत की इस परियोजना के तहत तटबंध के विभिन्न संवेदनशील स्थलों पर कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्माण कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि कटानरोधी परियोजनाएं जनहित एवं नदी तटीय क्षेत्रों की सुरक्षा से जुड़ी अत्यंत महत्वपूर्ण योजनाएं हैं। इन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित निगरानी सुनिश्चित करते हुए सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान अधिशासी अभियंता बाढ़ राधेश्याम प्रसाद, सहायक अभियंता उपेंद्र कुमार, राहुल चौधरी, विवेक कुमार एवं सोनू कुमार जूनियर इंजीनियर सहित अन्य संबंधित कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

### राजकीय बाल गृह देवरिया का औचक निरीक्षण

देवरिया । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धनेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/सिविल जज (एस0डी0), देवरिया श्रीमती अर्चना-।।द्वारा राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/सिविल जज (एस0डी0), देवरिया श्रीमती अर्चना-।। द्वारा बच्चों को पौष्टिक भोजन व समय-समय पर उचित खान-पान की व्यवस्था के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। उनके द्वारा राजकीय बाल गृह के प्रपत्रों का अवलोकन किया गया। उन्होंने राजकीय बाल गृह के भण्डार कक्ष में बच्चों के लिए बन रहे भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया। मानक के अनुसार ही भोजन बनाने हेतु निर्देशित किया गया है।उनके द्वारा समय-समय पर ताजे फलों तथा बच्चों को साफ-सुथरे कपड़े व साफ-सफाई पर विशेष दिशा-निर्देश दिया गया ।

## विद्यालय प्रबंधक संघ ने बीएसए को ज्ञापन सौंप समस्याओं के समाधान की मांग किया



देवरिया ।राष्ट्रीय विद्यालय प्रबंधक संघ देवरिया द्वारा प्रदेश संगठन मंत्री श्री विजय पटेल एवं जिलाध्यक्ष श्री प्रकाश पाण्डेय के नेतृत्व में इरअ देवरिया श्री अनिल कुमार सिंह को ज्ञापन दिया गया। संघ द्वारा लगातार ज्ञापन के माध्यम से प्रबंधक गण के समस्या के समाधान की कार्यवाही की मांग की जा रही है। परन्तु बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से संबंधित कर्मचारी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के इएड/कर्मचारी धनउगाही एवं प्रताड़ना देने की कार्यवाही कर रहे हैं।प्रदेश संगठन मंत्री विजय पटेल ने कहा कि बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में लम्बे समय से तैनात बाबू श्री जयशंकर श्रीवास्तव की कार्यशैली एवं धनउगाही के कार्य की तत्काल जांच होनी चाहिए और कहा कि क्या कारण है कि किसी भी जांच तथा इतने लम्बे समय से एक ही जगह तैनाती से बार बार शिकायत के बाद भी सुरक्षित हैं तत्काल इनको हटाया जाय।जिलाध्यक्ष श्री प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि यदि हमारी सभी मांगों पर गम्भीरतापूर्वक संज्ञान नहीं लिया गया तो हम सभी प्रबंधक बेसिक शिक्षा कार्यालय का घेराव करेंगे तथा उच्चाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से हस्तक्षेप के साथ समस्या निस्तारण की मांग करेंगे और यदि माँगो को माना नही गया 10 जून को सुबाष चौक पर आंदोलन किया जाएगा।इस अवसर पर प्रमोद कुमार यादव, परवेज आलम, संजीव कुमार पाठक, जितेन्द्र मिश्र, अभिषेक शर्मा, मनोज चौहान, विकास चौरसिया, हृदय कुमार पाठक, ओमप्रकाश सिंह, राजनरायन यादव, अतुल पति त्रिपाठी, बृजेन्द्र प्रताप राव, राज किशोर गुप्ता, दीपक कुमार मिश्र, पवन यादव, विद्यासागर गुप्ता, अमित श्रीवास्तव, तानसेन सिंह, चन्द्रकेतु पटेल, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, उमेश यादव, रामाश्रय यादव, सुनील यादव ,संजीव पाल उपस्थित रहे।

## सचिव ने वृद्धाश्रम में किया वरिष्ठ नागरिकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



देवरिया । राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार एवं माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, देवरिया श्री धनेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/सिविल जज (एस0डी0), देवरिया श्रीमती अर्चना-।। द्वारा पूरवा मेहड़ा स्थित वृद्धा आश्रम में वृद्ध जनों के हितो के संरक्षण हेतु विधिक जागरूकता/साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/सिविल जज (एस0डी0), देवरिया द्वारा बुजुर्गों को उनके विधिक अधिकार के बारे में विस्तार से बताया गया उन्होंने कहा कि वरिष्ठ जन का अनुभव प्राप्त कर आप अपने प्रगति के मार्ग को प्रशस्त कर सकते हैं वृद्धा आश्रम में न्यायाधीश के द्वारा संवासियों से मुलाकात कर उनके खाने-पीने और रहन-सहन के बारें में विस्तार से जानकारी ली गयी।

इस दौरान सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/सिविल जज (एस0डी0), देवरिया द्वारा सुबाष दूबे, सावित्री, धूरपति, सिद्धू, शकुन्तला, श्रीकृष्ण, राजकुमारी, कबरूनिशा, फुला, कैलाशी देवी, विमला देवी, मालती देवी, रामस्नेही, कलमी व अन्य वृद्धों की समस्याओं को सुना गया तथा इससे संबंधित को समस्या के निस्तारण हेतु निर्देशित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान सचिव के द्वारा वृद्धा आश्रम के शयन कक्ष, भोजनालय, व परिसर का निरीक्षण कर, कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका, भोजन का मीनू कार्ड चेक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ आम जनमानस एवं व्यवस्थापक उपस्थित इत्यादि उपस्थित रहे।

## आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण में लापरवाही पर जिलाधिकारी सख्त

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जनपद के समस्त जिला स्तरीय, तहसील स्तरीय, विकासखंड स्तरीय तथा नगर निकायों के अधिकारियों को आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश

**● किसी भी स्तर पर कोई प्रकरण न रहे लंबित, अन्यथा होगी कार्यवाईः डीएम**

दिए हैं। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, इसलिए शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त निस्तारण आख्या के परीक्षण में मिली कमियों को गंभीरता से लेते हुए सभी अधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत के निस्तारण से पूर्व शिकायतकर्ता से संपर्क करना अनिवार्य होगा तथा इसका स्पष्ट उल्लेख निस्तारण आख्या में किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक प्रकरण में स्पॉट मेमो एवं मौके के फोटोग्राफ अनिवार्य रूप से संलग्न किए जाएं।

स्पॉट मेमो पर शिकायतकर्ता तथा मौके पर उपस्थित दो व्यक्तियों के हस्ताक्षर भी होने चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि निस्तारण आख्या में शिकायतकर्ता के संतुष्ट अथवा असंतुष्ट होने का स्पष्ट विवरण दर्ज किया जाए। यदि शिकायतकर्ता असंतुष्ट है तो संबंधित नियमों, शासनादेशों एवं पात्रता मानकों का उल्लेख करते हुए विस्तृत आख्या अपलोड की जाए उन्होंने निर्देश दिया कि सभी प्रकरणों का निस्तारण निर्धारित तिथि से कम से कम दो दिन पूर्व कर दिया जाए तथा अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा न की जाए। समयबद्ध निस्तारण अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई शिकायत संबंधित विभाग से जुड़ी नहीं है तो उसे तत्काल सक्षम विभाग को स्थानांतरित किया जाए। केवल यह उल्लेख कर देना कि प्रकरण संबंधित कार्यालय से जुड़ा नहीं है, स्वीकार्य नहीं होगा और इसे दोषपूर्ण निस्तारण माना जाएगा। ऐसे मामलों में संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर आवश्यक आख्या प्राप्त करते हुए पोर्टल पर अपलोड की जाए।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर आईजीआरएस शिकायतों का निस्तारण करें, जिससे आमजन को त्वरित न्याय एवं राहत मिल सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता पाई जाएगी तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की

### बिजली बिल में बढ़ोत्तरी सरकार पर भारी पड़ेगी

देवरिया । सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने बिजली बिल में दस प्रतिशत बढोत्तरी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की गैस, पेट्रोल, डिजल की महंगाई की मार के बाद भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने बिजली बिल मे दस प्रतिशत की बढ़ोत्तरी कर आम जन की कमर तोडने का इंतजाम कर दिया है। श्री यादव ने कहा की पहले से हि महंगाई की मार झेल रही आमजनता पर यह बढ़ोत्तरी किसी वज्रपात से कम नही है। सपा जिलाध्यक्ष ने सरकार के इस निर्णय को जनविरोधी करार देते हुए कहा की इस सरकार को आमजन के जीवन से कोई सरोकार नहीं है।

### आकाशीय बिजली गिरने से दूरसंचार टावर पर लगे उपकरण क्षतिग्रस्त

कुशीनगर। जिले नेबुआ नौरंगिया खण्ड के गांव कोटवा बाजार स्थित मोबाइल टावर बीते 29 मई को रात लगभग 11 बजे आकाशीय बिजली गिरने के कारण टावर पर लगे उपकरण क्षतिग्रस्त हो गया उपकरण जैसे पवार प्लांट दो सेट बैटरी बैंक ऑटोमिसियान डिवास फाल्ट होने के कारण नेटवर्क बाधित हो गया नेटवर्क बाधित होने से आम जन मानस को परेशानी हो रहा है। मोबाइल टावर के इंजीनियर प्रमोद यादव से पता करने पर बताया कि उपकरण की व्यवस्था करके नेटवर्क चालू किया जाएगा।

### बाढ़ प्रभावित किसानों को बांस खेती और नर्सरी प्रबंधन का प्रशिक्षण



कुशीनगर।सीबार्ट (सेंटर फॉर इंडियन बैम्बू रिसोर्स एंड टेक्नोलॉजी) एवं सस्टेनेबल ह्यूमन डेवलपमेंट एसोसिएशन (एसएचडीए) के संयुक्त तत्वावधान में टाटा ट्रस्ट समर्थित समुदाय आधारित बाढ़ अनुकूलन क्लस्टर मॉडल परियोजना के तहत 28 से 30 मई तक तीन दिवसीय बांस खेती, नर्सरी स्थापना एवं क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम नरकहवा व कटाई भरपूरवा स्थित पंचायत भवन में किया गया। कार्यक्रम में खड्डा क्षेत्र के 85 से अधिक बाढ़ प्रभावित किसानों, विशेषकर महिलाओं, ने भाग लिया।

कार्यक्रम में सीबार्ट के वरिष्ठ अनुसंधान सलाहकार डॉ. क्षितिज मल्होत्रा ने किसानों को बांस की खेती, उसके आर्थिक महत्व तथा नर्सरी तैयार करने की विधि की जानकारी दी।उन्होंने कहा कि बांस को अब घास की श्रेणी में रखा गया है और किसान इसे अन्य फसलों की तरह उगाकर बाजार में बेच सकते हैं। उन्होंने नर्सरी संवर्धन का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया। डॉ. बीएम त्रिपाठी ने कहा कि गंडक नदी से होने वाली बाढ़ और भूमि कटान की समस्या से निपटने में बांस एक प्रभावी विकल्प साबित हो सकता है।इससे भूमि संरक्षण के साथ किसानों की आय बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। सीबार्ट की निदेशक के. रत्ना ने बताया कि उत्तर प्रदेश में बांस की खेती अभी बहुत कम क्षेत्र में हो रही है। किसान इसे अपनाकर बंजर भूमि को उपयोगी बना सकते हैं।उन्होंने महिला किसानों को बांस शिल्प उत्पादों के निर्माण एवं विपणन के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। सीबार्ट के मॉनिटरिंग ऑफिसर अरविंद कुमार ने कहा कि बांस बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भूमि संरक्षण और आजीविका संवर्धन का प्रभावी साधन है। इसके साथ किसान अंतरवर्ती फसलों की खेती भी कर सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर मनोज यादव ने बांस कटिंग एवं शिल्प निर्माण से जुड़े उपकरणों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में सागर कुमार, सुनील राव, तारा चंद कुशवाहा, मोहन कुशवाहा उपस्थित रहे।

## केजीबीवी में छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देशः जिलाधिकारी

देवरिया।जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) भाटपाररानी के निरीक्षण के उपरांत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जनपद के सभी कस्तूरबा

**● सर्वाधिक उपस्थिति वाली छात्राओं के अभिभावकों को किया गया सम्मानित**

गांधी बालिका विद्यालयों में अभिभावकों की सहभागिता बढ़ाने तथा छात्राओं की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं तथा सभी के केजीबीवी में आज 30 मई को अनिवार्य रूप से पैरेंट-टीचर मीटिंग (पीटीएम) आयोजित की जाए। बैठक में अभिभावकों की शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करते हुए उन्हें बालिका शिक्षा के महत्व, उनके सर्वांगीण विकास तथा समाज में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को विद्यालयों में शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही निःशुल्क सुविधाओं, जैसे आवास, भोजन, खेलकूद, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी जाए। साथ ही विद्यालय के शैक्षणिक ढांचे, शैक्षणिक कैलेंडर, अध्ययन पद्धति तथा आगामी योजनाओं से भी अवगत कराया जाए, जिससे अभिभावकों का विद्यालय के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हो सके।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने के बाद सभी छात्राएं समय से विद्यालय लौटें और नियमित रूप से अध्ययन करें, इसके लिए अभी से प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप समाज के अंतिम पायदान पर खड़ी बालिकाओं तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना प्राथमिकता है। इसके लिए छात्राओं की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना आवश्यक है।

जिलाधिकारी के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के निरीक्षण के उपरांत दिए गए निर्देशों के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जनपद के सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में आज अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) आयोजित कराई गई।

बैठक में शिक्षा के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए अभिभावकों को जागरूक किया गया तथा विद्यालयों में संचालित पठन-पाठन, छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी साझा की गई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपनी बच्चियों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें तथा उन्हें शिक्षित बनाएं। बताया गया कि शिक्षित बालिका ही समाज की सशक्त एवं मजबूत नींव होती है।

आज आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक में सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट एवं शत-प्रतिशत उपस्थिति वाली छात्राओं के अभिभावकों को सम्मानित भी किया गया।

जनपद में संचालित कुल 13 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में यह बैठक आयोजित कर बेहतर शैक्षिक वातावरण के निर्माण तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु अभिभावकों को प्रेरित किया गया।

## अग्रहार की 207वीं कवि गोष्ठी पर दो महत्वपूर्ण कृतियों का लोकार्पण आज

जिला संवाददाता

कुशीनगर। साहित्यिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में निरंतर सक्रिय संस्था अग्रहार के तत्वावधान में एक भव्य पुस्तक लोकार्पण समारोह एवं 207वीं कवि गोष्ठी का आयोजन रविवार, 31 मई 2026 को दिन में 12:30 बजे से

**● अध्यक्ष अवकाश प्राप्त सार्जेंट अभिमन्यु पाण्डेय मन्नू ने साहित्यप्रेमियों से की सहभागिता की अपील**

संस्था के स्थापना स्थल ह्यगायत्रीदीपह्न, कॉलेज रोड (गोविंद टॉकीज के निकट), फाजिलनगर में किया जाएगा।इस अवसर पर अग्रहार के अध्यक्ष अवकाश प्राप्त सार्जेंट अभिमन्यु पाण्डेय ह्यमन्नूह्न द्वारा रचित15 वें कविता संग्रह ह्यअमृत जीवनह्न तथा संस्था के सचिव सत्य प्रकाश शुक्ल ह्यबाबाह्न द्वारा लिखित 5 वें कहानी संग्रह ह्यहाँ, मैंने देखाह्न का विधिवत लोकार्पण किया जाएगा।वर्ष 2000 में स्थापित साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था अग्रहार पिछले ढाई दशकों से साहित्य, संस्कृति और रचनात्मक अभिव्यक्ति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही है। संस्था की मासिक कवि गोष्ठियों की श्रृंखला में यह 207वीं कवि गोष्ठी होगी। जिसमें क्षेत्र के अनेक प्रतिष्ठित कवि, साहित्यकार, रचनाकार तथा साहित्यप्रेमी अपने विचार और काव्य-पाठ प्रस्तुत करेंगे।

अग्रहार के अध्यक्ष अवकाश प्राप्त सार्जेंट अभिमन्यु पाण्डेय ह्यमन्नूह्न ने सभी कवियों, साहित्यकारों, साहित्यिक गतिविधियों से जुड़े रचनाकारों तथा साहित्य प्रेमी बंधुओं -बहनों से इस महत्वपूर्ण आयोजन में उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि साहित्य समाज को दिशा देने का सशक्त माध्यम है और ऐसे आयोजन साहित्यिक चेतना को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं।

# अधूरा काम, पूरा भुगतान खेल, आरओ प्लांट में धन का बंदरबांट

## मंशा बताइए सवाल पूछने पर सचिव का चौंकाने वाला जवाब, प्रधान बोलेः हम अधिकारियों से बात कर लेंगे

कुशीनगर। केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 15वें वित्त आयोग के तहत ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशुनपुरा विकास खण्ड के मनीकौरा ग्राम सभा में लगाया जा रहा आरओ प्लांट ग्राम प्रधान व सेक्रटरी के मिलीभगत से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। बताया जाता कि लगभग 4 लाख 64 हजार रुपये की लागत वाली इस परियोजना में प्रधान व सचिव द्वारा भारी वित्तीय अनियमितता और बंदरबांट की गई है। हैरानी की बात यह है कि कार्य अभी पूरी तरह समाप्त भी नहीं हुआ, लेकिन अब तक 3 लाख 66 हजार रुपये का भुगतान कर दिया गया है जो अपने आप में सवाल है? बतादे के गांवो में आरओ प्लांट लगाने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को स्वच्छ, सुरक्षित और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। ताकि ग्रामीणों को जल जनित बीमारी सहित अन्य रोगो की रोकथाम हो सके। ग्रामसभा मनीकौरा के ग्राम सचिवालय परिसर में जो आरओ प्लांट लगाया गया है, उसके नीचे निर्माण कराये गये चबुतरा में घटिया और दोयम दर्जे की ईंटों का प्रयोग किया गया है। ग्राउंड जीरो पर की गयी पड़ताल के मुताबिक आरओ प्लांट के नाम पर केवल एक छोटा चबूतरा, लोकल क्वालिटी की टाइल्स, साधारण मशीन और मशीन की सुरक्षा के लिए प्लाई से बना घेरा खड़ा कर दिया गया है। स्थानीय निर्माण कार्यों की जानकारी रखने वाले लोगों का कहना है कि मौके पर हुए कुल कार्य की वास्तविक लागत डेढ़ लाख रुपये से कम दिखाई देती। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि आखिर शेष लाखों रुपये कहां खर्च हुए?

### पूरा काम नहीं, फिर भी भुगतान कैसे

सबसे बड़ा सवाल भुगतान प्रक्रिया को लेकर खड़ा हो रहा है। नियमों के अनुसार 15वें वित्त आयोग की योजनाओं में किसी भी कार्य का भुगतान तभी किया जाता है जब कार्य पूर्ण हो जाए और उसका तकनीकी सत्यापन हो। इसके लिए जेई, एडीओ पंचायत सहित संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर निरीक्षण, माप पुस्तिका (एमबी) तैयार करना, जियो टैगिंग, फोटोग्राफी और गुणवत्ता परीक्षण जैसी प्रक्रिया पूरी की जाती है। इसके बाद ही भुगतान की अनुमति दी जाती है। लेकिन अफसोस मनीकौरा में मामला उल्टा नजर आ रहा है। ग्राम प्रधान और सचिव नियम विरुद्ध व मनमाने तरीके से कार्य शुरू होने से पहले ही 3 लाख 66 हजार रुपये निकालकर धन का बंदरबांट कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि न तो कार्य पूर्ण हुआ और न ही सभी औपचारिकताएं पूरी हुईं, इसके बावजूद लाखों रुपये का भुगतान कर दिया गया। इससे ग्राम प्रधान नंदलाल साहनी और सचिव राजकिशोर राय की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है।

### प्रधान का जवाब बना चर्चा का विषय

जब ग्राम प्रधान नंदलाल साहनी से अधूरे कार्य के बावजूद भारी भुगतान को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने बेहद लापरवाह और बेअंदाज लहजे अ में कहा आप लोगों से क्या मतलब? अभी काम पूरा नहीं हुआ है।अधिकारी पूछेंगे तो हम उनसे बात कर लेंगे। इतना ही नहीं, प्रधान ने यह भी स्वीकार किया कि कार्य पूरा होने से पहले भुगतान किया गया है। उन्होंने इसे रनिंग पेमेंटबताते हुए कहा कि बाकी पैसा बाद में मिलेगा। हम अधिकारियों से बात कर लेंगे पांच बार से प्रधान हैं। प्रधान का यह बयान गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो सरकारी नियम-कानून नहीं बल्कि व्यक्तिगत रसूख और अधिकारियों से ह्यसेटिंगह्न के भरोसे योजनाओं का संचालन किया जा रहा हो। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या अब सरकारी योजनाओं में गुणवत्ता और प्रक्रिया से ज्यादा महत्व ह्यबात कर लेनेह्न की क्षमता को मिल गया है?

### सचिव का जवाब बजट से क्या मतलब

मजे की बात यह है कि जब ग्राम सचिव से आरओ प्लांट के कुल बजट और खर्च के बारे में पूछा गया तो उनका जवाब और भी चौंकाने वाला था। सचिव ने बडे ही निर्लज्जता से कहा ह्लबजट से क्या मतलब? आप अपनी मंशा बताइए। सचिव यहीं नहीं रुके। उन्होंने दावा किया कि जितना पैसा निकाला गया है उतना काम पूरा हो गया है।जरूरत पड़ेगी तो प्रस्ताव कर बजट बढ़ाकर काम करा दिया जाएगा।सचिव के इस बयान ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।अधूरे निर्माण पर लाखों रुपये का भुगतान और फिर प्रधान और सचिव जैसे जिम्मेदारों के बेलगाम बयान इस बात की तरफ इशारा कर रहे हैं कि कहीं न कहीं बड़े स्तर पर मिलीभगत का खेल चल रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के विकास के नाम पर सरकारी धन को खुलेआम लूटा जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि यही हाल रहा तो योजनाएं सिर्फ कागजों में पूरी होंगी और जनता को केवल घटिया निर्माण और भ्रष्टाचार ही मिलेगा।

### प्रधान और सचिव की कारस्तानी पर उठ रहे सवाल

15वें वित्त आयोग की योजनाओं में कार्य पूर्ण हुए बिना भुगतान किस आधार पर किया गया?एमबी (माप पुस्तिका) किसने तैयार की जियो टैगिंग और गुणवत्ता सत्यापन कब हुआ वास्तविक लागत और भुगतान राशि में इतना अंतर क्यों? क्या अधिकारियों की मिलीभगत से सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ?

### कागजों में विकास जमीन पर सवाल

मनीकौरा का यह आरओ प्लांट अब गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि कागजों में विकास दिखाकर सरकारी धन का बंदरबांट किया गया है। यदि समय रहते मामले की जांच नहीं हुई तो ग्रामीण योजनाओं पर लोगों का भरोसा पूरी तरह खत्म हो जाएगा और प्रधान व सचिव ऐसे ही सरकारी धन का बंदरबांट करते रहेगे।



### पीड़िताओं के सुरक्षा व अधिकारों का न हो हननः सचिव

देवरिया । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री धनेन्द्र प्रताप सिंह के निदेर्शानुसार वन स्टाप सेण्टर में पीड़िताओं के सुरक्षा व उनके अधिकारों हेतु सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/सिविल जज (एस0डी0), देवरिया श्रीमती अर्चना-।। द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।सचिव द्वारा बताया गया कि पीड़िताओं के सुरक्षा एवं उनके अधिकारों का संरक्षण किया जाना चाहियें। समाज को उनके सुरक्षा एवं अधिकारो कें प्रति सजग रहना चाहिए। सचिव द्वारा केंद्र पर उपस्थित पीड़िताओं से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनके अधिकारों के बारें में विस्तार से बताया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने वन स्टाप सेण्टर पर साफ-सफाई, सुरक्षा व आमजनमानस को विधिक साक्षरता हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। उन्होंने वन स्टाप सेण्टर के केन्द्र प्रबन्धक नीतु भारती को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन महिलाओं को विधिक सहायता की आवश्यकता हो।

संक्षेप

## हनुमान जी की प्रतिमा क्षतिग्रस्त

सोनभद्र। रामपुर बरकोनिया थाना अन्तर्गत धर्मदासपुर गांव में एक धार्मिक स्थल पर तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। यहां शीतला मंदिर परिसर में स्थापित हनुमान जी की मूर्ति को अराजक तत्वों ने खंडित कर दिया। मंदिर के शिखर को भी नुकसान पहुंचाया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों को मंदिर में तोड़फोड़ की जानकारी तब मिली जब उन्होंने परिसर का निरीक्षण किया। आरोप है कि अराजक तत्वों ने हनुमान जी की मूर्ति को तोड़कर नाली में फेंक दिया था। इसके अतिरिक्त, मंदिर के शिखर को क्षतिग्रस्त किया गया और मंदिर में लगे घंटे तथा धार्मिक झंडों को उखाड़कर पास के खेत में फेंक दिया गया।घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और निरीक्षण किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि घटना के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान की जा सके। गांव में स्थिति सामान्य बनी हुई है, हालांकि पुलिस पूरे मामले पर कड़ी नजर रख रही है। एएसपी ने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## अमेठी में सिपाही रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

अमेठी। जिले में एंटी करप्शन ब्यूरो अयोध्या की टीम ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जायस थाने में तैनात एक सिपाही को नौ हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार जायस थाने में तैनात सिपाही चंदन कन्नौजिया पर एक मामले में समझौता कराने के नाम पर एक पक्ष से नौ हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप था। शिकायत मिलने के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो अयोध्या की टीम ने जाल बिछाया। शनिवार दोपहर टीम ने जायस थाना क्षेत्र में निगरानी शुरू की। तय योजना के तहत शिकायतकर्ता द्वारा जैसे ही सिपाही को रिश्वत की रकम दी गई, एंटी करप्शन टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। टीम आरोपी सिपाही को अपने साथ लेकर चली गई।

## कच्ची दीवार गिरी मलबे में दबकर एक मजदूर की मौत

सुल्तानपुर। जिले में बल्दीराय थानाक्षेत्र के नटौली गांव में शनिवार दोपहर एक कच्ची दीवार गिरने से एक मजदूर की मलबे में दबकर मौत हो गई। पुलिस के अनुसार नटौली गांव में शनिवार दोपहर अचानक एक दीवार मजदूर के ऊपर गिर गई, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि नटौली गांव में रामजग (40) शनिवार को एक व्यक्ति के घर पर कच्ची दीवार गिराने का काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक जर्जर दीवार ढह गई और वह उसके मलबे में दब गया। थाना प्रभारी के मुताबिक ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय पहुंचाया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। चिकित्सकों ने जांच के बाद रामजग को मृत घोषित कर दिया जिसके बाद शव को पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया।

## मां-बेटे की हत्या के दोषी को मृत्युदंड

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर की एक अदालत ने मां-बेटे की हत्या के करीब 15 साल पुराने एक मामले में आरोपी व्यक्ति को दोषी करार देते हुए मृत्युदंड की सजा दी है। सरकारी वकील कुलदीप कुमार ने शनिवार को बताया कि त्वरित अदालत के न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने मामले को दुर्लभतम बताते हुए शुक्रवार को आरोपी रईस उर्फ जाहिद को हत्या का दोषी ठहराया और मौत की सजा सुनाई। अदालत ने उस पर पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया।कुमार ने बताया कि हालांकि यह सजा इलाहाबाद उच्च न्यायालय की पुष्टि के बाद ही अमल में लायी जाएगी। सरकारी वकील ने बताया कि सात नवंबर 2011 को जिले के चरथावल थाना क्षेत्र के अलावलपुर गांव में मामूली कहासुनी के बाद रईस ने राजेश देवी (30) और उसके छह साल के बेटे हिमांशु की ईंटों से सिर कुचलकर हत्या कर दी थी।

# आशा बहू की मौत के बाद अस्पताल सील



जिला संवाददाता(vol)

कोन,सोनभद्र। स्थानीय बाजार में स्थित ग्लोबल हॉस्पिटल एंड सर्जिकल सेंटर में प्रसव के दौरान एक आशा बहू की मौत हो गई। शनिवार को परिजनों और ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रशासन ने अस्पताल को सील कर दिया है और संचालक सहित संबंधित चिकित्सकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

मृतका की पहचान सिंगा-बागेसोती निवासी लगभग 38 वर्षीय सीमा देवी पत्नी देवनारायण के रूप में हुई है, जो आशा बहू के तौर पर कार्यरत थीं। प्रसव पीड़ा होने पर उन्हें देर रात अस्पताल में भर्ती कराया गया था।परिजनों के अनुसार, सीमा देवी के पहले चार प्रसव सामान्य हुए थे,

● **एसडीएम ने हत्या का मामला दर्ज करने के दिए निर्देश**

लेकिन इस बार अस्पताल पहुंचते ही ऑपरेशन की सलाह दी गई। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई और समय पर उचित उपचार न मिलने के कारण उनकी मौत हो गई। हालांकि, नवजात सुरक्षित है। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद अस्पताल के डॉक्टर और कर्मचारी अस्पताल छोड़कर चले गए थे।

इस घटना से नाराज ग्रामीण बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंचे और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया।इसी अस्पताल में भर्ती एक अन्य प्रसूता, लौकवाखाड़ी बागेसोती निवासी 35 वर्षीय कुसुमरी देवी की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। उन्हें स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की मौजूदगी में सरकारी अस्पताल रेफर किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही उपजिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह मौके पर पहुंचे।

उपजिलाधिकारी ने संबंधित लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में अपंजीकृत अस्पतालों का संचालन नहीं होने दिया जाएगा। उनकी मौजूदगी में अस्पताल को सील कर दिया गया।एसीएमओ गुलाब शंकर यादव ने बताया कि अस्पताल के खिलाफ पूर्व में भी कार्रवाई की जा चुकी है। फिलहाल, अस्पताल संचालक नसीम अंसारी और संबंधित चिकित्सकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच जारी है।ग्रामीणों ने अवैध अस्पतालों के संचालन और स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं।

## हत्या का केंद्र बन गये हैं अवैध अस्पतालः अविनाश



सोनभद्र। हत्या का केंद्र बन गये हैं अवैध अस्पताल और स्वास्थ्य विभाग मौतों का सौदागर हो गया है, उपरोक्त बाते पूर्व विधायक एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अविनाश कुशवाहा ने शनिवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते उन्होंने कहा कि जिले में प्राइवेट अस्पतालों में लगातार मौतें हो रही है।भाजपा के संरक्षण में हो रहा है मौत का काला कारोबार। जिले में अवैध रूप से चल रहे अस्पतालों में लगातार मौतों के बावजूद कार्रवाई न करके उनको संरक्षण दिया जा रहा है।

कहीं एनेस्थिसिया तो कहीं सर्जन नहीं और कहीं गायनोलॉजिस्ट के बिना ही महिलाओं का आपरेशन किया जा रहा है, जिस कारण अक्सर प्रसूताओं की जान चली जा रही है और उसके बच्चे अनाथ हो जा रहे हैं।सोनभद्र के गरीबों के जीवन के साथ खेल जा रहा है। बिना आवश्यक पंजीकरण और समुचित व्यवस्था के मुख्य चिकित्सा अधिकारी की मिली भगत से ये गोरख धंधा फल फूल रहा है और सत्ता पक्ष इन्हें संरक्षण दे रहा है। आखिर कब तक जिम्मेदार मौन साधे रहेंगे।समाजवादी पार्टी इस गोरख धंधे का पदार्फाश कर इस मौत के सौदागरों पर कठोर कार्यवाही की मांग करती है।

# कंटेनर लूट के पांच आरोपी गिरफ्तार लूटे गये एसी, गीजर व कंटेनर बरामद

उन्नाव। जनपद के अजगैन थाना क्षेत्र में पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सामान से लदे कंटेनर की लूट का खुलासा करते हुए पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लूटा गया कंटेनर, 40 स्प्लिट एसी तथा 47 गीजर समेत कुल 127 पैकेट बरामद किए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस गिरोह ने एक ट्रक चालक को घायल कर 47 गीजर और 40 स्प्लिट एसी लूट लिए थे। एसओजी, सर्विलांस और अजगैन थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मुख्य आरोपी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान पकड़ा गया, जबकि चार अन्य आरोपियों को बिहार और कुशीनगर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने लूटा गया कंटेनर, 47 गीजर, 40 स्प्लिट एसी और एक अवैध तमंचा बरामद किया है। उन्होंने बताया कि 28 मई को कानपुर के नौबस्ता निवासी ट्रांसपोर्टर राजेश कुमार गुप्ता ने अजगैन थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि उनका कंटेनर ट्रक गोदरेज कंपनी के फ्रिज और एसी लेकर आशाखेड़ा से कानपुर जा रहा था। रास्ते में बदमाशों ने चालक नीरज कुमार को घायल कर ट्रक लूट लिया था।

## 12 साल से फरार एक लाख का इनामी बदमाश गिरफ्तार

प्रतापगढ़। जिले में थाना कोतवाली नगर पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में 12 वर्ष पूर्व पुलिस अभिरक्षा से फरार हुए एक लाख रुपये के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक दीपक भुकर ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान भानु प्रताप दुबे उर्फ महराज उर्फ विक्की (40), निवासी ग्राम संगीयापुर थाना लालगंज, जनपद प्रतापगढ़ के रूप में हुई है। उसे थाना लालगंज क्षेत्र के नहर पटरी धधुआ गाजन गांव के पास से गिरफ्तार किया गया।

## सामाजिक न्याय का संदेश लेकर पहुंची सपा की सिख सामाजिक न्याय यात्रा



सीतापुर। समाजवादी पार्टी की ओर से निकाली जा रही समाजवादी सिख सामाजिक न्याय यात्रा शनिवार शाम सीतापुर पहुंची, जहां पार्टी कार्यकताओं और नेताओं ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर सपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कुलदीप सिंह भुल्लर ने मीडिया से बातचीत कर यात्रा के उद्देश्यों और आगामी राजनीतिक रणनीति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यात्रा का शुभारंभ 6 अप्रैल को सहारनपुर से हुआ था और यह प्रदेश के विभिन्न सिख बाहुल्य जनपदों से होकर गुजर रही है। यात्रा का समापन 6 जून को कानपुर में होगा। इसके माध्यम से समाजवादी पार्टी सिख समाज के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं को जानने का प्रयास कर रही है। कुलदीप सिंह भुल्लर ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास करती है। सिख समाज का प्रदेश और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी सिख समुदाय के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें समाजवादी विचारधारा से जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य सामाजिक न्याय, भाईचारा और समान भागीदारी का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। साथ ही सिख समाज की समस्याओं और मुद्दों को पार्टी नेतृत्व तक पहुंचाकर उनके समाधान के लिए प्रयास करना भी इस अभियान का प्रमुख लक्ष्य है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष छात्रपाल यादव, विधायक अनिल वर्मा, पूर्व मंत्री रामहेत भारती, सपा नेता दीपक भार्गव , जय सिंह यादव सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे। सपा नेताओं ने इस यात्रा को सामाजिक सौहार्द और राजनीतिक संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। यात्रा के सीतापुर पहुंचने पर कार्यकताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# 11वीं के छात्र की चाकू मारकर हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद जिले में कहासुनी के दौरान कथित रूप से चाकू मारे जाने से गम्भीर रूप से घायल हुए 11वीं कक्षा के एक विद्यार्थी की इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस सिलसिले में पांच आरोपियों में से तीन को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि 28 मई को खोड़ा की नवनीत विहार कॉलोनी के सूर्य चौहान (17) को गम्भीर रूप से घायल हालत में एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, मगर नाजुक हालत के कारण उसे नोएडा के एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया था, जहां उपचार के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गयी।

सूर्य चौहान के परिवार ने आरोप लगाया है कि 28 मई की दोपहर उसे किसी ने फोन किया था और उसे एक तय जगह पर मिलने के लिए बुलाया था। परिवार के सदस्यों ने दावा किया कि जब वह अपने दोस्तों के साथ वहां गया तो उनके बीच कहासुनी हो गई जिसके बाद उसके पेट में चाकू से प्रहार किये गये।

परिवार के लोगों ने दावा किया कि सूर्य अपनी जान बचाने के लिए करीब 200 मीटर तक भागा लेकिन हमलावरों ने उसका पीछा किया और फिर से चाकू से उस पर वार किये।

इंदिरापुरम के सहायक पुलिस आयुक्त अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि दोपहर करीब साढ़े तीन बजे सूचना मिलने पर पुलिस घायल किशोर को तुरंत अस्पताल ले गयी जहां शुक्रवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। श्रीवास्तव ने बताया कि सूर्य चौहान के परिवार की शिकायत पर पुलिस ने पांच आरोपियों में से तीन को गिरफ्तार कर लिया है और बाकी दो को गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि हत्या के पीछे का मकसद आरोपियों से पूछताछ के बाद ही पता चल पाएगा।

पुलिस उपायुक्त (नगर क्षेत्र) धवल जायसवाल ने बताया कि सूर्य चौहान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिवार वालों को सौंप दिया गया। पुलिस ने उस व्यक्ति को भी गिरफ्तार कर लिया है जिससे कथित तौर पर अपराध में इस्तेमाल किया गया चाकू खरीदा गया था।

जायसवाल ने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि आरोपी और सूर्य चाहन एक-दूसरे को जानते थे तथा उनमें दोस्ती भी थी।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक जांच में पता चला है कि मोटरसाइकिल चलाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था और गुस्से में आकर आरोपियों में से एक ने कथित तौर पर चौहान पर चाकू से हमला कर दिया। इस बीच, बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने इस घटना को बेहद दुखद और चिंताजनक बताया है।

मायावती ने एक्स पर लिखा कि सरकार और प्रशासन को ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए। उन्होंने मांग की कि दोषियों को सजा दिलाई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अगले साल राज्य में चुनाव होने वाले हैं, ऐसे में इस तरह के अपराधों के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं।

# रेलवे क्रॉसिंग को बंद न किया जाये, दिया ज्ञापन

सोनभद्र। बगैर वैकल्पिक व्यवस्था बनाए राबर्ट्सगंज खलियारी मार्ग रेलवे क्रॉसिंग को बंद न किया जाए। उपरोक्त मांग पूर्व विधायक एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अविनाश कुशवाहा ने शुक्रवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर किया।उन्होंने कहा कि उपरोक्त प्रांतीय राजमार्ग मार्ग उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश एवं बिहार राज्य को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है जिस पर प्रतिदिन हजारों वाहनों से स्थानीय नागरिकों,किसानों, व्यापारियों मरीजों, एवं छात्रों का आवागमन होता है। कार्यदायी संस्था को बगैर वैकल्पिक व्यवस्था बनाए मार्ग को अवरुद्ध किया जाना बहुत ही गैर जिम्मेदारी एवं अविवेकी निर्णय है। इस प्रचण्ड गर्मी में मरीजों एवं आम जन का बहुत बुरा हाल है एंबुलेंस एवं अन्य अति आवश्यक सेवाएं बहुत बुरी तरह प्रभावित हो जाएंगी ऐसे में कोई घटना घटित होती है उसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उन्होंने जिलाधिकारी से वैकल्पिक व्यवस्था बनाए जाने तक मार्ग को चालू रखने की मांग किया है।

## आदर्श दांपत्य जीवन में सामंजस्य और प्रेम आवश्यक

जौनपुर।सुजानगंज में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के दौरान पंडित आशीष कृष्ण शास्त्री ने दांपत्य जीवन पर महत्वपूर्ण उद्गार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आदर्श दांपत्य जीवन के लिए एक-दूसरे के बीच सामंजस्य और प्रेम का होना आवश्यक है।शास्त्री जी ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि आज समाज में दांपत्य जीवन में खटास की बातें आम होती जा रही हैं। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि सनातन संस्कृति में विवाह को सात जन्मों का रिश्ता माना जाता है, लेकिन सामंजस्य और प्रेम के अभाव के कारण यह संबंध दुखमय हो जाता है। भगवती सती के पावन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पंडित शास्त्री ने समझाया कि जहां दांपत्य में छल-कपट और एक-दूसरे के प्रति अविश्वास प्रवेश करता है, वहां दांपत्य जीवन दुखमय हो जाता है।उन्होंने कामदेव के प्राकट्य और संध्या देवी के आत्मदाह की कथा पर भी प्रकाश डाला। संध्या चरित्र के प्रसंग में उन्होंने बताया कि संध्या काल में चार कर्म बिल्कुल नहीं करने चाहिए, भोजन, स्त्री प्रसंग, निद्रा और पढ़ाई।

## प्रधानों का कार्यकाल छह माह तक प्रशासक के रूप में बढ़ाये जाने पर मंत्री का हुआ सम्मान



सीतापुर। त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में देरी के बीच उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम प्रधानों का कार्यकाल छह माह तक प्रशासक के रूप में बढ़ाए जाने के फैसले के बाद हरगांव ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को धन्यवाद समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक एवं राज्य कारागार मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने मंत्री सुरेश राही का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री के निर्णय के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सुरेश राही ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। ग्राम प्रधान ग्रामीण विकास की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जिनके सहयोग से सरकार की योजनाएं गांव-गांव तक पहुंच रही हैं। उन्होंने सभी प्रधानों से विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता उदित बाजपेई ने किया। इस अवसर पर कमलेश वर्मा, कुलदीप सिंह, कौशलेन्द्र सिंह, अनुपम सिंह, अमित सिंह, श्याम सुंदर, वीरेंद्र मिश्रा, संजय जायसवाल समेत बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में दंपति समेत चार घायल



धौरहरा खीरी। धौरहरा-ढखेरवा मार्ग पर लालजीपुरवा गांव के पास शुक्रवार सुबह हुए सड़क हादसे में दंपति समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) धौरहरा पहुंचाया गया, जहां तीन की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार महादेव गांव निवासी प्रदीप (40) अपनी पत्नी रीना देवी (38) के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। सुबह करीब 10 बजे लालजीपुरवा गांव के पास अमेठी मोड़ पर उनकी बाइक भकुरहिया गांव निवासी संतराम (45) की साइकिल से टकरा गई। संतराम अपने पिता मालती (70) को साइकिल से लेकर घर जा रहे थे।टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार प्रदीप व उनकी पत्नी रीना देवी तथा साइकिल सवार मालती और संतराम गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को सीएचसी धौरहरा भिजवाया।

## सीएसआर मद का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचायें



सोनभद्र। जनपद में कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) मद के प्रभावी एवं पारदर्शी उपयोग को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सीएसआर मद के माध्यम से संचालित होने वाले सभी जनकल्याणकारी कार्यों की सूचना जिला प्रशासन को समय से उपलब्ध कराना तथा आवश्यक अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि कंपनियां स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं अन्य सामाजिक क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की जानकारी मुख्य विकास अधिकारी, उपायुक्त उद्योग एवं सूचना अधिकारी को भी उपलब्ध कराएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि सीएसआर के अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य शिविर, शिक्षा संबंधी कार्यक्रम, जागरूकता अभियान एवं अन्य जनहितकारी गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और कंपनियों के बेहतर समन्वय से सीएसआर मद का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि बिना सूचना एवं अनुमति के संचालित किए जाने वाले कार्यों को स्वीकृति प्रदान नहीं की जाएगी। सभी कंपनियां निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए जनपद के विकास में सहभागी बनें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पंकज राय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अजय कुमार मिश्रा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# आपदा प्रबंधन की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। जनपद में संभावित बाढ़ एवं सूखा राहत से संबंधित तैयारियों की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आपदा से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जन-धन की हानि को न्यूनतम किया जा सके।

उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग एवं जिला पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन गांवों में प्रतिवर्ष बाढ़ की आशंका बनी रहती है, वहां विशेष चैपालों का आयोजन कर ग्रामीणों को बाढ़ से बचाव, राहत एवं पुनर्वास संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। साथ ही ग्राम स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सतर्क एवं सजग बनाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि तालाबों, पोखरों, बंधियों तथा अन्य जलाशयों में डूबने की घटनाओं को रोकने के लिए संवेदनशील स्थलों पर चेतावनी संबंधी साइनेज बोर्ड तत्काल लगाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि निरीक्षण के दौरान ऐसे स्थलों पर साइनेज बोर्ड नहीं पाए गए तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय करते हुए कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

● **संवेदनशील स्थलों पर चेतावनी संबंधी साइनेज बोर्ड तत्काल लगाए जाएं**

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार बाढ़ से पूर्व सभी विभाग अपनी तैयारियां पूरी कर लें तथा राहत एवं बचाव कार्यों के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। बाढ़ प्रभावित एवं संवेदनशील गांवों के व्हाट्सएप समूह बनाकर त्वरित सूचना तंत्र विकसित किया जाए, जिससे किसी भी आपदा की स्थिति में तत्काल सूचना का आदान-प्रदान हो सके। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन एवं बाढ़ से बचाव के उपायों की जानकारी देने के निर्देश भी दिए, ताकि समाज में जागरूकता का व्यापक प्रसार हो सके।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) वागीश कुमार शुक्ला, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पंकज राय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अजय कुमार मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# घरों से सटकर लगे विद्युत तार का व्यापारियों ने किया विरोध

जौनपुर। लोक शक्ति उद्योग व्यापार मण्डल प्रदेश अध्यक्ष श्रवण जायसवाल की अगुवाई में जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. को सम्बोधित ज्ञापन न्यायिक मजिस्ट्रेट शाहगंज रानी गरिमा जायसवाल को सौंपा गया। श्री जायसवाल ने कहा कि रामदयालगंज बाजार के दोनों छोर से हाईटेंशन लाइन 33 हजार




किलोवाट मकान के बाजार से सटाकर ले जाया जा रहा है। वह भी हाई कोर्ट के रोक के बावजूद बिजली विभाग ने मानव मूल्यों के तिलांजलि देते हुये तथा होने वाली अनहोनी के प्रति आंख मूंद करके विभाग द्वारा रात के समय चुपके से लाइन बिछाना घोर अपराध की श्रेणी में आता है। बिजली विभाग की इस मनमानी पूर्ण रवैया को व्यापार मण्डल बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने जिलाधिकारी से तत्काल हस्तक्षेप करके उक्त हाईटेंशन तार 33000 वाट को अण्डरग्राउण्ड के माध्यम से ले जाने का काम करें जिससे भविष्य में होने वाली जनहानि से बचा जा सके। साथ ही यह भी कहा कि यदि गम्भीरता से नहीं लिया गया तो बाजारवासियों का भविष्य मौत के मुहाने पर खड़ा है जो कभी भी गलत हो जायेगा। प्रदेश महामंत्री अनवारूल सुनील चौरसिया, मनोज जायसवाल, राजेश यादव, धर्मेन्द्र अग्रहरी, कमल चन्द्र अग्रहरी, मुन्ना लाल गुप्ता, छेदी लाल मोदनवाल, रामेश्वर जायसवाल, प्रधान लवकुश यादव, आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## कटानरोधी परियोजना के कार्य में भ्रष्टाचार की बू

मीरजापुर। जिले के छानबे विकास खंड क्षेत्र के बीजर कला गांव में नारायण घाट से मांझी बस्ती तक निमार्णाधीन कटानरोधी परियोजना का काम बंद किए जाने तथा निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार का बोलबाला होने के विरोध में शनिवार को ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया।बीते 12 अप्रैल को नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्रा ने परियोजना का शिलान्यास किया था। तब अभियंताओं ने बरसात के पहले 70 फीसदी से भी अधिक काम पूरा करने तथा गुणवत्ता मानकों का पालन करने का ढिढोरा पीटा था। शिलान्यास के डेढ़ माह बाद भी यहाँ कटान रोधी परियोजना का काम रुका हुआ है। टेढ़े मेढ़े बेडौल बोल्डर से स्टोन पीचिंग के काम में भ्रष्टाचार की बू आ रही है। फिलहाल यहाँ लेबर नजर नहीं आए। जेसीबी व पोकलेन मशीन शो-पीस बनी हुई है। बीते 13 मई को अधीक्षण अभियंता विजय कुमार ने स्थलीय निरीक्षण के दौरान कार्य में तेजी लाने तथा गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कार्य कराए जाने के लिए डांट फटकार लगाई थी। फिर भी कछुआ चाल से काम चल रहा है। एसडीओ उमेश द्विवेदी ने बताया कि बरसात के पहले 70 फीसदी कार्य पूरा करा लिया जाएगा। कटान रोधी परियोजना का कार्य ठप्प कर दिया गया है। एस डीओ ने बताया कि क्यों और किन परिस्थितियों में कार्य बंद चल रहा है इसका पता लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकांश मजदूर मुस्लिम वर्ग के हैं। हो सकता है अभी तक बकरीद की छुट्टी मना रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने बरसात के पहले 70 फीसदी कार्य पूरा कराने तथा तकनीकी टीम से गुणवत्ता मानकों की जांच कराने की मांग किया है।

संक्षेप

## गैंगस्टर एक्ट मामलों की हुई समीक्षा

**फतेहपुर**। कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक की अध्यक्षता में गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत चल रही कार्यवाहियों की समेकित समीक्षा हेतु गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में गैंगस्टर एक्ट के तहत पंजीकृत मामलों, लंबित विवेचनाओं, अभियोजन की प्रगति तथा दोषसिद्धि की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जांच-पड़ताल की गई।मामलों की स्थिति: उपस्थित अधिकारियों ने जिले में पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट के मामलों की सूची प्रस्तुत की और लंबित प्रकरणों की स्थिति, सबूतों के संग्रह तथाअभियोजन से संबंधित कठिनाइयों पर चर्चा की।अभियोजन प्रगति अभियोजन अधिकारियों ने चल रही ट्रायल्स और कोर्ट में दाखिल हुए सबूतों की समग्र प्रगति की जानकारी दी। जहां आवश्यक पाया गया वहां रणनीतिक वकालत व साक्ष्य पेश करने के तरीकों पर चर्चा की गई समन्वय पर जोरः जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने अभियोजन अधिकारियों, विवेचकों और संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय बढ़ाने के निर्देश दिए।

निर्णय हुआ कि साक्ष्यों और गवाहों को समय पर कोर्ट में पेश करने हेतु सुनिश्चित व्यवस्था की जाए ताकि ट्रायल में देरी न हो।त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही: दोनों अधिकारियों ने कहा कि गैंगस्टर एक्ट के मामलों में प्रभावी पैरवी व कानूनी कदम उठाते हुए दोषियों को शीघ्र दंडित कराने का प्रयास तेज किया जाए।

लंबित प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष बल दिया जाने का निर्देश दिया गया व्यवस्थागत कदमः गोष्ठी में यह भी निर्णय लिया गया कि आवश्यकतानुसार विशेष दलीलों, साक्ष्य-संग्रह की त्वरित प्राथमिकता और गवाहों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए समन्वित कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस को निर्देश दिए गए कि वे प्रकरणों के संवेदनशील हिस्सों की पहचान कर उन पर फोकस बढ़ाएं जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि कानून-व्यवस्था की मजबूती के लिए न केवल अभियोजन को तेज करना आवश्यक है, बल्कि जांच, सबूतों के संरक्षण व विधिक प्रक्रिया में पारदर्शिता भी जरूरी है।

## हनुमान मंदिर के पास मिला अंग

**फतेहपुर**। थाना कोतवाली क्षेत्र के चौक स्थित बाजार के पास स्थित हनुमान मंदिर के पास शुक्रवार शाम लगभग चार से साढ़े चार बजे के बीच एक खाली प्लॉट में बकरे के शरीर का एक अंग पड़ा होने की सूचना मिलने पर स्थिति कुछ देर के लिए चिंताजनक बन गई।

सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण किया और दृष्टिगोचर अंग को सुरक्षित रूप से हटाकर आवश्यक प्राथमिक कार्रवाई की।

मौके पर मौजूद व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने घटना पर आपत्ति व्यक्त की और कुछ ने इसे किसी व्यक्ति विशेष द्वारा जानबूझकर किया गया कृत्य बताकर रोष भी जताया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को निकालकर खंगालना शुरू किया तथा वहां उपस्थित व्यक्तियों और व्यापारियों से बयान लिये गए।पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज का संकलन कर उपस्थित विस्तृत जांच की। करीब सात सौ से आठ सौ मीटर तक के क्षेत्र में कैमरों का ट्रैकिंग करने पर स्पष्ट रूप से नजर आया कि जिन हिस्सों में मांस दिखा, वह एक आवारा कुत्ते द्वारा लेकर लाया गया था। फुटेज में कुत्ता उस दिशा से आता हुआ दिखा और वहीं अंग घटनास्थल पर छोड़ा गया।

पुलिस ने यह फुटेज स्थानीय व्यापारियों, आसपास के संभ्रांत लोगों और उपस्थित साक्षियों को भी दिखायीं, जिससे लोगों में शंका का निवारण हुआ और अधिकांश लोग घटना के पश्चात संतुष्ट दिखे।पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि प्रारम्भिक जांच से यह स्पष्ट हो गया है कि किसी आपराधिक षड्यंत्र या जानबूझकर की गई नफरतजनक हरकत नहीं थी, बल्कि आवारा कुत्ते के आचरण के कारण ऐसा हुआ। उन्होंने लोगों से अपील की है कि जांच के स्पष्ट तथ्यों के आने पर किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना का प्रसार न करें, क्योंकि इससे शांति और कानून व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। श्री मांगलिक ने मीडिया के माध्यम से नगर वासियों को भरोसा दिलाया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर मामले का खुलासा कर दिया है और वर्तमान में शांति तथा सार्वजनिक व्यवस्था सामान्य है।

# नकली चांदी के आभूषण बेचकर ठगी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

जिला संवाददाता



**ललितपुर**। थाना सौजना पुलिस ने आम लोगों को झांसा देकर नकली चांदी के आभूषण बेचने वाले एक संगठित गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक कमरबंद, एक गले की चैन और दो जोड़ी पायल सहित नकली सफेद धातु के आभूषण बरामद किए हैं। एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन तथा एएसपी कालू सिंह एवं सीओ महरौनी रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

**● नकली कमरबंद, चैन और पायल बरामद**

थाना सौजना में दर्ज मुकदमा संख्या 82/2026 धारा 318(4) बीएनएस के तहत वांछित अभियुक्त महरौनी के ग्राम कुम्हैडी निवासी धनीराम कुशवाहा व मड़ावरा के ग्राम लुहर्रा निवासी रामचरन कुशवाहा और बिरधा के ग्राम मैनवार निवासी रामगोपाल कुशवाहा को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। घटना का खुलासा तब हुआ जब ग्राम कोरवास निवासी एक व्यक्ति ने 28 मई को थाना सौजना में शिकायत दर्ज कराई कि कुछ लोगों ने उसे चांदी के आभूषण बताकर 15 हजार रुपये में नकली आभूषण बेच दिए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तीन टीमों का गठन किया। पुलिस टीमों ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी सर्विलांस और स्थानीय सूचनाओं के आधार पर जांच करते हुए आरोपियों की पहचान की और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह एक संगठित गिरोह के रूप में कार्य करते हैं। गिरोह के सदस्य बाहर से सफेद धातु के बने नकली आभूषण खरीदकर लाते हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में सीधे-साधे लोगों को अपनी बातों में फंसाकर उन्हें चांदी के आभूषण बताकर बेच देते हैं या गिरवी रख देते हैं। आरोपियों ने स्वीकार किया कि 26 मई को उन्होंने ग्राम कोरवास निवासी सोनू राजा को पैसों की जरूरत का बहाना बनाकर 15 हजार रुपये में नकली आभूषण बेच दिए थे और प्राप्त रकम आपस में बांट ली थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक नकली कमरबंद, एक नकली गले की चैन और दो जोड़ी नकली पायल बरामद की हैं, जो सफेद धातु से बनी हुई हैं।

# तंबाकू छोड़ें, स्वस्थ जीवन अपनायें: डॉ. अमित

**ललितपुर**। विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर स्वास्थ्य विभाग ने जनपदवासियों से तंबाकू एवं उससे बने उत्पादों का सेवन पूरी तरह छोड़ने की अपील की है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि तंबाकू का सेवन मुंह, गले और फेफड़ों के कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण है और इससे हर वर्ष लाखों लोगों की मौत होती है। प्रभारी सीएमओ डा. अमित तिवारी ने बताया कि तंबाकू और उससे उत्पाद मानव शरीर के लिए अत्यंत घातक हैं। इसके सेवन से मुंह, गले एवं फेफड़ों का कैंसर, हृदय रोग, लकवा तथा श्वास संबंधी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। उन्होंने जनपद के सभी नागरिकों से तंबाकू सेवन की आदत छोड़कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला सलाहकार डा. रुद्रप्रताप सिंह बुंदेला ने बताया कि तंबाकू छोड़ें? के इच्छुक लोगों के लिए जिला चिकित्सालय संबद्ध स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के कक्ष संख्या-4 में संचालित तंबाकू उन्मूलन केंद्र पर किसी भी कार्य दिवस में परामर्श प्राप्त किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त टोल फ्री नंबर 1800-112-356 पर विशेषज्ञों से निशुल्क सलाह भी ली जा सकती है। उन्होंने बताया कि सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) 2003 के तहत सार्वजनिक स्थानों जैसे अस्पताल, रेलवे स्टेशन, प्रतीक्षालय, सभागार, रेस्टोरेंट, शिक्षण संस्थान एवं अन्य कार्यस्थलों पर धूम्रपान प्रतिबंधित है। नियमों का उल्लंघन करने पर 200 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके अलावा तंबाकू उत्पादों के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष विज्ञापन पर पूर्ण प्रतिबंध है। 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को तंबाकू बेचना या उसके द्वारा खरीदना प्रतिबंधित है तथा किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री भी निषिद्ध है। डा. सौरभ ने कहा कि तंबाकू मुंह और फेफड़ों के कैंसर का सबसे बड़ा कारण है। तंबाकू छोड़ें? के बाद हृदय गति और रक्तचाप सामान्य होने लगते हैं तथा रक्त में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है। इसके साथ ही हृदयाघात, कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों का खतरा भी काफी हद तक कम हो जाता है। स्वास्थ्य विभाग ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर सभी नागरिकों से तंबाकू के खिलाफ जनजागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी करने और तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग देने की अपील की।

## अवैध परिवहन ओवरलोडिंग में संलिप्त वाहनों का चालान



**बांदा**। जिलाधिकारी के दिये गये निर्देश के तहत अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग पर प्रभावी नियंत्रण के लिए गठित टास्क फोर्स के सदस्यो ने 29 मई को विभिन्न स्थानो पर जांच की। उपखनिजों से लोड लगभग 1120 वाहनों में से 15 वाहन बिना परिवहन प्रपत्र, में अंकित मात्रा से अधिक उपखनिज लोड मिले। 15 वाहनों में से पांच वाहनों को संबंधित थाने की सुपुर्दगी में दिया गया। दस वाहनों का आनलाईन चालान किया गया। इनसे 6 लाख 40 हजार रुपये शमन शुल्क की वसूली की गयी। 19 वाहन बिना नंबर के पाये गये, जिसमें से 16 वाहनों का ऑनलाईन चालान किया गया। तीन वाहनों को संबंधित थाने की सुपुर्दगी में दिया गया। तहसील नरैनी स्थित ग्राम-पनगरा में उपखनिज गिट्टी, पत्थर संचालित दो खनन पट्टो का भी निरीक्षण किया गया।

## कबीर आश्रम के विकास को पहली किश्त में 40 लाख

**बांदा**। नरैनी विधानसभा की विधायक की मांग पर शीतलदास अखाड़ा संत कबीर आश्रम नौगवां के पर्यटन विकास को प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। प्रथम किस्त के रूप में 40 लाख रुपए कार्यदायी संस्था को आवंटित हो गए हैं। नरैनी तहसील क्षेत्र के नौगवां गांव स्थित शीतलदास अखाड़ा सिद्धपीठ संत कबीर आश्रम में श्रद्धालुओं, संतों के लिए आवश्यक सुविधाएं विकसित कराने को विधायक ओममणि वर्मा ने पर्यटन मंत्री को पत्र लिखा था। उप सचिव संजीव कुमार श्रीवास्तव ने पत्र जारी कर उक्त पर्यटन विकास कार्य की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने की जानकारी दी है। संत कबीर आश्रम में यात्री शेड, सीसी बेंच, सोलर पैनल, पेयजल व्यवस्था, सुंदरीकरण के कार्यों के लिए सरकार ने मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों के विकास अंतर्गत प्राविधानित बजट से 53.82 लाख रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की। राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड को प्रथम किस्त के रूप में 40 लाख रुपए आवंटित किए गए हैं। इसकी जानकारी पर क्षेत्रीय श्रद्धालुओं एवं संतों ने खुशी जाहिर की है।

## शहर में कुछ इलाकों व ग्रामीण क्षेत्र में नहीं बहाल हो सकी बिजली आपूर्ति

**बांदा**। मंडल मुख्यालय सहित तहसील व ग्रामीण क्षेत्रों में दो दिन बाद भी बिजली आपूर्ति पूरी तरह बहाल नहीं हो सकी है। बिजली न मिलने से पेयजल सहित अन्य कार्य बाधित हैं। चिल्ला पावर हाउस से संचालित जारी फीडर की सप्लाई पूरी तरह ठप है। अधिकारी पूछने पर सही जवाब देने की भी जहमत नहीं उठाते।जनपद में बीते दिवस तेज आंधी व पानी से जहां जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया था वहीं बिजली लाइन व खंभे कई जगह टूट गए। इसे सहीं करने में विभाग लगा रहा। शनिवार शाम तक मंडल मुख्यालय के कई मोहल्लों व ग्रामीण क्षेत्र की आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। इसी तरह गिरवां फीडर, जारी फीडर, नरैनी, बबेरू बबेरू क्षेत्र मे कई टावर सहित पोल गिर गए जिससे पूरे क्षेत्र में लोग गर्मी से परेशान होते रहे। कई जगह लोग एक किलोमीटर की दूरी से पानी लाने को मजबूर रहे है। हैंडपंप में पानी भरने के लिए लोगों की कतार देखी गई। विद्युत विभाग के कर्मचारी विद्युत सप्लाई चालू करने के लिए दिनभर जगह-जगह काम करते देखे गए।

## ट्रैक्टर की टक्कर से एक की मौत, चालक ने की आत्महत्या

**महोबा। थाना** कबरई क्षेत्रान्तर्गत ग्राम खरका निवासी संदीप प्रजापति की पुत्री के जन्मदिवस दिनांक 28 मई 2026 की रात्रि जब जन्मदिन मनाया जा रहा था, उसी समय गांव के ही निवासी विश्वमूर्ति प्रजापति द्वारा अपने महिंद्रा ट्रैक्टर को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए आयोजन स्थल पर 2 व्यक्तियों को टक्कर मार दी गई थी, जिसमें दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार के दौरान मंगल प्रजापति की मृत्यु हो गई, जबकि संदीप प्रजापति जनपद बांदा में उपचाराधीन हैं एवं उनकी स्थिति सामान्य बनी हुई है। उक्त घटना के संबंध में क्षेत्राधिकारी ने बताया कि दिनांक 29 मई को सूचना प्राप्त हुई कि उक्त घटना के नामजद अभियुक्त विश्वमूर्ति प्रजापति द्वारा घटना से आत्मग्लानि एवं क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई है। सूचना पर थाना स्थानीय पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से प्राप्त तथ्यों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## महाविद्यालय में रखी मिली अवैध कटान की लकड़ी छात्र नेताओं का हंगामा

**बांदा**। अतर्रा महाविद्यालय के कृषि संकाय की मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन प्रयोगशाला में सागौन के कटे पेड़ की लकड़ी रखी हुई मिलने से छात्रों ने हंगामा कर दिया। वन विभाग को शिकायत भेजकर मौके पर वन दरोगा को बुलाकर जांच कराई। कॉलेज प्रशासन पर हरे पेड़ काटने का आरोप लगाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. पीके विश्वकर्मा का कहना है कि यह लकड़ी करीब आठ माह पहले से रखी है। कोई भी नया पेड़ परिसर में नहीं काटा गया है। इसका मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है इसलिए लकड़ी को सुरक्षित रखा गया है। पूर्व छात्र नेता नीरज द्विवेदी, इंद्रप्रसाद त्रिपाठी, विकास दीक्षित, रोहित शुक्ला, प्रवीण कुमार, सनी आदि नें वन विभाग के दरोगा ओमप्रकाश को शिकायत भेज कर बताया कि अतर्रा महाविद्यालय के कृषि संकाय की मृदा विज्ञान प्रयोगशाला के अंदर प्रतिबंधित सागौन के कटे पेड़ों की लकड़ी रखी है। प्राचार्य डा. पीके विश्वकर्मा की उपस्थिति में प्रयोगशाला को खुलवाया गया। यहां पर सागौन के कटे पेड़ों की लकड़ी रखी मिली। उपस्थित कृषि संकाय के शिक्षक डा. संजय श्रीवास्तव, डा. प्रमोद द्विवेदी ने बताया कि आठ माह पहले महाविद्यालय में कुछ निर्माण कार्य कराए जाने के कारण उस जगह पर लगे कुछ पेड़ों को काटा गया था जिसकी शिकायत हुई थी और जांच में तत्कालीन प्राचार्य डा. जेपी शुक्ला पर मुकदमा दर्ज हुआ था। उस मुकदमे से संबंधित लकड़ी जांच पड़ताल के लिए प्रयोगशाला में सुरक्षित रखवा दी गई थी। वहीं वन दरोगा ओमप्रकाश ने बताया कि प्रयोगशाला में रखी लकड़ी 15 दिन से एक महीने के अंतराल में काटी हुई समझ में आ रही हैं। छात्रों ने आरोप लगाया कि हरे पेड़ कटवाए जा रहे हैं।

# आनलाइन प्रमाणित खतौनी मिलने से किसानों में खुशी

जिला संवाददाता




**बांदा**। ऑनलाइन भुगतान से अब प्रमाणित खतौनी चैबीसो घंटे डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है। इस आशय का आदेश उ0प्र0 राजस्व परिषद ने आठ मई को दिए थे। इसका पालन सदर तहसील में अब होने लगा है। इस आदेश के बाद किसानों ने खुशी जाहिर की है। ग्राम जौहरपुर के निवासी मुन्ना सिंह, गुरेह के मईयादीन, महोखर के भूधर तिवारी आदि ने बताया कि अब उन्हे खतौनी की प्रमाणित नकल लेने के लिये गांव से तहसील काउंटर नही आना पडेगा। इससे समय के साथ-साथ किराया भी बचेगा।

**● त्रुटि सुधार कार्य भी हो सकेगा आनलाइन**

अधिवक्ता नरेंद्र गुप्ता, राकेश सिंह, बार संघ के पूर्व महासचिव रामप्रकाश शिवहरे, जगतनारायन तिवारी ने कहा कि मुकदमों में जमानत के लिये प्रमाणित खतौनी लगाने के लिये तहसील काउंटर पर निर्भरता कम हो जायेगी। जौहरपुर के राम सिंह ने खतौनी कक्ष के स्टाफ अंबरीश बाजपेयी से अपने मोबाइल पर प्रमाणित खतौनी डाउनलोड करने का तरीका भी सीखा। तहसीलदार विकास पांडेय ने कहा कि खतौनी कक्ष के स्टाफ ने कई किसानों को खतौनी में नाम, पता में हुयी त्रुटिसुधार की आनलाइन सुविधा की भी जानकारी दी।

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश पदाधिकारी मनरूप सिंह परिहार, बैजनाथ अवस्थी, रामदास साहू ने कहा कि किसानों को दी जाने वाली ये दोनो ही सुविधाएं महत्वपूर्ण है। खतौनी में गलती के सुधार की ऑनलाइन सुविधा से अब कागजी कार्यवाही कम होगी। राजस्व न्यायालय का चक्कर लगाने की जरूरत खत्म हो गई है।

# जमीन पर अवैध कब्जे और बिक्री रोकने की मांग



जिला संवाददाता

**ललितपुर**। आजादपुरा क्षेत्र निवासी एक विधवा महिला ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अपनी पैतृक कृषि भूमि पर कथित अवैध कब्जा और अवैध बिक्री के प्रयासों को रोकने की मांग की है। महिला का आरोप है कि पति की मृत्यु के बाद कुछ लोग उनकी जमीन पर कब्जा करने और उसे बेचने की कोशिश कर रहे हैं।

जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में शारदा पत्नी स्व.रविकुमार कुशवाहा ने बताया कि उनके पति का निधन हो चुका है और वह अपने नाबालिग बच्चों के साथ भूमि की वैध वारिस हैं। संबंधित भूमि ग्राम पटोराकला, तहसील एवं जिला ललितपुर में स्थित है, जिसका मामला वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। महिला का आरोप है कि कुछ दबंग व्यक्तियों द्वारा विवादित भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है तथा

**● जिलाधिकारी से शिकायत, नाबालिग बच्चों के हक की भूमि बचाने की अपील**

भूमि को गलत तरीके से बेचने और निर्माण कार्य कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विरोध करने पर उन्हें फोन पर धमकियां दी जा रही हैं और मुकदमे में हार-जीत की परवाह किए बिना जमीन पर कब्जा बनाए रखने की बातें कही जा रही हैं। प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया गया है कि भूमि संबंधी विवाद के निस्तारण के लिए तहसीलदार न्यायालय में वाद विचाराधीन है। ऐसे में न्यायालय के निर्णय से पहले किसी भी प्रकार की खरीद-फरोख्त या निर्माण कार्य कराना नियमों के विपरीत होगा। महिला ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की जांच कर विवादित भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे, बिक्री और निर्माण कार्य को तत्काल रोका जाए तथा उन्हें और उनके नाबालिग बच्चों के वैधानिक अधिकारों की सुरक्षा प्रदान की जाए। शिकायतकर्ता ने प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की है, ताकि उनके परिवार की संपत्ति सुरक्षित रह सके और भविष्य में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो।

# चोरी का खुलासा नहीं विधायक के साथ एसपी को सौंपा पत्र

जिला संवाददाता

**बांदा**। शहर कोतवाली के बाबा तालाब मोहल्ले निवासी जगदीश सिंह यादव ने अपने घर में हुई लाखों की चोरी के खुलासे और चोरी किए गए सामान की बरामदगी की मांग की है। उन्होंने समाजवादी पार्टी के बबेरू विधायक विशंभर यादव और सपा कार्यकताओं के साथ अधिकारियों को एक प्रार्थना पत्र दिया है।

पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि पांच मई की रात वह अपने परिवार के साथ शुकुल कुआं स्थित श्रीराम पैलेस में अपनी भतीजी के विवाह समारोह में शामिल होने गए थे। रात करीब 11 बजे उन्होंने अपने छोटे पुत्र उदय और भतीजे संदीप को घर भेजा। घर पहुंचने पर उदय और संदीप ने देखा कि मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था। कमरों और अलमारी के ताले तोड़कर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने कोतवाली नगर पुलिस और पुलिस हेल्पलाइन को सूचना दी।

सूचना के लगभग एक घंटे बाद मंडी समिति पुलिस चैकी से पुलिस टीम मौके पर पहुंची। टीम ने फिंगर प्रिंट सहित आवश्यक जांच-पड़ताल की, लेकिन घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी चोरी का खुलासा नहीं हो सका है। पीड़ित का आरोप है कि 25 मई को पुलिस ने कुछ संदिग्धों को गिरफ्तार किया था, जिनका चोरी की घटना से संबंध हो सकता है। बताया कि घटना से पूर्व करीब 15 दिनों तक कुछ लोग उनके घर में पोताई का काम कर रहे थे, जिससे उन्हें घर के अंदर और बाहर की पूरी जानकारी थी। मांग की है कि घटना के समय उनके घर के आसपास सक्रिय मोबाइल नंबरों और संदिग्ध गतिविधियों की जांच कराई जाए, जिससे चोरी की घटना का खुलासा हो सके।

पीड़ित ने एफआईआर और चोरी गए सामान की सूची भी अधिकारियों को उपलब्ध कराते हुए मामले की निष्पक्ष जांच, चोरी किए गए सामान की बरामदगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर प्रेस क्लब में हुई गोष्ठी

**ललितपुर**। हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शनिवार को प्रेस क्लब (पंजीकृत) के तत्वावधान में स्थानीय अमर शहीद पं. गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अमर शहीद पत्रकार पं. गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। प्रेस क्लब संरक्षक मंडल के सदस्यों, पदाधिकारियों तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े वरिष्ठ पत्रकारों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। गोष्ठी में वक्ताओं ने हिन्दी पत्रकारिता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास को याद किया। संरक्षक मंडल के सदस्यों ने उपस्थित पत्रकारों को शुभकामनाएं देते हुए निष्पक्ष और जनहितकारी पत्रकारिता की आवश्यकता पर बल दिया। प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले ने कहा कि 30 मई 1826 को हिन्दी के प्रथम समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड का प्रकाशन हुआ था। इसके संपादक पं. जुगल किशोर शुक्ल ने अपनी निर्भीक और क्रांतिकारी लेखनी के माध्यम से भारतीय समाज में जागरूकता का संचार किया तथा ब्रिटिश शासन के विरुद्ध जनमत तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि अनेक बाधाओं, प्रतिबंधों और प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भारतीय पत्रकारिता ने स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन किया।

## सरस्वती मां विद्या मंदिर के छात्रों ने बढ़ाया जिले का मान




**फतेहपुर**। शिक्षा के क्षेत्र में एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए सरस्वती मां विद्या मंदिर, खंभापुर, फतेहपुर के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अमर उजाला ओलम्पियाड 2025-26 में शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय की कक्षा 6 की छात्रा अनन्या सिंह एवं कक्षा 7 के छात्र राहुल कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर डिस्ट्रिक्ट टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। प्रेक्षागृह में आयोजित ह्वअमर उजाला भविष्य ज्योतिह्व सम्मान समारोह में दोनों मेधावी विद्यार्थियों को पुलिस अधीक्षक श्री अभिमन्यु मांगलिक, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार एवं अपर जिलाधिकारी श्री विनय पाण्डेय द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा। विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं अभिभावकों ने अनन्या सिंह और राहुल कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप

**ललितपुर**। ग्राम मऊमाफी के ग्रामीणों ने प्राचीन हनुमान मंदिर की भूमि पर कथित अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर के सामने स्थित भूमि पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा किए जाने से भविष्य में मंदिर के विस्तार और धार्मिक गतिविधियों पर संकट खड़ा हो गया है। जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम मझमाफी

**● जमीन मुक्त कराने की मांग**

स्थित श्री 1008 हनुमान जी महाराज का प्राचीन मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मंदिर के सामने स्थित गाटा संख्या-241 में लगभग 10 से 15 डिसमिल भूमि खाली पड़ी थी, जिसे भविष्य में मंदिर परिसर के विस्तार, धर्मशाला एवं यज्ञशाला निर्माण के लिए सुरक्षित माना जाता रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के कुछ लोगों द्वारा उक्त भूमि पर धीरे-धीरे अवैध कब्जा किया जा रहा है। इससे मंदिर के लिए उपलब्ध भूमि लगातार कम होती जा रही है और भविष्य में धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित करने में कठिनाई आ सकती है। प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि मंदिर के पुजारी एवं ग्रामीण जब कब्जा हटाने की बात करते हैं तो उन्हें कथित रूप से अभद्र व्यवहार और धमकियों का सामना करना पड़ता है। इससे मंदिर से जुड़े लोग मानसिक रूप से परेशान हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर मंदिर की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए तथा राजस्व अभिलेखों के अनुसार भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उनका कहना है कि यह भूमि धार्मिक एवं सार्वजनिक उपयोग की है, इसलिए इसकी रक्षा प्रशासन की जिम्मेदारी है। ज्ञापन पर ग्राम के अनेक लोगों ने हस्ताक्षर कर मंदिर की भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग का समर्थन किया है।

# चिकित्सा शिक्षा की नवीन पद्धतियों, शिक्षण कौशल मूल्यांकन प्रणाली पर दी गयीं जानकारियां




**ललितपुर**। स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, ललितपुर में प्राचार्य डॉ. मयंक शुक्ला के नेतृत्व में बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन (बीसीएमई) का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन उप प्राचार्य डॉ. श्रुति सिंह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के पर्यवेक्षक के रूप में केजीएमयू, लखनऊ से डॉ. राकेश दीवान उपस्थित रहे। बाहय रिसोर्स फैकल्टी के रूप में एएसएमसी फिरोजाबाद के सामुदायिक चिकित्सा विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. मुकेश शर्मा ने प्रतिभागियों को चिकित्सा शिक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

**'मेडिकल कॉलेज में बीसीएमई का हुआ आयोजन**

एएसएमसी ललितपुर से रिसोर्स फैकल्टी के रूप में डॉ. श्रुति सिंह (प्रोफेसर), डॉ. राजेश आर्य ( एसोसिएट प्रोफेसर), डॉ. देश निधि सिंह ( एसोसिएट प्रोफेसर) एवं डॉ. ऋषभ प्रताप सिंह ( एसोसिएट प्रोफेसर ) ने विभिन्न शैक्षणिक सत्रों का संचालन किया। कार्यक्रम के संचालन में डॉ रजनी रतमेले ( सहायक आचार्य), जूनियर रेजिडेंट डॉ. लक्ष्मण गुप्ता एवं डॉ. ज्योति का विशेष सहयोग रहा। प्रशासनिक एवं कार्यालयीय सहयोग भरत सिंह द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा शिक्षा की नवीन पद्धतियों, शिक्षण कौशल, मूल्यांकन प्रणाली तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया।

संक्षेप

## उत्तराखंड में तीन सड़क हादसों में सात व्यक्तियों की मौत

देहरादून/गोपेश्वर। उत्तराखंड में तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में महाराष्ट्र के एक श्रद्धालु दंपति समेत सात व्यक्तियों की मृत्यु हो गयी और छह अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में एक परिवार के तीन सदस्य शामिल हैं जो अपने परिजन का शव लेकर चमोली जिले में स्थित अपने गांव लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि चमोली जिले के रुपकुंड मार्ग पर ल्वाणी गांव के समीप जंगल क्षेत्र में एक वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क से 400-500 मीटर नीचे गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार एक परिवार के तीन सदस्यों की मृत्यु हो गयी और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, शनिवार सुबह मिली सूचना के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव अभियान चलाया। पुलिस के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त वाहन में सवार लोग देहरादून में उपचार के दौरान दम तोड़ने वाले अपने परिजन भजन सिंह का शव लेकर आ रहे थे। पुलिस के अनुसार शव एक निजी एंबुलेंस में था जबकि परिजन अपने वाहन से अपने गांव बांक लोहाजंग लौट रहे थे और इसी दौरान उनका वाहन खाई में गिर गया। पुलिस के अनुसार, हादसे के समय वाहन में छह व्यक्ति सवार थे जिनमें से तीन की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान वाहन चला रहे बल्बीर सिंह बिष्ट (52), उनकी पत्नी शांति देवी (48) और बेटे अंशु बिष्ट (18) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना में तीन अन्य घायल भी हुए हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## त्रिवेणी इंजीनियरिंग का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ आठ प्रतिशत घटकर 167 करोड़ रुपये

नयी दिल्ली। त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ आठ प्रतिशत घटकर 167.45 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से गन्ने की लागत बढ़ने के कारण कंपनी का लाभ घटा है। कंपनी का 2024-25 की समान तिमाही में शुद्ध लाभ 183 करोड़ रुपये था। एकीकृत चीनी और एथनॉल उत्पादक कंपनी त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चौथी तिमाही में कंपनी की कुल आय घटकर 1,842.15 करोड़ रुपये रही, जो वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 1,934.53 करोड़ रुपये थी। हालांकि, पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़कर 268.71 करोड़ रुपये हो गया, जो 2024-25 में 243.19 करोड़ रुपये था। आलोच्य वित्त वर्ष में कंपनी की कुल आय बढ़कर 7,697.03 करोड़ रुपये हो गई, जो 2024-25 में 6,865.58 करोड़ रुपये थी।

## सरकार ने गन्ना नियंत्रण आदेश के मसौदे को वापस लिया

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने गन्ना (नियंत्रण) आदेश, 2026 के मसौदे को वापस ले लिया है। विभिन्न राज्य सरकारों और अन्य हितधारकों से प्राप्त आपत्तियों के मद्देनजर इसे पुनः समीक्षा के लिए भेजा जाएगा। खाद्य मंत्रालय ने एक कार्यालय ज्ञापन में कहा, राज्य सरकारों और अन्य हितधारकों से प्राप्त सुझावों/टिप्पणियों के आधार पर यह आवश्यक माना गया है कि गन्ना (नियंत्रण) आदेश, 2026 के मसौदे पर पुनर्विचार किया जाए। मंत्रालय ने इस मसौदे को सार्वजनिक टिप्पणियों के लिए जारी किया था, जिसकी अंतिम तिथि 20 मई तय की गई थी। यह मसौदा 60 साल पुराने गन्ना (नियंत्रण) आदेश, 1966 को बदलने के उद्देश्य से तैयार किया गया था, जिसमें एथनॉल और खांडसारी क्षेत्रों को सरकारी नियमन के दायरे में लाने का प्रस्ताव शामिल था। इस प्रस्ताव का खांडसारी इकाइयों और किसानों ने विरोध किया था। मसौदे में खांडसारी इकाई की परिभाषा बदलकर उसे 10 से अधिक श्रमिकों और प्रतिदिन 500 टन से अधिक पेराई क्षमता वाली इकाई के रूप में परिभाषित करने का प्रस्ताव था। मौजूदा नियमों के तहत खांडसारी इकाई वह होती है जिसमें 20 या अधिक श्रमिक हों और क्षमता सीमा का कोई प्रावधान नहीं है। सूत्रों के अनुसार, प्रस्तावित परिभाषा से बड़ी संख्या में छोटी, श्रम-प्रधान इकाइयां नियामकीय दायरे में आ जातीं, जिससे किसानों पर असर पड़ता क्योंकि उन्हें खांडसारी इकाइयों से चीनी मिलों की तुलना में बेहतर मूल्य मिलता है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद संजीव बालियान ने सोशल मीडिया पर कहा कि सरकार ने यह आदेश किसानों के हित में वापस लिया है।

# ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए तैयार रहे सेना

एजेंसी



पुणे। थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को कहा कि यदि आवश्यकता पड़ी तो सशस्त्र बल ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जनरल द्विवेदी ने कहा कि सेना के तीनों अंग उस आधुनिक बहु-आयामी युद्ध की चुनौतियों से निपटने के लिए आपसी समन्वय को और मजबूत कर रहे हैं, जो अब केवल थल, जल और वायु तक सीमित नहीं रह गया है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के 150वें कोर्स की पासिंग आउट परेड के अवसर पर यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में जनरल द्विवेदी ने कहा कि फिलहाल अस्थायी संघर्षविराम है, लेकिन यदि अगला चरण शुरू होता है तो उससे निपटने के लिए तीनों सेनाएं पूरी तैयारी कर रही हैं। गौरतलब है कि भारत ने अप्रैल 2025 में हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में मई 2025 में पाकिस्तान स्थित आतंकी ढांचे को नष्ट करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। जनरल द्विवेदी ने कहा, जहां तक ऑपरेशन सिंदूर का सवाल है, यह अब भी जारी है। फिलहाल अस्थायी संघर्षविराम है। भारतीय सेना और सेना के तीनों अंग ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए तैयारियां कर रहे हैं, यदि इसे अंजाम देने की स्थिति बनती है। उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्धों पर अंतरिक्ष, साइबर और मनोवैज्ञानिक एवं सूचना-आधारित युद्ध जैसे उभरते क्षेत्रों का प्रभाव लगातार बढ़ेगा।

सेना प्रमुख ने कहा कि आधुनिक युद्धक्षेत्र बेहद पारदर्शी हो चुके हैं और लगभग हर गतिविधि पर नजर रखी जा सकती है, ऐसे में सैन्य योजनाकारों को सैनिकों की तैनाती तथा उनकी सुरक्षा को लेकर अत्यंत सतर्क रहना होगा। उन्होंने कहा, आज की स्थिति में युद्धक्षेत्र 24 घंटे निगरानी में रहता है। यह इतना पारदर्शी हो गया है कि हर गतिविधि दूसरे पक्ष को दिखाई देती है। इसलिए हमें अपनी तैनाती, अपने संसाधनों के उपयोग और अपने सैनिकों के साथ-साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों की सुरक्षा के लिए आवश्यक सुरक्षा उपायों को लेकर अत्यंत सतर्क रहना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सूचना युद्ध से मिले सबक का उल्लेख करते हुए जनरल द्विवेदी ने कहा कि भविष्य के संघर्षों में जनविश्वास और राष्ट्रीय एकता की भूमिका निर्णायक बनी रहेगी। उन्होंने कहा, जीत हमेशा दिमाग में होती है, जमीन पर नहीं। इसलिए सूचना युद्ध तभी सफल होता है, जब पूरा देश एकजुट हो और उन लोगों पर भरोसा करे जो जानकारी दे रहे हैं।

# राजस्थान में धूलभरी आंधी से जनजीवन प्रभावित

एजेंसी



नयी दिल्ली। सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से शनिवार को उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों में बारिश हुई, जिससे पिछले कई दिनों से जारी भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली। वहीं, राजस्थान के कई हिस्सों में भीषण धूलभरी आंधी ने जनजीवन को प्रभावित किया।

राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ के कारण चूरू, बीकानेर, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, नागौर, डीडवाना-कुचामन, अलवर और सीकर जिलों में तेज धूलभरी आंधी चली, जबकि जयपुर में तेज हवाओं के बाद बारिश हुई। आंधी के दौरान धूल और रेत के घने गुबार ने कई शहरों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दृश्यता लगभग शून्य हो गई और वाहन चालकों को दिन में ही हेडलाइट जलानी पड़ी। अधिकारियों के अनुसार, आंधी की शुरुआत हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर क्षेत्रों से हुई, जहां हवा की गति लगभग 56 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। हालांकि आंधी से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ, लेकिन इसके साथ हुई बारिश ने राज्य के कई हिस्सों में भीषण गर्मी से राहत पहुंचाई। चूरू के एक निवासी ने कहा हमने कभी नहीं सोचा था कि इतनी भीषण धूलभरी आंधी पूरे शहर को अपनी चपेट में ले लेगी। अपराह्न करीब दो बजे आसमान में ऐसा अंधेरा हो गया मानो रात हो गई हो। लोग वाहनों की हेडलाइट जलाकर चल रहे थे। जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। इसी बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा जारी रेड और ऑरेंज अलर्ट के बीच दिल्ली के कुछ हिस्सों में भी धूलभरी आंधी चली। मौसम विभाग ने गरज-चमक, बिजली गिरने, ओलावृष्टि और बारिश की संभावना जताई है। आईएमडी के अनुसार, मध्य, उत्तर-पूर्वी, दक्षिण-पश्चिमी, पश्चिमी, उत्तर-पश्चिमी और उत्तरी दिल्ली के कुछ क्षेत्रों में धूलभरी

# भारत के सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर हैं प्रधानमंत्री मोदी : शेखावत

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का कहना है कि 10-15 साल पहले तक विदेश में भारत की पहचान मुख्य रूप से महात्मा गांधी से जुड़ी थी, लेकिन अब यह बदल गया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर हैं।

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने कहा कि भारत की संस्कृति- इसकी विरासत, त्योहार और व्यंजन - भी देश की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में भारत को जिस नजरिए से देखा जाता था, उसमें कुछ कमी थी। इस सप्ताह की शुरुआत में मंत्री ने कहा था, 10-15 साल पहले तक अगर आप दुनिया के किसी भी देश में जाते और किसी व्यक्ति से उसके हुलिए के आधार पर पूछते कि क्या वह भारतीय है, तो वह खुद को भारतीय कहने में हिचकिचाता था। वह अपना परिचय एशियाई के रूप में देता था। फिर अगर आप उससे पूछते कि वह एशिया में कहां से है, तब वह कहता कि मैं भारतीय हूं। मंत्री ने कहा कि इसके पहले अगर कोई पर्यटक विदेश में किसी को बताता कि वह भारतीय है, तो जवाब होता, भारतउ ओह, श्रीमान गांधी। शेखावत ने कहा कि भारत की छवि और पहचान गांधीजी से जुड़ी हुई थी।

# आर्थिक गतिविधियों में आ सकती नरमी : वित्त मंत्रालय

एजेंसी

नयी दिल्ली। सामान्य से कम मानसून और आर्थिक गतिविधियों में नरमी के अनुमान के साथ आने वाले महीनों में कुल उपभोग मांग पर असर पड़ सकता है। कुल मिलाकर भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए निकट भविष्य का दृष्टिकोण सतर्क रुख के साथ मजबूत बना हुआ है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को जारी मासिक आर्थिक समीक्षा में यह कहा।

हालांकि, वित्त मंत्रालय ने कहा कि घरेलू बुनियाद मोटे तौर पर मजबूत बनी हुई हैं। विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई (क्रय प्रबंधक सूचकांक) में वृद्धि जारी है। श्रम बाजार स्थिर है और विदेशी मुद्रा भंडार बाहरी झटकों से निपटने के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान कर रहा है। साथ ही, मंत्रालय ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष की शुरुआत के बाद से वैश्विक परिवेश काफी चुनौतीपूर्ण हो गया है। इसमें कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, सख्त वित्तीय स्थिति और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि की गति नरम पड़ने जैसी चुनौतियां भारत के लिए ऐसी बाधाएं पेश कर रही हैं जिनसे देश पूरी तरह से खुद को बचा नहीं सकता।

पश्चिम एशिया संघर्ष पहले से ही वैश्विक आर्थिक मोर्चे पर कमजोर सुधार के लिए एक बड़ा झटका बनकर उभरा है। इसके प्रभाव ऊर्जा बाजारों, आपूर्ति श्रृंखलाओं, व्यापार मार्गों और वैश्विक वित्तीय स्थितियों में तेजी से दिखाई दे रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऊर्जा, परिवहन और लॉजिस्टिक की बढ़ती लागत ने प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति के दबाव को सामने ला दिया है और महंगाई को लेकर चिंताओं को फिर से बढ़ा दिया है। इन दबावों के साथ, प्रमुख केंद्रीय बैंक पूर्व अनुमानों की तुलना में अधिक समय तक प्रतिबंधात्मक मौद्रिक नीति का रूख अपनाए रख सकते हैं। इससे विकसित अर्थव्यवस्थाओं में सरकारी बॉन्ड प्रतिफल कई वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उभरते बाजारों में इसका प्रभाव असमान बना हुआ है। ऊर्जा आयात करने वाली अर्थव्यवस्थाओं को मुद्रा की विनिमय दर में गिरावट, पूंजी निकासी और उच्च आयात बिलों से बढ़ते दबाव का सामना करना पड़ रहा है, जबकि वस्तु निर्यातकों की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर बनी हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने अप्रैल 2026 में अपनी वृद्धि गति को बनाए रखा। ई-वे बिल सृजन, पीएमआई सूचकांक और बिजली की खपत में वृद्धि हुई। हालांकि, आठ प्रमुख बुनियादी उद्योग सूचकांक और ईंधन खपत में नरमी इस बात का संकेत देती है कि वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियां धीरे-धीरे घरेलू गतिविधियों के कुछ क्षेत्रों में अपना प्रभाव डाल रही हैं। मुद्रास्फीति के दृष्टिकोण पर, रिपोर्ट में कहा गया है कि इस पर नजर रखने की जरूरत है। खुदरा मुद्रास्फीति और थोक कीमतों के बीच मौजूदा अंतर इस बात का संकेत है कि लागत पर दबाव बढ़ रहा है और उपभोक्ताओं तक इसका असर जल्द ही दिखने लगेगा। अभी तक इसका प्रभाव सीमित है।

## इरेडा का चौथी तिमाही में लाभ 1.7 प्रतिशत घटकर 492.63 करोड़ रुपये

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की इरेडा का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 1.77 प्रतिशत घटकर 492.63 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) का शुद्ध लाभ 501.55 करोड़ रुपये था। जनवरी-मार्च 2026 तिमाही के दौरान कंपनी की कुल आय बढ़कर 2,181.28 करोड़ रुपये हो गई, जो 2024-25 की समान तिमाही में 1,915 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का कुल खर्च बढ़कर 1,562.14 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 1,285.91 करोड़ रुपये था।

# डबल इंजन सरकार के सभी लाभ प्राप्त करने के लिए केंद्र के साथ मिलकर काम करेगी बंगाल सरकार : शुभेंदु

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार केंद्र के साथ मिलकर काम करेगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि राज्य को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित अन्य कई राज्यों की तरह डबल इंजन सरकार के सभी लाभ प्राप्त हों।

केंद्रीय विद्युत तथा आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहरलाल की उपस्थिति में राज्य में स्वच्छ ऐप की शुरुआत के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि विद्युत एवं शहरी विकास के मामले में राज्य के पुनर्निर्माण की काफी संभावनाएं हैं। मनोहरलाल ने शुभेंदु और राज्य की शहरी विकास मंत्री अग्निमित्रा पॉल की उपस्थिति में इस ऐप की शुरुआत की।

यह ऐप प्रौद्योगिकी और नागरिकों की भागीदारी के माध्यम से नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। शुभेंदु ने कहा, मैं पश्चिम बंगाल के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम केंद्र सरकार के हर मंत्रालय के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि डबल इंजन सरकार के सभी लाभ, जो 20 अन्य राज्यों को मिल रहे हैं, हमारे राज्य को भी मिलें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बार-बार इस बात पर खेद व्यक्त किया है कि स्वतंत्रता के बाद उद्योग और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में अग्रणी होने के बावजूद पश्चिम बंगाल का विकास अपेक्षित गति से नहीं हुआ। शुभेंदु ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल के साथ पश्चिम बंगाल में शहरी और विद्युत क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र तथा राज्य सरकार मिलकर क्या कर सकती हैं, इस पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा, उन्होंने राज्य के पुनर्निर्माण के लिए हर क्षेत्र में केंद्रीय सहयोग का आश्वासन दिया, जिसमें कुछ परियोजनाएं लागत-साझाकरण के आधार पर लागू की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ ऐप पहल के तहत स्वच्छता अभियान से शुरुआत में 10 शहरी स्थानीय निकायों को लाभ मिलेगा।

## 48 प्रतिशत से अधिक वार्डों में आप की जीत, कांग्रेस दूसरे स्थान पर

चंडीगढ़। पंजाब निकाय चुनाव में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) ने 48 प्रतिशत से अधिक वार्डों में जीत दर्ज की, वहीं मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि जनता ने सत्ताधारी पार्टी की विकासवादी नीतियों का समर्थन किया और विपक्ष की नफरत की राजनीति को परास्त किया। पंजाब राज्य निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, आप ने कुल।,977 वार्डों में से 958 में जीत दर्ज की जबकि कांग्रेस 397 वार्ड जीतकर दूसरे स्थान पर रही, शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने 191 वार्ड जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 172 वार्डों में जीत का परचम फहराया। इन शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 251 वार्डों में जीत दर्ज की।

# भारत और ईएईयू सीमित अंतरिम व्यापार समझौते पर कर रहे हैं चर्चा : रूसी मंत्री

एजेंसी

मॉस्को। भारत और यूरेशियन आर्थिक संघ (ईएईयू) एक प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत कुछ चुनिंदा सामानों के लिए सीमित और अस्थायी व्यापार व्यवस्था पर चर्चा कर रहे हैं। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास की खबर के अनुसार, रूस के आर्थिक विकास मंत्री मैक्सिम रेशेतनिकोव ने यह जानकारी दी है।

उन्होंने शुक्रवार को एक टीवी कार्यक्रम को दिए साक्षात्कार में इस बातचीत को जटिल बताया। समाचार एजेंसी तास के मुताबिक, उन्होंने कहा, भारत के साथ मामला थोड़ा अधिक जटिल है क्योंकि वहां की अर्थव्यवस्था काफी बड़ी है और दोनों पक्षों के आपसी हित भी उलझे हुए हैं। स्पष्ट कहें तो, भारतीय पक्ष की मांगें भी काफी महत्वाकांक्षी हैं।

उन्होंने कहा यही कारण है कि हम वर्तमान में एक सीमित और अस्थायी मुक्त व्यापार क्षेत्र बनाने पर चर्चा कर रहे हैं, जो केवल उत्पाद समूहों द्वारा तय की गई वस्तुओं की एक विशेष सूची पर ही लागू होगा। रेशेतनिकोव की यह टिप्पणी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के उस बयान के कुछ ही घंटों बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत और ईएईयू के बीच व्यापार को उदार बनाने (कर और नियमों में ढील देने) की बातचीत ने रफ्तार पकड़ी है। कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में सुप्रीम यूरेशियन इकोनॉमिक काउंसिल की बैठक में पुतिन ने कहा, पिछले साल मंगोलिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और इंडोनेशिया के साथ व्यापार समझौते किए गए थे और इसी के साथ भारत के साथ भी व्यापार उदारीकरण पर बातचीत तेज की गई है। पुतिन ने कहा कि उनका आर्थिक संघ नए साझेदारों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत शुरू करने का समर्थन करता है।

ईएईयू पांच देशों का एक आर्थिक संगठन है, जिसमें रूस, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और आर्मेनिया शामिल हैं। इसकी स्थापना साल 2015 में हुई थी।

## पेज एक का शेष

### प्रदेश में

लगभग 1,400 करोड़ रुपये के दावों को भी शामिल किया गया है, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त भार बढ़ा है। मुकदमों में जनता का पैसा नहीं इस्तेमाल कर सकेगा पावर कॉरपोरेशन अब पावर कॉरपोरेशन जनता के पैसों से जनता के खिलाफ मुकदमा नहीं लड़ सकेगा।

पावर कॉरपोरेशन अब तक इसे भी खर्च में दिखाकर इसके एवज में बिजली दरों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखता था। कॉरपोरेशन को अब मुकदमों का खर्च अपने लाभ में से करना होगा। टैरिफ आदेश में नियामक आयोग इसकी व्यवस्था देगा। हालत तो यह है कि पावर कारपोरेशन और एनपीसीएल ने कुल मिलाकर 46 करोड़ रुपये मुकदमों पर खर्च कर दिए और खातों में इसका बोझ जनता पर डालने के मकसद से घाटे के मद में जोड़ दिया।

### केजीएमयू परिसर

के निर्देश देने की मांग की थी। सुनवाई के दौरान पीठ को बताया गया कि इसी विवाद को लेकर दरगाह की प्रबंधन समिति पहले भी हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर चुकी है। उस मामले में केजीएमयू की ओर से कहा गया था कि दरगाह परिसर को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया जा रहा है तथा श्रद्धालुओं के आने-जाने और इबादत में कोई बाधा नहीं है। अपने आदेश में पीठ ने कहा कि दरगाह की संपत्ति और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रबंधन समिति ही विधिक रूप से अधिकृत संस्था है। केवल श्रद्धालु होने के आधार पर कोई व्यक्ति दरगाह की संपूर्ण संपत्ति के संरक्षण और प्रबंधन संबंधी अधिकारों को लेकर याचिका दाखिल नहीं कर सकता।

### कुलपति की

का कार्यभार ग्रहण करने दिया जाए। न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की पीठ ने यह आदेश डॉ. सिंह की याचिका पर गत 20 मई को पारित किया। डॉ. सिंह वर्ष 2025 में राष्ट्रपति से विज्ञान श्री सम्मान प्राप्त कर चुके हैं और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के प्रतिष्ठित संस्थानों में निदेशक तथा प्रधान वैज्ञानिक के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। याचिका में कहा गया था कि कुलपति पद के लिए जारी विज्ञापन के तहत उनका चयन हुआ था और 10 फरवरी 2026 को नियुक्ति पत्र जारी किया गया। नियुक्ति पत्र प्राप्त होने के बाद उन्होंने अपने वर्तमान पद से कार्यमुक्त होने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। उन्होंने शासन व राज्यपाल सचिवालय को पत्र लिखकर बताया था कि केंद्रीय संस्थान से कार्यमुक्त होने में कुछ समय लगेगा तथा उन्हें 31 मार्च 2026 तक का समय दिया जाए। इसके बावजूद शासन ने 25 फरवरी 2026 को आदेश जारी कर उन्हें एक मार्च तक कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया और ऐसा न करने पर नियुक्ति रद्द करने की चेतावनी दी। बाद में तीन मार्च 2026 को उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी गई, जिसे उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

### लखनऊ में

राष्ट्र निर्माण का स्वाभाविक रूप से एक जोश भी पैदा होगा। आज जो नौसेना शौर्य वाटिका यहां आपके सामने है, इसके पीछे भी यही सोच है। रक्षा मंत्री ने शौर्य वाटिका के लिये प्रमुख स्थान पर जमीन उपलब्ध कराने, बजट स्वीकृत करने और इसे रिकॉर्ड समय में तैयार करवाने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना भी की। सिंह ने भारतीय नौसेना का लखनऊ और गोमती नदी से पुराना नाता बताते हुए कहा कि गोमती नदी लखनऊ की जीवन धारा है और इसी गोमती के नाम पर एक आईएनएस गोमती नाम का युद्धपोत भी है, जिसे 1988 में हमारी नौसेना में शामिल किया गया था।

### आत्मनिर्भर होने

रक्षा क्षेत्र में भारत की तीव्र प्रगति और रक्षा निर्यात में हुई बढ़ोत्तरी का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले भारत में छोटे-मोटे हथियारों के कलपुर्जों का निर्यात केवल एक हजार करोड़ रुपए का था लेकिन अब भारत का रक्षा क्षेत्र पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी तब से ही इस बात पर विशेष बल दिया गया कि भारत सही मायनों में सबसे ताकतवर कहलाए ताकि देश की सेनाओं को हथियार के लिए अन्य देशों पर निर्भर नहीं रहना पड़े। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया और डिफेंस कॉरिडोर समेत कई कदमों से यह सुनिश्चित किया गया कि भारतीय सेना के लिए अत्याधुनिक हथियार भारत में ही निर्मित किये जाएं और अगर संभव हो तो हम उन्हें दूसरे देशों को बेच सके।

### समुद्री सीमा की

जिसे भारतीय नौसेना की विरासत, संचालनात्मक क्षमताओं और समुद्री उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए तैयार किया गया है। नौसेना प्रमुख ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊमें नौसेना पर केंद्रित संग्रहालय की स्थापना के पीछे के तर्क को समझाते हुए कहा हालांकि उत्तर प्रदेश एक लैंडलॉक (चारों ओर जमीन से घिरा हुआ) राज्य है लेकिन यह कभी समुद्र से दूर नहीं रहा है। उन्होंने कहा रेलवे और राजमार्ग के आने से पहले, गंगा, गोमती और घाघरा जैसी नदियां अवध क्षेत्र को कोलकाता बंदरगाह और वैश्विक व्यापार मार्गों से जोड़ती थीं। बनारसी रेशम समुद्री व्यापार के ज़रिए रोमन साम्राज्य तक पहुंचता था, जबकि उत्तर प्रदेश से मिलने वाली कठोर लकड़ी और धातुओं से जहाज बनाने में मदद मिलती थी।

### विषम परिस्थितियों

नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के सामने विकसित भारत की संकल्पना को रखा है। उन्होंने हर भारतवासी को पंचप्रण के साथ जुड़ने के लिए कहा है। हमारे मन में सेना व यूनिफॉर्मधारी फोर्स के प्रति सम्मान का भाव हो। जब भारतीय सैनिक माइनस डिग्री टेंपरेचर, रेगिस्तान की झुलसाने वाली गर्मी और समुद्र की लहरों का मुकाबला करते हुए सीमाओं की रक्षा करता है, तब 140 करोड़ भारतवासी चैन की नींद सोते हैं। सीएम योगी ने कहा कि सुरक्षा के बेहतर माहौल में ही जन-कल्याण एवं विकास योजनाएं प्रभावी ढंग से आगे बढ़ सकती हैं।

### हिंसा पीड़ितों से

यह पूर्व नियोजित था। इलाके में पुलिस नहीं है। ये मुझे मारना चाहते हैं। जब तक स्थानीय पुलिस अपनी टीम नहीं भेजती और पीड़ितों के परिवारों को सुरक्षा प्रदान नहीं करती, मैं यहां से नहीं जाऊंगा। स्थानीय महिलाएं झाड़ू और बांस के डंडे लेकर उस टीएमसी कार्यकर्ता के घर के बाहर एकत्र हो गईं, जहां बनर्जी पहुंचे थे। बनर्जी के आने का मकसद पूछते हुए उन्होंने उनके खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारी महिलाओं में से एक ने कहा, वह यहां क्यों आए हैं? जिसके घर वह आए हैं, वह भी चोर है। यह तो चोर का चोर से मिलने जैसा है।

### विकसित भारत

उच्च शिक्षा को आधुनिक स्वरूप देने के लिए अनेक पहलें की जा रही हैं। एआई, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स और अन्य उभरती तकनीकों को शिक्षण व्यवस्था में शामिल कर विद्यार्थियों को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा और उद्योग जगत के बीच समन्वय बढ़ाकर युवाओं के लिए रोजगार तथा उद्यमिता के अवसरों का विस्तार किया जा रहा है। साथ ही स्टार्टअप संस्कृति को प्रोत्साहन, इन्क्यूबेशन सुविधाओं का विकास और कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चाहती है कि युवा रोजगार मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार उपलब्ध कराने वाले बनें। इसके लिए नवाचार व उद्यमशीलता को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।

### जनसहभागिता से

धारा पौधरोपण, सहजन भंडारा, आम भंडारा भी होगा। मिशन छाया के तहत गर्मी से राहत देने के लिए सड़क किनारे व सार्वजनिक स्थलों पर छायादार पौधे भी लगाए जाएंगे। इसके अलावा 15 अगस्त को वंदे मातरम वाटिका, 28 अगस्त को रक्षाबंधन पर भाई-बहन पौधरोपण व 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर ह्यएक पेड़ गुरु के नामह्न भी लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पौधरोपण महाभियान-2026 की तैयारी को लेकर विगत दिनों बैठक ली थी। उन्होंने बैठक में जनसहभागिता पर विशेष जोर देते हुए इसे उत्सव के रूप में मनाने का निर्देश दिया था। सीएम योगी ने कहा था कि इसमें सभी जनप्रतिनिधियों, संस्थाओं, एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र, युवक-महिला मंगल दल, रोटरी-लायंस, ईको क्लब, एफपीओ, व्यापार मंडल आदि की भी सहभागिता अनिवार्य रूप से हो। कृषि विभाग की देखरेख में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पंजीकृत किसान भी महाभियान का हिस्सा बनेंगे।

### नौ आरटीओ

परिवहन आयुक्त, सड़क सुरक्ष मुख्यालय, प्रयागराज के आरटीओ प्रवर्तन संजीव कुमार गुप्त को आरटीओ प्रवर्तन गोरखपुर, मुख्यालय में तैनात आरटीओ सुनील दत्त करे आजमगढ़ का आरटीओ प्रवर्तन बनाया गया है।

# 26 एआरटीओ के कार्यक्षेत्र बदले

लखनऊ। शासन ने 28 सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) के कार्यक्षेत्र में बदलाव किए हैं। जिसमें दो का पटल परिवर्तन किया गया है। एआरटीओ (प्रवर्तन द्वितीय दल) मनोज कुमार मिश्रा को एआटीओ (प्रशासन) गौतमबुद्धनगर, एआरटीओ (प्रवर्तन प्रथम दल) कानपुर देहात सोमलता यादव को एआरटीओ (प्रवर्तन तृतीय दल) कानपुर नगर, एआरटीओ (प्रवर्तन प्रथम दल) मीरजापुर विजय प्रकाश सिंह को एआरटीओ (प्रशासन) प्रयागराज, एआरटीओ (प्रशासन) पीलीभीत वीरेंद्र सिंह को एआरटीओ (प्रशासन) मीरजापुर बनाया गया है। एआरटीओ (प्रशासन) कुशीनगर मो.अजीम को एआरटीओ (प्रशासन) श्रावस्ती, एआरटीओ (प्रशासन) बलिया अरुण कुमार राय को एआरटीओ (प्रवर्तन प्रथम दल) मीराजापुर बनाया गया है। एआरटीओ (प्रवर्तन) बिजनौर गौरी शंकर ठाकुर को एआरटीओ (प्रशासन) फिरोजाबाद, एआरटीओ (प्राविधिक) परिक्षेत्र लखनऊ हिमांशु जैन को एआरटीओ (प्रवर्तन प्रथम दल) मुख्यालय के साथ एआरटीओ (प्रशासन) विस्तार पटल लखनऊ का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। एआरटीओ (प्रशासन) श्रावस्ती विनीत कुमार मिश्रा को एआरटीओ (प्रवर्तन चतुर्थ दल) गाजियाबाद, एआरटीओ (प्रवर्तन प्रथम दल) हमीरपुर अमिताभ राय को एआरटीओ (प्रशासन) बाराबंकी बनाया गया है। एआरटीओ (प्रशासन) बाराबंकी अंकित शुक्ला को एआरटीओ (प्रवर्तन द्वितीय दल) गाजियाबाद, एआरटीओ (प्रवर्तन) आजमगढ़ अतुल कुमार यादव को एआरटीओ (प्रशासन) देवरिया, एआरटीओ (प्रवर्तन) प्रतापगढ़ दिलीप कुमार गुप्ता को एआरटीओ (प्रशासन) मैनपुरी, एआरटीओ (प्रवर्तन) अमरोहा महेश कुमार शर्मा को एआरटीओ (प्रशासन) बिजनौर, एआरटीओ (प्रशासन) अलीगढ़ प्रवेश कुमार को एआरटीओ (प्रशासन) शामली, एआरटीओ (प्रशासन) शामली रोहित राजपूत को एआरटीओ (प्रवर्तन प्रथम दल) कानपुर देहात, एआरटीओ (प्रशासन) मीरजापुर संतोष कुमार सिंह को एआरटीओ (प्रवर्तन प्रथम दल) फतेहपुर, एआरटीओ (प्रशासन) एटा सत्येन्द्र कुमार को एआरटीओ (प्रशासन) अलीगढ़ के पद पर तैनाती दी गई है।




# आरसीबी-गुजरात का महा मुकाबला आज

## आईपीएल : अहमदाबाद में लगातार दूसरी बार खिताब जीतने की आरसीबी के सामने होगी कड़ी चुनौती

एजेंसी





अहमदाबाद। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार दूसरी बार खिताब जीतने के सपने को पूरा करने के लिए रविवार को मैदान में उतरेगी तो उसके सामने गुजरात टाइटंस की कड़ी चुनौती होगी, जिससे इस मुकाबले में दो अलग-अलग खेल शैलियों की टक्कर देखने को मिलेगी। आरसीबी ने अपने आक्रामक और बेखौफ अंदाज से टूर्नामेंट में दबदबा कायम किया है, तो वहीं टाइटंस ने धैर्य और संयमित खेल से प्रभावित करते हुए पांच वर्षों में तीसरी बार फाइनल का टिकट पक्का किया है। कागजों पर मौजूदा चैंपियन आरसीबी को 2022 की विजेता टाइटंस के खिलाफ मजबूत दावेदार माना जा रहा है, क्योंकि इस पूरे टूर्नामेंट में उनका बेखौफ और जोखिम भरा खेल बेहद प्रभावशाली रहा है। यह आक्रामक रणनीति कभी-कभी टीम को मुश्किल में भी डालती रही है, लेकिन विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, टिम डेविड, कप्तान रजत पाटीदार, उपलब्ध रहने पर फिल साल्ट और वेंकटेश अय्यर ने लगातार आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की है।

पहले क्वालीफायर में आरसीबी ने इसी बेखौफ अंदाज से टाइटंस को शिकस्त दी थी। पिच की स्थिति या विरोधी गेंदबाजी रणनीति का भी उनके इस आक्रामक रवैये पर बहुत कम असर पड़ा है, और इस सत्र में कोई अन्य टीम उतनी बार 200 से अधिक रन नहीं बना सकी है जितनी बार आरसीबी ने बनाए हैं। कप्तान रजत पाटीदार की शांत और संतुलित नेतृत्व शैली ने भी पिछले दो सत्रों में टीम को स्थिरता दी है। वह पूर्व कप्तानों विराट कोहली या फाफ डु प्लेसिस जितने भावनात्मक रूप से मुखर नहीं हैं, लेकिन उनके फैसलों में आत्मविश्वास झलकता है, जिससे टीम के अनुभवी और युवा खिलाड़ी दोनों सहज महसूस करते हैं। आरसीबी की गेंदबाजी इकाई भी इस बार किफायती और प्रभावी रही है, जिसने पावरप्ले में ही विरोधी बल्लेबाजों पर दबाव बनाया है। भुवनेश्वर कुमार की अगुवाई वाली इस गेंदबाजी को गुजरात टाइटंस के शानदार लय में चल रहे शीर्ष क्रम के खिलाफ अपने सर्वोच्च स्तर पर प्रदर्शन करना होगा।

दूसरी ओर, इस टूर्नामेंट में जहां अधिकांश टीमें पावरप्ले में 11-12 रन प्रति ओवर की रफ्तार से खेल रही हैं, वहीं गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने अपेक्षाकृत संयमित रफ्तार अपनाई है, जो नौ रन प्रति ओवर से थोड़ा अधिक रही है। यह पारंपरिक रणनीति इसलिए भी है क्योंकि गुजरात का मध्यक्रम अपेक्षाकृत कमजोर है और टीम की बल्लेबाजी का अधिकांश भार शीर्ष तीन बल्लेबाजों (गिल, सुदर्शन और जोस बटलर) पर ही रहता है। इसके बावजूद इन तीनों ने लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। गिल ने 722 रन (स्ट्राइक रेट 163), सुदर्शन ने 710 रन (स्ट्राइक रेट 159) और बटलर ने 507 रन (स्ट्राइक रेट 157) बनाए हैं। अब उन्हें एक बार फिर उसी अहम मुकाबले में जिम्मेदारी निभानी होगी। इस सत्र में गुजरात का घरेलू रिकॉर्ड (सात में से पांच जीत) टीम को थोड़ा आत्मविश्वास जरूर देता है। यह चुनौती हालांकि आसान नहीं होगी, क्योंकि आरसीबी की गेंदबाजी बेहद विविध और धारदार है। भुवनेश्वर कुमार 26 विकेट के साथ पर्पल कैप सूची में दूसरे स्थान पर हैं, जबकि जोश हेजलवुड (13 विकेट), रसिख सलाम (16 विकेट) और कृणाल पंड्या (13 विकेट) ने मिलकर एक मजबूत आक्रमण तैयार किया है। कृणाल बल्ले से भी उपयोगी योगदान देते रहे हैं। गेंदबाजी के मामले में गुजरात टाइटंस को हल्की बढ़त हासिल है, लेकिन आरसीबी की बल्लेबाजी गहराई और हर क्रम में मौजूद आक्रामक बल्लेबाज उन्हें स्पष्ट बढ़त देते हैं। हालांकि गुजरात की गेंदबाजी इस आक्रामकता को रोकने की क्षमता रखती है, खासकर अगर अहमदाबाद की पिच में गेंदबाजों को मदद मिलती है। कागिसो रबाडा इस समय 28 विकेट के साथ पर्पल कैप की दौड़ में सबसे आगे हैं। मोहम्मद सिराज, राशिद खान, जेसन होल्डर और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे गेंदबाजों ने मिलकर मजबूत आक्रमण तैयार किया है। रबाडा और सिराज ने इस सीजन में मिलकर 165 और 162 डॉट गेंदें डाली हैं, जो इस बात का संकेत है कि वे सपाट पिचों पर भी बल्लेबाजों पर नियंत्रण बनाए रखने में सफल रहे हैं। दोनों ने हार्ड लेंथ गेंदबाजी का बेहतरीन उपयोग करते हुए बड़े शॉट खेलने वाले बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया है।

सिराज की फिटनेस पर भी नजर रखी जाएगी। उन्हें शुक्रवार को मुल्लांपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ क्वालीफायर दो के दौरान कंधे में कुछ परेशानी हुई थी। उन्होंने अपने चार ओवरों का कोटा पूरा किया, लेकिन मैदान पर असहज नजर आए। गुजरात टाइटंस उम्मीद करेगा कि यह समस्या गंभीर न हो। कागजों पर आरसीबी इस मुकाबले की प्रबल दावेदार है और कई लोगों की नजर में यह फाइनल उनके हाथ से जाने वाला नहीं, बल्कि उनके पक्ष में जाता हुआ मुकाबला माना जा रहा है। आरसीबी की नजर अब चेन्नई सुपरकिंग्स और मुंबई इंडियंस के बाद लगातार दो आईपीएल खिताब जीतने वाली टीम बनने पर है, जो उनके लिए पूरी तरह संभव लक्ष्य है। गुजरात टाइटंस भले ही संयमित टीम रही हो, लेकिन इस बार वह आरसीबी की आक्रामकता को रोकने के लिए किसी मौके को हाथ से नहीं जाने देगी। ऐसे में यह फाइनल एक बेहद रोमांचक मुकाबला बनने की पूरी संभावना रखता है।

# इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पहले बल्लेबाजी का फैसला किया



ब्रिस्टल। इंग्लैंड महिला टीम की कप्तान चार्ली डीन ने भारत के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दूसरे मुकाबले में शनिवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारतीय टीम में कप्तान हरमनप्रीत कौर और हरफनमौला खिलाड़ी श्रेयंका पाटिल की वापसी हुई है। हरमनप्रीत को पहले टी20 मैच में आराम दिया गया था। इंग्लैंड ने भी दो बदलाव करते हुए लिंसी स्मिथ और डैनी वायट-हॉज को अपनी अंतिम एकादश में शामिल किया है। तीन मैचों की इस श्रृंखला में भारतीय टीम 1-0 से आगे है। वहीं दूसरी ओर गुजरात टाइटंस के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने कप्तान शुभमन गिल के आईपीएल में लगातार शानदार प्रदर्शन और निरंतरता की जमकर सराहना करते हुए कहा कि इस सत्र में गिल का खेल पूरी तरह प्रभावशाली और प्रेरणादायक रहा है।

गिल ने अब तक 722 रन बनाए हैं और टीम के लिए सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज साबित हुए हैं। उनके सलामी जोड़ीदार साई सुदर्शन ने भी 710 रन जोड़कर शीर्ष क्रम को मजबूत आधार दिया है। दोनों बल्लेबाजों का स्ट्राइक रेट करीब 160 के आसपास रहा है, जिसने गुजरात टाइटंस के आक्रमण को नई धार दी है। क्वालीफायर दो में शुक्रवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 215 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए गिल ने शानदार बल्लेबाजी की और टीम को जीत दिलाकर पांच सत्रों में तीसरी बार फाइनल में पहुंचाया। उनकी यह पारी मैच का निर्णायक क्षण मानी जा रही है। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान गिल को टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टी20 टीम से बाहर कर दिया गया था, लेकिन उनके मौजूदा प्रदर्शन को देखते हुए उनकी राष्ट्रीय टीम में वापसी की संभावनाएं फिर से मजबूत मानी जा रही हैं। गुजरात टाइटंस के क्रिकेट निदेशक सोलंकी ने कहा कि गिल की निरंतरता और फॉर्म ने पूरे सीजन में टीम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है और वह लगातार बड़े मुकाबलों में जिम्मेदारी निभा रहे हैं। सोलंकी ने कहा, यह पूरी तरह उनकी कड़ी मेहनत का परिणाम है। मैं कल्पना कर सकता हूं कि शुभमन ने यहां तक पहुंचने के लिए कितनी मेहनत की होगी। वह एक असाधारण युवा खिलाड़ी हैं, और यह याद रखना जरूरी है कि वह अभी भी युवा हैं। जिस तरह वह बल्लेबाजी कर रहे हैं, वह वास्तव में अद्भुत है। उन्होंने साई सुदर्शन की भी तारीफ करते हुए कहा, वह भी किसी से कम नहीं हैं और सीखने की कोशिश करते रहते हैं। वह गिल को आदर्श मानते हैं और उनकी बल्लेबाजी में पारंपरिक तकनीक और कौशल की झलक दिखाई देती है। उन्होंने कहा, अगर परिस्थितियां मांग करती हैं और रन गति बढ़ाने की जरूरत होती है, तो दोनों खिलाड़ी अपने खेल को उसी अनुसार ढालने में पूरी तरह सक्षम हैं। टी20 विश्व कप टीम से बाहर किए जाने के बाद गिल की मानसिकता में बदलाव को लेकर पूछे गए सवाल पर सोलंकी ने कहा कि वह हमेशा की तरह ही तैयार होकर आए थे। उन्होंने कहा, वह एक शानदार प्रतिभा हैं।

टी20 क्रिकेट में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, और उन्हें इन परिस्थितियों से निपटना आता है। इतनी कम उम्र में भी उनके पास काफी अनुभव है। सोलंकी ने आगे कहा कि सफलता और असफलता दोनों ही पेशेवर खेल का हिस्सा हैं, और गिल इस संतुलन को बखूबी समझते हैं। उन्होंने कहा जब वह कैंप में आए, तो वह पूरी तरह संयमित थे। उनकी तैयारी हमेशा की तरह बेहतरीन थी। चाहे वह किसी भी टीम की जर्सी पहनें, उनकी तैयारी हमेशा एक जैसी रहती है, और यही कारण है कि वह इस सत्र में भी उसी स्तर पर प्रदर्शन कर रहे हैं।

## संक्षेप

### कुरेन के आईपीएल से हटने पर संगकारा ने उठाए सवाल

मुल्लांपुर। राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा ने इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम कुरेन के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से अंतिम समय में हटने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को यह सुनिश्चित करने के लिए अपना सख्त नीति जारी रखनी चाहिए कि विदेशी खिलाड़ी टूर्नामेंट के दौरान अपने अनुबंधों का पूरी तरह पालन करें। कुरेन ने जांघ के अंदरूनी हिस्से (ग्रोइन) में चोट का हवाला देते हुए आईपीएल से नाम वापस ले लिया था। इंग्लैंड लौटने के बाद हालांकि वह टी20 ब्लास्ट में अपनी काउंटी टीम सरे के लिए तीन मैच खेल चुके हैं, जिससे उनके आईपीएल से हटने को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। आईपीएल में विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता लंबे समय से चर्चा का विषय रही है। इस सत्र में भी ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क और पैट कमिंस मामूली फिटनेस समस्याओं के कारण प्रतियोगिता के दूसरे चरण में अपनी-अपनी टीमों से जुड़े थे।

### सप्तक तलवार कट में प्रवेश से चूके

आंदालुसिया (स्पेन)। सप्तक तलवार ने चैलेंज दे एस्पाना गोल्फ में शानदार शुरूआत दी लेकिन दूसरे दौर में चार ओवर 75 के स्कोर के साथ संयुक्त 94वें स्थान पर खिसक गए। उन्होंने दूसरे दौर में तीन बर्डी लगाये लेकिन तीन बोगी और दो डबल बोगी किये। डान एरिक्सन ने सात अंडर 64 के स्कोर के साथ बढत बना ली है। जैमी रदरफोर्ड दूसरे स्थान पर हैं।

### सूर्यवंशी भारतीय टीम में जगह पाने को तैयार : संगकारा

मुल्लांपुर। श्रीलंका के दिग्गज क्रिकेटर और राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा का मानना है कि आईपीएल में विश्व स्तरीय गेंदबाजों के खिलाफ वैभव सूर्यवंशी का प्रदर्शन इस बात का स्पष्ट संकेत है कि वह भारतीय टीम के लिए खेलने को पूरी तरह तैयार हैं। महज 15 वर्ष के सूर्यवंशी ने आईपीएल के अपने पहले पूर्ण सत्र में 237.31 की विस्फोटक स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाए। यदि रविवार को होने वाले फाइनल में शुभमन गिल या साई सुदर्शन उनसे आगे नहीं निकलते हैं, तो वह टूर्नामेंट के सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन सकते हैं।

# नौशीन के दो गोल से भारत ने मलेशिया को हराया

काकामिगहारा (जापान)। पंद्रह साल की नौशीन नाज की दो गोल की मदद से भारत ने शनिवार को यहां अंडर-18 महिला एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप के पूल ए के एक मैच में मलेशिया को 2-1 से हराकर विजयी शुरुआत की। मैच के पहले क्वार्टर में कोई गोल नहीं हुआ, लेकिन नौशीन ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर 19वें मिनट में भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। नौशीन ने इसके बाद 28वें मिनट में एक और शानदार गोल दागा।



उन्होंने मलेशिया की गोलकीपर को चकमा देते हुए सटीक शॉट लगाया और भारत की बढ़त को 2-0 कर दिया जिससे मध्यांतर तक भारत मजबूत स्थिति में रहा। तीसरे क्वार्टर में मलेशिया ने वापसी की कोशिश की और 41वें मिनट में नूर अजली ने गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। इस गोल से मुकाबला रोचक होने के बाद भारतीय रक्षापंक्ति ने चौथे क्वार्टर में मजबूती दिखाते हुए

**अंडर-18 महिला एशिया कप**

विपक्षी टीम को कोई और सफलता नहीं लेने दी और बढ़त को बरकरार रखा। पूरे मैच के दौरान भारत ने कई आक्रामक मौके बनाए और कुल 16 पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन टीम केवल दो को ही गोल में बदल सकी। दो गोल करने वाली नौशीन नाज़ को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत के साथ भारत पूल ए में कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। दोनों टीमों के तीन-तीन अंक हैं, लेकिन गोल अंतर के आधार पर कोरिया आगे है। भारत अपना अगला पूल मुकाबला रविवार को कोरिया के खिलाफ खेलेगा, जो शीर्ष स्थान के लिए अहम मुकाबला होगा।

### आईसीसी की स्वतंत्र निदेशक के तौर पर इंदिरा नूई की जगह रोज रिवाज

अहमदाबाद। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शनिवार को डॉ रोज रिवाज को अपनी स्वतंत्र निदेशक घोषित किया क्योंकि यह पद पेप्सिको की पूर्व प्रमुख इंदिरा नूई के कार्यकाल समाप्त होने के बाद खाली हो गया था। रिवाज आईसीसी बोर्ड में शुरुआती तीन साल के कार्यकाल के लिए शामिल होंगी जिसमें एक बार विस्तार की संभावना भी है। आईसीसी में स्वतंत्र निदेशक का पद किसी ऐसी प्रसिद्ध महिला के लिए आरक्षित होता है जिसने सामाजिक और पेशेवर क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया हो।

# ओसनिया चैंपियनशिप में भारतीय अल्ट्रा रनर का जलवा

नयी दिल्ली। जापान के हिरोसाकी में हाल में हुई आईएयू 24एच एशिया और ओसनिया चैंपियनशिप के पुरुषों की स्पर्धा में भारतीय अल्ट्रा रनर खिलाड़ियों ने टीम स्वर्ण पदक जीतकर

**आईएयू 24एच एशिया**

पोडियम पर कब्जा कर लिया। महिलाओं की टीम ने कांस्य पदक जीता। पुरुषों की व्यक्तिगत स्पर्धा में अमर सिंह देवंदा ने 282.881 किमी (226 लैप) की दूरी तय करके स्वर्ण पदक जीता और एक नया राष्ट्रीय



रिकॉर्ड बनाया। गीनो एंटनी ने 272.894 किमी (218 लैप) के साथ रजत पदक जीता जबकि सौरव कुमार रंजन ने 260.058 किमी (208 लैप) के साथ कांस्य पदक जीता। भारत ने कुल 815.833 किमी की दूरी तय करके पुरुषों की टीम का स्वर्ण पदक भी जीता और एक नया एशिया-ओसनिया रिकॉर्ड बनाया। जापान 754.726 किमी के साथ दूसरे स्थान पर रहा जबकि ऑस्ट्रेलिया 732.525 किमी के साथ तीसरे स्थान पर रहा। महिलाओं की प्रतियोगिता में जापान ने 707.357 किमी के साथ टीम स्वर्ण पदक जीता, उसके बाद ऑस्ट्रेलिया 684.450 किमी के साथ दूसरे स्थान पर रहा। भारत ने कुल 667.722 किमी की दूरी तय करके कांस्य पदक जीता।

### इंडियन एथलेटिक्स सीरिज का लुधियाना चरण राष्ट्रमंडल खेलों का क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट

नयी दिल्ली। इंडियन एथलेटिक्स सीरिज का 13 जून को होने वाला लुधियाना चरण उन खिलाड़ियों के लिये ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों का क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी होगा जो प्रतिकूल स्थानीय मौसम के कारण फेडरेशन कप में कट में प्रवेश नहीं कर सके थे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की चयन समिति के अध्यक्ष आदिले सुमरिवाला ने शनिवार को यह घोषणा की।

# ऊंचाई पर अभ्यास केंद्र स्थापित करने की घोषणा

एजेंसी

शिलांग। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने अगले साल होने वाले 39वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारी की समीक्षा बैठक में तैयारियों पर संतोष

**मांडविया ने राष्ट्रीय खेलों की तैयारी की समीक्षा की**

जताया और प्रदेश में 150 करोड़ रूपये की लागत से ऊंचाई पर अभ्यास केंद्र स्थापित करने की भी घोषणा की। बैठक में मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा, केंद्रीय खेल और युवा



कार्य राज्य मंत्री रक्षा खड़से, भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी टी उषा, राज्य के खेलमंत्री वैलादिमकी शायला और पूर्वोत्तर के आठ राज्यों के खेल अधिकारी मौजूद थे।

मांडविया ने खेल मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा , मैने मेघालय में होने वाले 39वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों और बुनियादी ढांचे की समीक्षा की है और मैं पूरे यकीन से कह सकता हूं कि राष्ट्रीय खेल 2024 सफलता का नया अध्याय लिखेंगे।

उन्होंने कहा , राष्ट्रीय खेलों के जरिये डोपिंग को लेकर जागरूकता फैलाई जानी चाहिये। खिलाड़ियों को डोपिंग के नुकसान के बारे में बताना जरूरी है। बैठक के दौरान प्रदेश में खेलों के बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं , आयोजन स्थलों की तैयारियों के बारे में भी जानकारी दी गई।

# पैरा विश्व चैंपियनशिप-नीरज भाई की सलाह ने की मदद : सुमित अंतिल

नयी दिल्ली। दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता सुमित अंतिल ने कहा कि विश्व चैंपियन और ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा की सलाह ने उनके करियर को नई दिशा दी और इसी मार्गदर्शन की बदौलत उन्होंने 74.82 मीटर का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। सुमित ने बुधवार को बेंगलुरु में आयोजित आठवीं भारतीय ओपन पैरा एथलेटिक्स अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में पुरुष भाला फेंक एफ64 वर्ग में अपने ही पुराने विश्व रिकॉर्ड 73.29 मीटर को 1.53 मीटर के बड़े अंतर से तोड़ दिया। इस शानदार प्रदर्शन के साथ उन्होंने स्वर्ण पदक भी अपने नाम किया। महाराष्ट्र के संदीप सागर ने 62.88 मीटर के साथ रजत पदक जीता जो अंतिल से लगभग 12 मीटर पीछे रहे। सोनीपत स्थित अपने घर से पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में अंतिल ने बताया कि नीरज चोपड़ा ने पिछले वर्ष नयी दिल्ली में आयोजित पैरा विश्व चैंपियनशिप के दौरान उनकी तकनीक पर कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए थे।

### ओडिशा जिम्नास्टिक संघ ने दिवंगत अध्यक्ष के नाम वाले लेटरहेड के इस्तेमाल पर मांगी माफी

भुवनेश्वर। ओडिशा जिम्नास्टिक संघ (ओजीए) के सचिव अशोक कुमार साहू ने संघ के आधिकारिक लेटरहेड पर दिवंगत अध्यक्ष समीर डे के नाम के लगातार इस्तेमाल को लेकर माफी मांगी है और इसे अनजाने में हुई गलती बताया है। यह माफी उस रिपोर्ट के बाद आई है, जिसमें बताया गया था कि राष्ट्रीय जिम्नास्टिक चैंपियनशिप से जुड़े बिल ऐसे लेटरहेड पर जारी किए गए, जिनमें नवंबर 2024 में दिवंगत हो चुके समीर डे का नाम अध्यक्ष के रूप में दर्ज था।

# हार से टूटा विनेश का सपना, कहा- फिर करूगीं वापसी

एजेंसी

नयी दिल्ली। तालियों की गूंज , नाटकीयता से भरे घटनाक्रम और जज्बात के सैलाब के बीच परीकथा सरीखी वापसी की विनेश फोगाट की उम्मीदों पर पानी फिर गया जब शनिवार को एशियाई खेल चयन ट्रायल के 53 किलोवर्ग के सेमीफाइनल में उन्हें मीनाक्षी गोयत ने 6-4 से हरा दिया।

पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद राष्ट्रीय टीम में लौटने से विनेश दो जीत पीछे रह गई। स्टेडियम से रवाना होते



समय विनेश ने इतना ही कहा , मुझे नहीं लगता कि मैं असफल हुई हूं। मैं पूरी व्यवस्था से लड़ रही थी।

हमें हर अंक के लिये लड़ना पड़ा। मेरे साथ सही बर्ताव नहीं हुआ। मुझे प्रतिद्वंद्वी खिलाडियों से कोई द्वेष नहीं है। उन्होंने भी मेरे खिलाफ खेलने का सपना देखा था।

मैं वापिस आऊंगी। पेरिस ओलंपिक 2024 फाइनल के दिन अयोग्य करार दिये जाने के बाद पहली बार मैट पर उतरी विनेश विवादों, नाटकीयता और निशु कुमारी के खिलाफ कड़ा मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में पहुंची थी। लेकिन एशियाई चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता मीनाक्षी के खिलाफ उनकी ऊर्जा खत्म हो गई।

# सात्विक-चिराग ने फाइनल में बनायी जगह

एजेंसी



सिंगापुर। भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी ने शनिवार को यहां सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में कोरिया के किम वोन हो और सियो सेउंग जे की शीर्ष वरीयता प्राप्त और दुनिया की नंबर एक जोड़ी को सीधे गेम में हराकर उलटफेर करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। भारत की चौथी वरीय जोड़ी ने 52 मिनट चले सेमीफाइनल में मौजूदा विश्व चैंपियन जोड़ी हो और जे को 21-19, 21-18 से मात दी। अब रविवार को होने वाले फाइनल मुकाबले में भारतीय जोड़ी का सामना इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिक्री की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी तथा चीन के लियांग वेई कांग और चांग वांग की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। लेकिन मिश्रित युगल स्पर्धा में ध्रुव कपिला और तनीषा कास्टो की जोड़ी का सफर सेमीफाइनल में खत्म हो गया।

उन्हें जापान के युइची शिमोगामी और सायाका होबारा की जोड़ी के हाथों 16-21, 21-17, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारत और कोरिया की जोड़ियों के बीच खेला गया पुरुष युगल सेमीफाइनल बेहद कड़ा रहा। पहले गेम के ब्रेक तक कोरियाई खिलाड़ी 13-11 से मामूली बढ़त बनाए हुए थे। लेकिन सात्विक और चिराग ने हार नहीं मानी और अहम अंक हासिल करते हुए शानदार वापसी की और पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भी सात्विक और चिराग के लिए राह आसान नहीं थी जिसमें वे 11-14 से पीछे चल रहे थे। लेकिन भारतीय जोड़ी ने संयम बनाए रखा और पिछड़ने के बावजूद वापसी करते हुए कोरियाई जोड़ी को हराकर उलटफेर कर दिया। चिराग ने कहा कि जब हालात मुश्किल थे, तब उन्होंने और सात्विक ने एक-दूसरे का साथ दिया। उन्होंने कहा, जब हम पिछड़ रहे थे, तब भी हम एक-दूसरे का हौसला बढ़ाते रहे और डटे रहे। हमें पता था कि वे जरूर संघर्ष करेंगे और अगर हम अपनी रणनीति पर कायम रहे, तो हमें कामयाबी जरूर मिलेगी। हमें खुद पर यह भरोसा था और आखिरकार सब कुछ हमारे पक्ष में रहा।

सात्विक ने कहा, हम बस नेट की तरफ लगातार दबाव बनाते रहे। मुझे लगा कि वे बचाव करने की स्थिति में सहज महसूस नहीं कर रहे थे। हमारी शुरुआत हमेशा थोड़ी धीमी होती है, इसलिए हमें थोड़ा तालमेल बिठाने की जरूरत होती है। चिराग ने कहा कि उनकी जोड़ी सही दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हम सही दिशा में बढ़ रहे हैं। सुधार एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। कोई भी कभी भी पूरी तरह से परफेक्ट नहीं हो सकता। सुधार की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। हम लगातार खुद को बेहतर बनाने की कोशिश करते रहते हैं। इसी वजह से हमें लगता है कि हम सही दिशा में बढ़ रहे हैं।

# उलटफेर का शिकार हुए जोकोविच

एजेंसी

पेरिस। विश्व नंबर-एक यानीक सिनर के बाहर होने के बाद अब दिग्गज नोवाक जोकोविच के भी उलटफेर का

**फ्रेंच ओपन में नया पुरुष चैंपियन बनना लगभग तय**

शिकार हो जाने से फ्रेंच ओपन में पुरुष एकल खिताब की दौड़ पूरी तरह खुल गई है और यह तय हो गया है कि रोलां गैरो को नया चैंपियन मिलेगा। ब्राजील के 19 वर्षीय खिलाड़ी जोआओ



फोन्सेका ने तीसरे दौर में जोकोविच को पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में 4-6, 4-6, 6-3, 7-5, 7-5 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। यह मुकाबला दो घंटे से अधिक समय तक चला और अंत तक बेहद संघर्षपूर्ण रहा। जोकोविच के लिए यह हार उनके 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब के सपने पर बड़ा झटका साबित हुई। यह केवल दूसरी बार है जब वह दो सेटों की बढ़त गंवाकर कोई मैच हारे हैं। इससे पहले ऐसा 2010 में पेरिस में हुआ था। जोकोविच, डेनियल मेदवेदेव, मारिन चिलिच और स्टान वावरिंका जैसे सभी ग्रैंड स्लैम विजेता इस बार टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं, जिससे यह तय हो गया है कि सात जून को पुरुष एकल में नया चैंपियन ट्रॉफी उठाएगा।

### भारतीय महिला हॉकी टीम ने आस्ट्रेलिया से श्रृंखला बराबर की

पर्थ। भारतीय महिला हॉकी टीम चार मैचों की दोस्ताना श्रृंखला के आखिरी मैच में आस्ट्रेलिया से 2-3 से हार गई जिससे श्रृंखला 2-2 से बराबरी पर खत्म हो गई। भारत ने दूसरे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर नवनीत कौर के गोल के दम पर बढत बना ली थी। दूसरे क्वार्टर में दीपिका सोरेंग ने 23वें मिनट में गोल करके भारत की बढत दुगुनी कर दी। हाफटाइम तक स्कोर 2-0 था। आस्ट्रेलिया ने तीसरे क्वार्टर में एबी विल्सन (42वां) और ओलिविया डोनेस (44वां) के गोल के दम पर वापसी की।

# घुसपैठ रोकने को गृह मंत्रालय सख्त

## जिलाधिकारी सीमावर्ती जिलों में जनसांख्यिकीय परिवर्तनों पर कड़ी नजर रखें : शाह

एजेंसी



अहमदाबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जिलाधिकारियों को सीमावर्ती जिलों में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों की कड़ी निगरानी करने और नियमित रूप से रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। शाह ने शुक्रवार को भारत-पाक सीमा पर स्थित गुजरात के कच्छ जिले के भुज में आयोजित सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह भी कहा कि सीमावर्ती जिलों के प्रशासन को घुसपैठियों की पहचान करने और ड्रोन तथा मादक पदार्थों से संबंधित खतरों पर नजर रखने के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) तैयार करनी चाहिए। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है।

शनिवार को जारी विज्ञप्ति में शाह के हवाले से कहा गया है कि जिलाधिकारियों को सीमावर्ती जिलों में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों की कड़ी निगरानी करनी चाहिए और नियमित रूप से रिपोर्ट देनी चाहिए। गौरतलब है कि इस सप्ताह की शुरुआत में गृह मंत्री ने अवैध प्रवासन और अन्य अप्राकृतिक कारणों से भारत भर में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों का आकलन करने और इस समस्या से निपटने के उपाय सुझाने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति के गठन की घोषणा की थी। बैठक में शाह ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के 15 किलोमीटर के दायरे में अनधिकृत अतिक्रमण को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाने और सीमा क्षेत्रों में कट्टरपंथ से जुड़े केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखने पर बल दिया। शुक्रवार की इस बैठक में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी के साथ वरिष्ठ अधिकारी तथा कच्छ, वाव-थराद और पाटन जिलों के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक शामिल हुए। गृह मंत्री ने कहा कि सीमा क्षेत्रों में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के कारण लोगों का वापस आना एक स्वागत योग्य घटनाक्रम है और पुलिस थानों से लेकर पटवारियों तक सभी को मिलकर काम करना चाहिए ताकि अवैध घुसपैठियों की पहचान करके उन्हें वापस भेजने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने प्रत्येक ऐसे जिले में सुरक्षा समन्वय समूह गठित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया, जिनमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), तटरक्षक बल, आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और प्रमुख बैंकों के प्रबंधक शामिल हों। गृह मंत्री शाह ने कहा कि आयकर, धन शोधन विरोधी और सीमा शुल्क कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन की जिम्मेदारी जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और सीमा क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) पर होनी चाहिए। उन्होंने सीमा क्षेत्रों में हवाला लेनदेन, वित्तीय गतिविधियों, म्यूल अकाउंट, शेल कंपनी, संदिग्ध वाहनों तथा माल एवं सेवाकर (जीएसटी) संग्रह पर कड़ी निगरानी रखने पर भी जोर दिया। शाह ने कहा कि वित्तीय अपराधों से जुड़ी एजेंसियों को सीमा क्षेत्रों की गतिविधियों से अवगत रखा जाना चाहिए तथा आयकर विभाग को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सहयोग से व्यापक सर्वेक्षण अभियान चलाना चाहिए। उन्होंने तटीय सुरक्षा को प्राथमिकता देने और कच्छ के अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के निकट होने के कारण भारतीय तटरक्षक बल के साथ प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने पर भी बल दिया।

# गेहूं खरीद की समय सीमा बढ़ाने की मांग, रेल पटरी पर बैठे किसान



जयपुर। राजस्थान में हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा कस्बे में गेहूं खरीद की समय सीमा और खरीद का लक्ष्य बढ़ाने की मांग को लेकर सैकड़ों किसानों ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया तथा कुछ समय के लिए एक रेल लाइन को अवरुद्ध कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शनकारी करीब एक घंटे तक बीकानेर-हनुमानगढ़ रेल लाइन पर बैठे रहे जिससे आवाजाही बाधित हुई। उन्होंने बताया कि बाद में प्रशासन के समझाने-बुझाने पर प्रदर्शनकारी ट्रैक खाली करके अपने विरोध स्थल पर लौट गए। किसान सुबह सभा के लिए इकट्ठा हुए और अपने नेताओं की अपील पर सड़क पार करके करीब 50 मीटर दूर स्थित रेल लाइन पर पहुंचे। उन्होंने वहां धरना दिया। किसान गेहूं खरीद की समय सीमा बढ़ाने और खरीद का लक्ष्य बढ़ाने की अपनी मांगों को लेकर पिछले दो दिनों से उपखंड अधिकारी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस आंदोलन के तहत उन्होंने शुक्रवार को रास्ता भी रोका। प्रदर्शनकारियों के अनुसार मंडियों में अब भी बड़ी मात्रा में गेहूं पड़ा है जबकि खरीद की अवधि समाप्त होने वाली है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन के साथ कई दौर की बातचीत के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार और शुक्रवार को प्रशासन एवं किसान नेताओं के बीच कई दौर की चर्चाएं हुईं लेकिन बातचीत बेनतीजा रही। किसान नेता रघुवीर वर्मा ने कहा कि अधिकारियों के साथ बातचीत तो चल रही है लेकिन खरीद की तारीख आगे बढ़ाने और लक्ष्यों में संशोधन करने के संबंध में निर्णय केवल सरकारी स्तर पर ही लिए जा सकते हैं।

## संक्षेप

### ईरान समझौते पर विचार कर रहे ट्रंप लेकिन अभी अंतिम फैसला नहीं

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस में शुक्रवार को अपने सलाहकारों के साथ बैठक की लेकिन ईरान के साथ युद्धविराम की अवधि बढ़ाने और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने संबंधी प्रस्तावित समझौते पर अभी कोई अंतिम फैसला नहीं किया है। इस बीच ईरान ने भी कहा है कि यह समझौता अभी अंतिम रूप नहीं ले पाया है। बैठक से पहले ट्रंप ने कहा था कि वह इस मुद्दे पर अंतिम निर्णय लेने वाले हैं। हालांकि, बाद में प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के साथ लगभग दो घंटे चली बैठक बिना किसी निर्णय के समाप्त हो गई। अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि ट्रंप केवल उसी समझौते को मंजूरी देंगे जो उनकी तय शर्तों को पूरा करे और ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं पर अंकुश लगाए। ट्रंप ने यह उच्चस्तरीय बैठक ऐसे समय में की जब एक दिन पहले कई मीडिया संस्थानों ने खबर दी थी कि अमेरिकी और ईरानी वार्ताकार एक प्रारंभिक समझौते पर सहमत हो गए हैं ।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से लखनऊ निवासी दो भाइयों की मौत

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में लोकप्रिय पर्यटन स्थल तुंगनाथ-चोपता में तेज अंधड़, बारिश और आकाशीय बिजली की चपेट में आने से उत्तर प्रदेश के लखनऊ निवासी दो सगे भाइयों की मृत्यु हो गयी जबकि उनके दो अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि शुक्रवार शाम तेज अंधड़, बारिश और खराब मौसम में पर्यटकों के तुंगनाथ-चोपता में फंसे होने की जानकारी मिली जिसके बाद तत्काल बचाव एवं राहत टीम को घटनास्थल की तरफ रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचकर तेजी से राहत और बचाव का काम शुरू किया गया तथा तूफान से जूझते हुए गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को निकालकर एंबुलेंस के जरिए उखीमठ अस्पताल पहुंचाया गया। रजवार के मुताबिक, खराब मौसम के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से लखनऊके दो सगे भाइयों - अभिनव वाजपेई (19) तथा उसके बड़े भाई अभिषेक वाजपेई (22) की मौत हो गयी।

# ट्रंप की बेटी टिफनी ने देखा ताजमहल

एजेंसी



आगरा (उप्र)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी टिफनी ट्रंप ने शनिवार को यहां अपने पति माइकल बोलस के साथ विश्व धरोहर ताजमहल का दीदार किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि टिफ़नी पूर्वाह्न लगभग 11 बजे माइकल बोलस और कुछ करीबी दोस्तों के साथ ताजमहल पहुंचीं।

उन्होंने बताया कि करीब एक घंटे के इस दौरे के दौरान उन्होंने स्मारक परिसर के भीतर विभिन्न स्थानों पर तस्वीरें लीं। पर्यटक गाइड रमेश दीवान ने बताया कि टिफनी ने स्मारक के इतिहास और वास्तुकला में गहरी दिलचस्पी दिखाई एवं इसके निर्माण के बारे में कई सवाल पूछे।

उन्होंने बताया कि टिफनी ने यह भी पूछा कि ताजमहल के निर्माण में इस्तेमाल किए गए पत्थर कहां से लाये गये थे। दीवान ने बताया कि टिफनी ने ताजमहल की खूबसूरती की तारीफ की और इस अनुभव को अविश्वसनीय बताया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि टिफनी दिल्ली से एक चार्टर्ड विमान से आगरा हवाई अड्डे पर उतरने के बाद सड़क मार्ग से एक होटल गईं और फिर गोल्फ कोर्स मार्ग से होते हुए ताजमहल पहुंचीं एवं पूर्वी द्वार से ताजमहल परिसर में प्रवेश किया।

उन्होंने बताया कि इस हाई-प्रोफ़ाइल दौरे के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे और अधिकारियों ने हवाई अड्डे से ताजमहल तक एक हाई-सिक्योरिटी कॉरिडोर बनाया था। सूत्रों ने बताया कि मार्ग पर और स्मारक के आसपास अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात किये गये थे।

# वर्जीनिया में बस ने कई कारों को टक्कर मारी, पांच की मौत, 34 घायल

एजेंसी



स्टेफोर्ड (अमेरिका)। अमेरिका में बृहस्पतिवार देर रात को वर्जीनिया के इंटरस्टेट 95 पर एक बस ने कई वाहनों को टक्कर मार दी जिससे पांच लोगों की मौत हो गई और चालक सहित कई लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ये वाहन एक स्थल पर निर्माण कार्य होने के कारण वहां से धीमी गति से गुजर रहे थे।

पुलिस ने बताया कि दुर्घटना स्टेफोर्ड काउंटी में क्वांटिको के पास दक्षिण की ओर जाने वाले आई-95 मार्ग पर देर रात लगभग 2:35 बजे हुई। उन्होंने बताया कि मरने वाले सभी पांच लोग उन वाहनों में सवार थे जिन्हें बस ने टक्कर मारी थी और 44 लोगों को अस्पतालों में ले जाया गया जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। राज्य पुलिस ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि निर्माण की गतिविधि के कारण क्षेत्र में दक्षिण की ओर यातायात धीमा था। एक बस गति धीमी करने में विफल रही और छह वाहनों से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि बस में करीब 34 यात्री सवार थे। घटनास्थल पर मौजूद संघीय परिवहन प्रशासन के प्रवक्ता पेटन वोगेल ने कहा, कई अस्पतालों में मरीज भर्ती हैं। ड्राइवर भी यहीं एक अस्पताल में भर्ती है। यह अब तक की सबसे दुखद दुर्घटनाओं में से एक है। बेहद दुखद। घटना में मारे गए चार लोग एक ही कार में सवार थे जिसमें आग लग गई थी। राज्य पुलिस ने बताया कि मृतकों में 45 वर्षीय पुरुष, 44 वर्षीय महिला, 13 वर्षीय लड़की और सात वर्षीय लड़का शामिल हैं, सभी मैसाच्युसेट्स के ग्रीनफील्ड के रहने वाले थे। पुलिस ने उनके नाम जारी नहीं किए लेकिन ग्रीनफील्ड के एक स्कूल के एक बयान में कहा गया है घटना में मारे गए लोग दिमित्री और एकातेरिना डोंसेव तथा उनकी बेटी एमिली और बेटा मार्क था। स्कूल ने बताया कि बच्चे उन्हीं के स्कूल में पढ़ते थे। घटना में मैसाच्युसेट्स के वॉर्सेस्टर की एक अज्ञात 25 वर्षीय महिला भी मारी गई है जो एक एसयूवी में थी जिसे बस ने टक्कर मार दी थी।

# सरकार मराठा समुदाय के हित में लेगी निर्णय : फडणवीस

एजेंसी



नागपुर। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार मराठा समुदाय की आरक्षण संबंधी मांगों को पूरा करने के प्रति सकारात्मक है और समुदाय के हित में निर्णय लेना जारी रखेगी, साथ ही यह भी सुनिश्चित करेगी कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के साथ कोई अन्याय न हो। उन्होंने कहा कि सरकार आरक्षण के मुद्दे पर ऐसे निर्णय लेगी, जो संविधान और अदालतों की कसौटी पर खरे उतर सकें तथा कानूनी जांच में टिक सकें।

फडणवीस ने कहा कि ईंधन की बढ़ती कीमतें वैश्विक ऊर्जा संकट से जुड़ी हैं और अंतरराष्ट्रीय स्थिति में सुधार होने पर इनके दाम स्थिर हो जाएंगे। नागपुर के भांडेवाड़ी में संपीड़ित बायोगैस संयंत्र का निरीक्षण करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में फडणवीस से मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के बारे में पूछा गया। जरांगे ने शनिवार को जालना जिले में भीषण गर्मी के बीच अपना नौवां अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया, जिससे आरक्षण के मुद्दे पर राज्य सरकार पर दबाव और बढ़ गया। मुंबई से लगभग 400 किलोमीटर दूर स्थित अंतरवाली सराटी गांव में जरांगे ने भीषण गर्मी के बावजूद बिना किसी टेंट या सुरक्षात्मक आश्रय के खुले मैदान में अनशन शुरू किया।

**ओबीसी के साथ नहीं होगा अन्याय**

जरांगे ने मराठा समुदाय के लोगों को ओबीसी आरक्षण का लाभ दिलाने के लिए कुनबी जाति प्रमाणपत्र जारी करने, हैदराबाद और सतारा गजट अभिलेखों को लागू करने तथा आरक्षण आंदोलन में भाग लेने वाले मराठा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने की मांग दोहराई है। जरांगे के अनशन के बारे में पूछे जाने पर फडणवीस ने कहा, सरकार इस मुद्दे पर हमेशा सकारात्मक रही है। जब-जब कठिनाइयां आईं, सरकार ने निर्णय लिए। सरकार का रुख पारदर्शी और सकारात्मक है तथा भविष्य में भी ऐसा ही रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार सभी समुदायों के लिए काम करती है और सामाजिक समूहों के बीच टकराव पैदा नहीं करती। उन्होंने कहा, मेरे और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा मराठा समुदाय के लिए जो निर्णय लिए हैं, वे इतिहास में पहले कभी नहीं लिए गए। हम समुदाय के हित में निर्णय लेना जारी रखेंगे।

### अफगान में दुर्घटनाग्रस्त ट्रक में 22 की मौत

काबुल। पूर्वी अफगानिस्तान में शनिवार को पड़ोसी देश पाकिस्तान से लौट रहे अफगान शरणार्थियों से भरा एक ट्रक राजमार्ग पर पलट गया जिससे कम से कम 22 लोगों की जान चली गई और 36 अन्य घायल हो गए। हताहतों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रांतीय गवर्नर के प्रवक्ता अब्दुल मलिक नियाज़ई ने बताया कि यह दुर्घटना लग़मान प्रांत में उस मुख्य राजमार्ग पर हुई, जो राजधानी काबुल को नंगरहार प्रांत से जोड़ता है। उन्होंने बताया कि मृतकों में 10 बच्चे और पांच महिलाएं शामिल हैं और घायलों को इलाज के लिए नंगरहार के अस्पतालों में ले जाया गया है।

## इंटरटेनमेंट...

# फिल्म 'काला हिरण' का पोस्टर जारी




**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान से जुड़ा काला हिरण शिकार मामले पर आधारित अपकमिंग फिल्म काला हिरण का पोस्टर शुक्रवार को जारी किया गया। फिल्म का फर्स्ट लुक और टीजर 20 जून को जारी किया जाएगा। फिल्म में सलमान खान और गैंगस्टर लॉरेंस के बीच के विवाद को

**सलमान खान-लॉरेंस विवाद और काला हिरण शिकार मामले पर आधारित कहानी दिखेगी**

दिखाया जाएगा। हालांकि, यह जानकारी सामने नहीं आई है कि इसमें कौन लीड रोल में है। वहीं, इसके पोस्टर में जो एक्टर दिखा है, वह जाना-पहचाना नहीं है। फिल्म को लेकर कअठर से बात करते हुए फिल्म के प्रोड्यूसर अमित जानी ने कहा, '1998 में जोधपुर के कांकाणी गांव में सलमान खान पर काला हिरण के शिकार का आरोप लगा था। उस मामले से जुड़े कोर्टरूम ड्रामा, क्राइम, थ्रिलर और लॉरेंस व सलमान खान के बीच की दुश्मनी को फिल्मी रूप में पेश किया गया है। फिल्म की शूटिंग संभल, मुरादाबाद और उत्तर प्रदेश के अन्य शहरों में हुई है। उन्होंने आगे कहा, 'उस समय हुए कथित काला हिरण शिकार, सलमान खान की गिरफ्तारी और सजा से जुड़े घटनाक्रम को फिल्म में दिखाया गया है। इस फिल्म के पोस्टर का लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था। लोग सलमान खान, लॉरेंस और काला हिरण शिकार मामले पर आधारित एक सिनेमाई कहानी का इंतजार कर रहे थे। 20 जून को हम फिल्म का फर्स्ट लुक और टीजर जारी करेंगे। सलमान खान से जुड़ा काला हिरण शिकार मामला साल 1998 में सामने आया था, जब वो जोधपुर में फिल्म 'हम साथ-साथ हैं' की शूटिंग कर रहे थे। सलमान के खिलाफ कुल चार केस दर्ज किए गए थे।

इनमें दो चिंकारा शिकार मामले, एक कांकाणी काला हिरण शिकार मामला और एक आर्म्स एक्ट का मामला शामिल था। काला हिरण शिकार मामले में बिश्नोई समुदाय की शिकायत पर सलमान के साथ सैफ अली खान, तब्बू, सोनाली बेंद्रे और नीलम के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया था।

# रणवीर के समर्थन में आये राम गोपाल वर्मा

**मुंबई।** 'डॉन 3' विवाद के बीच फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा रणवीर सिंह के सपोर्ट में सामने आए हैं। साथ ही उन्होंने फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज द्वारा रणवीर के खिलाफ जारी 'नॉन-कोऑपरेशन डायरेक्टिव' (असहयोग निर्देश) पर भी सवाल उठाए। एफडब्ल्यूआईसीई को बैन करो, रणवीर सिंह को नहीं। गांधीजी के अंदाज वाला यह तथाकथित बैन या असहयोग आखिरकार एफडब्ल्यूआईसीई के लिए ही एक बड़ा मजाक बन जाएगा। एफडब्ल्यूआईसीई जिस तरह इसे इंडस्ट्री या कर्मचारियों की सुरक्षा बता रहा है, असल में मामला वैसा नहीं है। यह एक पुरानी और बेकार यूनियन सिस्टम की ताकत दिखाने की कोशिश भर है, जो किसी तरह अपना प्रभाव बनाए रखना चाहती है। चाहे ऋहकउए यह दावा करे कि वह 5 लाख या 50 लाख कर्मचारियों की आवाज है, लेकिन सच्चाई यह है कि उन लाखों लोगों में से ज्यादातर को दोनों पक्षों के बीच चल रहे विवाद की असली जानकारी तक नहीं है। एफडब्ल्यूआईसीई न तो कोई लीगल कोर्ट है और न ही सरकार से ऑथराइज्ड रेगुलेटरी बॉडी। ज्यादा से ज्यादा इसे एक 'कंगारू कोर्ट' कहा जा सकता है, यानी ऐसी व्यवस्था जो न्याय देने का दावा तो करती है, लेकिन वास्तव में कानूनी नियमों, फेयर प्रोसेस और न्यूट्रैलिटी को नजरअंदाज करती है।

**डॉन 3 विवाद पर बोले- एफडब्ल्यूआईसीई को बैन करो, एक्टर को नहीं**

### माधुरी दीक्षित का फेक वीडियो वायरल

**मुंबई।** माधुरी दीक्षित का जो वीडियो सामने आया है, उसमें वह एक अवॉर्ड फंक्शन में बैठी दिखाई दे रही हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक्ट्रेस एक रिवीलिंग ब्लैक ड्रेस में दिख रही हैं, जिसे देखकर कई लोगों ने उनके पहनावे पर कमेंट करने शुरू कर दिए। हालांकि, वीडियो को लेकर पत्रकार जयदीप पांडेय ने दावा किया कि यह वीडियो फेक अक वीडियो है। जयदीप ने एक यूजर को रिप्लाई करते हुए लिखा, 'यह माधुरी दीक्षित का अक से बनाया गया फर्जी वीडियो है। कृपया ऐसी कोई भी चीज पोस्ट या शेयर करने से पहले उसकी सच्चाई की जांच जरूर कर लें।

# चंबल की लोककथाओं पर बेस्ड होगी 'शक्तिशालिनी'



**मुंबई।** रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म में शालिनी का किरदार डर और शक्ति दोनों का मिश्रण होगा। मेकर्स ने उनके ट्रांसफॉर्मेशन को विजुअली अलग दिखाने की कोशिश की है। कभी डकैतों और खूनी संघर्षों की कहानियों के लिए चर्चा में रहने वाले चंबल के बीहड़ इन दिनों एक अलग वजह से सुर्खियों में हैं। इस बार वहां फिल्मों की शूटिंग का माहौल देखने को मिल रहा है। मैडॉक फिल्म्स ने

**असली बीहड़ों में पहुंचे मेकर्स, अनीत पड्डा का रहस्यमयी किरदार, विशाल का खतरनाक अवतार**

अपनी अगली फिल्म 'शक्तिशालिनी' की शूटिंग के लिए मुंबई और हैदराबाद के स्टूडियो सेट्स की बजाय चंबल के असली बीहड़ों को चुना है। 'स्त्री, 'भेड़िया' 'मुंज्या' और 'थामा' जैसी फिल्मों के बाद मैडॉक अब एक नई हॉरर-ड्रामा फिल्म पर काम कर रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में तंत्र-विद्या, लोककथाएं, चंबल की पृष्ठभूमि और एक्शन का मिश्रण देखने को मिल सकता है। इसमें अनीत पड्डा, विशाल जेठवा और विनीत कुमार सिंह नजर आएंगे। फिल्म से जुड़े सूत्रों के मुताबिक 'इसमें चंबल को सिर्फ एक शूटिंग लोकेशन नहीं, बल्कि कहानी के अहम हिस्से के तौर पर दिखाया जाएगा। बीहड़ों की वीरानी, गुफाएं, मिट्टी और रात का सन्नाटा फिल्म के माहौल को और प्रभावी बनाएंगे।

'मदार्नी 2' से पहचान बनाने वाले विशाल जेठवा इस फिल्म में बिलकुल नए और इंटेंस अवतार में नजर आने वाले हैं। शुरूआती शूटिंग के दौरान उन्हें स्कूल यूनिफॉर्म में देखा गया था, जिससे माना जा रहा है कि कहानी का एक हिस्सा किरदारों के बचपन या फ्लैशबैक से जुड़ा हो सकता है। हालांकि बाद में उनका लुक पूरी तरह बदलता दिखाई दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक 'फिल्म के लिए मेकर्स ने स्टूडियो सेट्स का सहारा लेने के बजाय चंबल के असली बीहड़ों के बीच एक बड़ा सेट तैयार किया। बताया जा रहा है कि करीब 15 दिनों की मेहनत के बाद वहां प्राचीन तांत्रिक गुफाओं जैसा माहौल बनाया गया। इन गुफाओं की डिजाइन लोककथाओं, पुराने मंदिरों और मध्य भारत की तांत्रिक परंपराओं से प्रेरित है।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com